www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 13 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 92 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ऐसा लगता है कि भारत से कुछ स्वानाम धन्य नेताओं के बीच पाकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से नवाजे जाने की होड़ लग गई है। उन्हें पता है कि भारत में तो उन्हें कोई सम्मान मिलना नहीं है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और डॉ. फारुक अब्दुल्ला अक्सर पाकिस्तान की भाषा बोलते ही रहते हैं। अब कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने भी पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने की धमकी देते हुए कहा है कि भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान का सम्मान करें। पाकिस्तान परस्त ऐसे नेताओं को पाकिस्तान तत्काल अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजे।

लोकसभा चुनाव: चौथा चरण आज बंगाल में भारी सुरक्षा व्यवस्था

कोलकाता, (वार्ता)। पश्चिम बंगाल में सोमवार को आठ लोकसभा सीटों पर चौथे चरण का मतदान होगा।

पांच जिलों में फैले 15,507 से अधिक मतदान केंद्रों पर 71,45,379 महिलाओं और 282 तीसरे लिंग के मतदाताओं सहित कुल 1.5 करोड़ से अधिक लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस चरण में 16 महिलाओं उम्मीदवारों सहित लगभग 75 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

अब सीबीएससी स्कूलों में प्राइमरी कक्षा से पढ़ाई जाएगी मातृभाषा

रायपुर/नवप्रदेश। एजुकेशन सेक्टर में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा को रीजनल लैंग्वेज में पढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अनुसार विद्यालयों में बच्चों कि शुरुआती शिक्षा मातृभाषा या रीजनल भाषा में होगी। इसके लिए सीबीएससी की ओर से किताबें भी तैयार की जा रही हैं। इसे तीन से आठ साल की उम्र के बच्चों के लिए बनाया जा रहा है। इन किताबों को लैंग्वेज प्राइमर का नाम दिया गया है। नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ लैंग्वेजेस (आईआईएल) कि ओर से बच्चों के लिए देश की 52 भाषाओं में मटेरियल तैयार किया जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम को बीएचयू हृदय रोग विभागाध्यक्ष का खुला पत्र

नई दिल्ली/बनारस, (वार्ता)। बीएचयू हृदय रोग विभागाध्यक्ष ने पीएम मोदी को खुला पत्र जारी कर अस्पताल की दशा सुधारने और मरीजों को राहत देने की मांग करते हुए शासन-प्रशासन को हिला कर रख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने संसदीय क्षेत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्याल (बीएचयू) में करीब 400 करोड़ रुपए की लागत वाली सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के उद्घाटन के करीब दो वर्षों के बाद भी यहां हृदय रोग विभाग के लिए निर्धारित 90 बिस्तर नहीं देने से नाराज है। अस्पताल को मरीजों के आवंटित करने पर 'डिजीटल ताला' के जरिए रोक लगाने के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे यहां के विभागाध्यक्ष डॉ. ओम शंकर ने रविवार को प्रधानमंत्री के नाम एक खुला पत्र लिखकर उनसे तत्काल हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खड़गे के सहयोगी दलों को पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया अनुचित- गहलोत

जयपुर, (वार्ता)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को लिखे गए पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया को अनुचित एवं अनचाही करार दिया है। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि श्री खड़गे के सहयोगी दलों को लिखे पत्र पर चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया पूर्णतः अनुचित एवं अनचाही है। उन्होंने कहा कि श्री खड़गे द्वारा उठाए गए सवालों पर आए चुनाव आयोग के इस पत्र की भाषा एक संवैधानिक संस्था से ज्यादा राजनीतिक दल की लग रही है।

छत्तीसगढ़ महतारी के ये लाल... जिनकी 'महतारी' ने बनाई पहचान

अपने स्कूली बच्चे विजय को मां ने ही सबसे पहले चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया तो एक महतारी ने पिता बनकर अपने विष्णु को जिम्मेदार बनाया और ममत्व लुटाकर गरीबों की आवाज़ बुलंद करने लायक बनाया... पहली दफा दिग्गज राजनेता के खिलाफखड़े होने और लड़ने से पूर्व मां ने अपने मोहन को आशीर्वाद लुटाया, आज छत्तीसगढ़ महतारी के तीनों लाल... जिनकी महतारी ने ही बनाई पहचान ...वो प्रदेश के बाद अब देश की संभावना बनने तैयार हैं।

हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा एवं अपने मतदाताओं का ही नहीं विरोधियों का भी मन मोह लेने वाले शिक्षा मंत्री बृजमोहन हैं। आठ बार के अजेय विधायक बृजमोहन अग्रवाल रायपुर की राजनीति के लिए एकमात्र जरुरत भी बन गए हैं। दिग्गज कहते हैं मां के बारे में क्या लिखूं... उन्होंने तो हमें और सबको लिखा है... अजेय, अजीत और चुनावी प्रबंधन के चाणक्य के संबंध में लोग कहते हैं इस बार लोकसभा में भी इतिहास रचने वाले हैं। छत्तीसगढ़ के इन तीनों लालों में इस बार बिरजू को मां की कमी भीतर ही भीतर कचोट रही है, लेकिन अजेय योद्धा को निश्चित ही मां इस बार भी जीतकर आता देखेंगी... मातृ दिवस पर मां का अनुशासन, दुलार और संस्कार तीनों की जुबानी...

मुख्यमंत्री साय बोले, मां ने पिता बनकर पाला हमें

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मां जसमनी देवी ने पति के निधन के बाद तीन बेटों की परवरिश की। पढ़ाई में हमेशा मजबूत रहना सिखाया, मां को घर की हर जिम्मेदारी निभाता देख 'विष्णु' में भी जिंदगी से जूझने का माद्दा आ गया। गांव की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से जूझने का जज्बा भी मां के संस्कार से आया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि लोगों की आवाज बेटा बने ये उनकी मां भी चाहती थी। मां ने ही उन्हें सार्वजनिक जीवन जीने को कहा। वो गांव के पंच और फिर सरपंच बने, विधायक, सांसद के साथ ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहला चुनाव, जब मां की फोटो से आशीर्वाद ले रहा था

जब भी धूप में जाता था चुनाव प्रचार करने, तो वो कहती थीं- जेब में प्याज लेकर जाओ, धूप से बचकर रहना, मुझे आम का पना बनाकर देती थीं, खाली पेट घर से निकलने नहीं देती थी। बीच-बीच में चुनाव के बारे में जानकारी लेती थी। पूछती थीं सब ठीक चल रहा है न। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधायकी के पहले चुनाव का पर्चा मां पिस्ता देवी के पैर छूकर भरा था। लगातार 8 बार चुनाव जीते हैं। पहली दफे लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, इस बार मां साथ नहीं हैं। मंत्री बृजमोहन के मुताबिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डिप्टी सीएम-एचएम बनने से पहले सीखे धर्म का पाठ

मां का दुलार, प्यार और संस्कार का ही प्रभाव है कि धर्म के लिए लड़े, जेल भी गए और फिर चुनाव जीतकर आज छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री जैसे दो अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बेबाक-बेख़ौफ़ डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज भी अपनी मां से डरते भी हैं और अपनी सफलता का श्रेय भी उन्हें ही देते हैं। उनके मुताबिक वो पढ़ लिखकर कोई नौकरी करने वाले थे, लेकिन स्कूल के सहपाठियों की चाहत और मां के आदेश पर पहली बार छात्रसंघ चुनाव लड़ा, जीता और जीवन में नया मोड़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेरी माँ कौशल्या को नमन...

जिन्होंने महज चौथी तक पढ़ाई की थी, लेकिन उन्होंने मुझे एक विजन दिखाया और बाबूजी की जगह मिल रही अनुकम्पा की सरकारी नौकरी करने से मुझे मना कर दिया। सदैव बड़े लक्ष्यों के लिये प्रेरित किया है, जीवन में मेरी हर सफलता के पीछे मेरी माँ का आशीर्वाद, संघर्ष एवं त्याग का योगदान है।

मांग लूं यही मन्नत कि फिर यही जहां मिले..

फिर वही गोद फिर वही माँ मिले.. वो 'शून्य' जो कभी भरा नहीं जा सकता. अब सिर्फ यादें हैं।

स्वर्ग है उसके चरणों में, माँ है जिसका नाम

माँ ही सारे तीरथ जग के, माँ ही है चारों धाम।। विश्व मातृ दिवस पर मातृशक्ति को प्रणाम, बधाई एवं शुभकामनाएं..

बेल पर जेल से बाहर केजरीवाल के तेवर.. जनता को दी अपनी 10 गारंटी

■ बीजेपी को मात देने कहा, इंडिया समूह की सरकार बनी तो सभी का मुफ्त इलाज

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी बेल पर जेल से बाहर हैं। वे अति उत्साहित नजर आ रहे हैं। उनका तेवर दिखने लगा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मात देने एक रणनीति के तहत घोषणा की है। इसके लिए उन्होंने जनता को 10 गारंटी दी है। केजरीवाल ने कहा है कि देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित कराने समेत दस गारंटी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर वह अपने सहयोगी दलों से इसे पूरा करवायेंगे।

एमएसपी के अनुसार सभी फसलों की खरीदारी : उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का पूरा दाम

दिया जाएगा। एमएसपी के अनुसार सभी फसलों की खरीदारी की जाएगी। आप नेता ने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाया जाएगा। यह यहां के लोगों की बहुत पुरानी मांग है। आप नेता ने कहा कि सरकार बनने पर एक साल में दो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हर स्तर पर होगी अच्छे इलाज की व्यवस्था

केजरीवाल ने कहा कि अगर किसी देश के अंदर शिक्षा की कमी है तो वह देश आगे नहीं बढ़ेगा। इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश के सभी सरकारी स्कूलों को शानदान बनायेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि अगर देश की जनता स्वस्थ्य होगी तो देश की तरक्की होगी। सभी के लिए अच्छे इलाज का इंतजाम किया जाएगा। देश के सभी लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। देश भर में मोहल्ला क्लिनिक, अस्पताल बनाया जाएगा ताकि लोग अच्छा इलाज पा सकें।

बंद कर देंगे अग्निवीर योजना

उन्होंने कहा चीन के कब्जे से सारी जमीन को वापस लायेंगे। इसके लिए कूटनीति के साथ सेना को भी स्वतंत्रता देंगे। अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। अब तक जो अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती हुए हैं उन्हें पक्का किया जाएगा। सेना पर जितना पैसा खर्च करने की जरूरत है उसे किया जाएगा। देश की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

मोदी की गारंटी का भरोसा नहीं ..पर हमारी है

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का कोई भरोसा नहीं, लेकिन केजरीवाल की गारंटी पर सभी को भरोसा है। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में लोगों को जो गारंटी दी है उसे पूरा करके दिखाया है लेकिन प्रधानमंत्री ने हर साल दो करोड़ लोगों नौकरी देने और हर नागरिक के खाते में पंद्रह लाख देने समेत किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर देश भर में चौबीस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

45 से ज्यादा उम्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जाए प्रमोशन

■ हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि या तो नियम बदलें या उम्र की सीमा में छूट दें

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रमोशन में उम्र की सीमा को गलत बताया है। हाई कोर्ट ने सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि या तो नियम बदलें या उम्र की सीमा में छूट दें। न्यायालय के इस आदेश से उन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है जो 45 वर्ष से अधिक होने के कारण पदोन्नति पाने से वंचित हो रही थी।

ये है मामला

मामले के अनुसार राज्य सरकार ने 2021 में 200 पद तथा 2023 में 440 पद सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए निकाले थे। इनमें से 50 प्रतिशत पदों को सीधी भर्ती से भरा जाना था। शेष 50 प्रतिशत में

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पदोन्नति के माध्यम से मौका दिया जाना था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने अलग-अलग याचिका दायर कर बताया था कि उन्होंने लंबे समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं दी हैं, लेकिन उम्र सीमा 45 वर्ष निर्धारित करने के कारण भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। एक अन्य याचिकाकर्ता सुषमा दुबे को इसी आधार पर चयन होने के बावजूद पदोन्नत नहीं किया गया।

सभी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर नहीं बनाए जा सकते। मामले की सुनवाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्म के आधार पर आरक्षण किसी हालत में नहीं: मोदी

■ पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के औद्योगिक शहर बैरकपुर में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा

बैरकपुर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दोहराया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देगा क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया समूह मुस्लिम समुदाय के लिए प्रयास कर रहा है।

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के औद्योगिक शहर बैरकपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अर्जुन सिंह के पक्ष में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए अनुसूचित

जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जात (एससी) के लिए मौजूदा आरक्षण में कटौती से इनकार कर दिया। उन्होंने नागरिकता संशोधन (सीएए) को लागू करने के लिए प्रतिज्ञा व्यक्त की, जो उन शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए है जो दुनिया के अन्य हिस्सों से धार्मिक आधार पर उत्पीड़न किये जाने के बाद भारत आए।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे खराब शासन ममता का

मोदी ने संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार और भ्रष्टाचार की श्रृंखला के लिए सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार को स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे खराब शासन के रूप में वर्णित किया। प्रधानमंत्री ने रैली में लोगों की उपस्थिति, विशेषकर महिलाओं की बढ़ती संख्या को देखने के बाद कहा,मैं इस बार 2019 की तुलना में बहुत बड़ा बदलाव देख सकता हूं। मैं अगले पांच वर्षों में आम लागों के लिए गारंटर के रूप में खड़ा रहूंगा।

वो गिन रहे नोट, हम करेंगे जातिगत गिनती...

वीडियो जारी कर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कसा तंज

नई दिल्ली, (ए.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर एक वीडियो डालकर बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। राहुल ने लिखा है 'वो 10 साल से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोटों की गिनती' कर रहे हैं, हम 'जातिगत गिनती' से देश का एक्सरे कर, हर वर्ग की न्यायपूर्ण हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे।

वीडियो में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के रुप में कालाकारों को दिखाया गया है, जो चुनाव प्रचार के लिए लोगों के बीच जाते हैं। इस दौरान लोगों के द्वारा उन्हें कुर्सी बैठने के लिए दी जाती है।

इस पर पीएम के रोल में नजर आने वाला शख्स कहता है- गिनती तो करो। फिर लोगों की तरफ से जवाब दिया जाता है, वही तो, अंकल गिनती तो करो। वीडियो में कांग्रेस ने जातिगत गिनती की बात की है, जो राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में भी लिखा है। साथ ही पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में भी जातिगत जनगणना करने का वादा किया है।

1951 में हुई थी जातिगत जनगणना

बता दें कि आजादी के बाद 1951 में जब पहली जनगणना हुई तो इसमें जातिगत आंकड़ों को सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तक सीमित कर दिया गया था। इसके बाद साल 1961, 1971, 1981, 1991, 2001 और 2011 में जो भी जनगणना हुई, उसमें भी सरकार ने जातिगत जनगणना से दूरी बनाए रखी। यह भी कहा गया कि डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते साल 2011 में जो आखिरी जनगणना हुई थी, उसमें जातिगत आंकड़े भी दर्ज किये गए थे, लेकिन यह डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया था।

गरमा-गरम

भक्ति गंगा.. गंगोत्री, यमुनोत्री, केदार और बदरीनाथ दर्शन के लिए पहुंचने लगे हैं देश-विदेश से श्रद्धालु

चारधाम यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पुलिस की बढ़ी सिरदर्दी

देहरादून, (वार्ता) उत्तराखंड स्थित श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री केदार और श्री बदरीनाथ अर्थात चारो धामों के कपाट खुलते ही, देश और विदेश के श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने लगी है। ऐसे में पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में खासी दिक्कत होने लगी है। भक्तों की बड़ी संख्या और पर्वतीय क्षेत्रों में अनिश्चित मौसम के दृष्टिगत, रविवार सुबह श्री यमुनोत्री जाने वालों को पुलिस की ओर से आज यात्रा न करने की सलाह दी गई। बाद में तीसरे पहर, पुनः यात्रा शुरू करा दी गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्रोच्चार के साथ भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम के खुले कपाट

चमोली, (वार्ता)। विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री बद्रीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को शुभ मुहूर्त पर सुबह 6 बजे पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल गए। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। कपाट खुलने के मौके पर पहले दिन विशेष पूजा अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के शुभ अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाडो की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए एक साथ मतदान

■ **आंध्र प्रदेश में 25 लोकसभा और 175 विधानसभा सीटों के लिए सोमवार को वोट डाले जाएंगे**

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी और विभिन्न राजनीतिक दलों के कई अन्य प्रमुख नेताओं के जोशीले भाषणों वाले चुनाव प्रचार के बाद आंध्र प्रदेश में 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई, सोमवार को एक साथ मतदान होगा.

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जगनमोहन (पुलीवेंदुला), तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू (कुप्पम) और जनसेना प्रमुख व अभिनेता पवन कल्याण (पीतमपुरम) विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और जगनमोहन की बहन वाई. एस. शर्मिला कडप्पा सीट से और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष पुरंदेश्वरी राजामहेंद्रवरम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं.

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी राज्य में विधानसभा की सभी 175 और सभी 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है.

25 लोकसभा सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे. इनमें अराकू (एसटी), श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम (एससी), राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम,

विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसरावपेट, बापटला (एससी), ओंगोल, नांदयाल, कुरनूल, नेल्लोर, तिरुपति (एससी)), राजमपेट और चित्तूर (एससी) लोकसभा सीट शामिल हैं.

वाईएसआर कांग्रेस का प्रचार अभियान पिछले पांच साल में लागू किए गए कल्याणकारी कदमों पर केंद्रित रहा जबकि राजग ने राज्य सरकार की विफलताओं और राज्य में सत्ता में आने पर दिए जाने वाले फायदों पर जोर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राजनाथ सिंह और अमित शाह समेत कई केंद्रीय नेताओं और कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया।

मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने 1.06 लाख सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है जिनमें कर्नाटक पुलिस के 3,500 कर्मी, तमिलनाडु पुलिस के 4,500 कर्मी, 1,614 पूर्व कर्मी और 246 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी शामिल हैं. आंध्र प्रदेश में मतदान सुबह सात बजे आरंभ होगा और शाम छह बजे तक जारी रहेगा. कुछ स्थानों पर मतदान एक या दो घंटे पहले समाप्त होगा।

बीजेपी 10 विधानसभा और 6 लोकसभा सीटों पर चुनाव

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के साझेदारों के बीच सीट के बंटवारे के तहत टीडीपी 144 विधानसभा और 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि भाजपा छह लोकसभा और 10 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है. जनसेना दो लोकसभा सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है. पिछले विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 151 सीट, टीडीपी ने 23 और जनसेना ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी जबकि सत्तारूढ़ पार्टी ने लोकसभा की 22 और चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली पार्टी ने तीन लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी।

मोदी संग बहस के निमंत्रण को राहुल गांधी ने किया स्वीकार

■ **बीजेपी का पलटवार, बोली- वह तो पीएम फेस भी नहीं**

नई दिल्ली। देशभर में इन दिनों लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बरकरार है. राजनीतिक दलों की ओर से दावों और प्रतिदावों का दौर लगातार जारी है. कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दो पूर्व जजों की ओर से पेश चुनावी बहस के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहस के लिए तैयार हैं. राहुल गांधी के इस बयान के बाद भाजपा ने पलटवार किया है. बीजेपी ने कहा कि राहुल गांधी तो प्रधानमंत्री पद का चेहरा तक नहीं हैं. भाजपा के फायरब्रांड नेता और सांसद तेजस्वी सूर्या ने राहुल गांधी कौन हैं, जिनसे प्रधानमंत्री को बहस करनी चाहिए।

दरअसल, रिटायर्ड जस्टिस मदन बी.लोकुर, जस्टिस रिटायर्ड अजीत पी. शाह और वरिष्ठ पत्रकार एन.राम ने लोक सभा चुनाव-2024 के मद्देनजर प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं को सार्वजनिक बहस में हिस्सा लेते हुए अपने एजेंडे से जनता को अवगत कराने का विचार दिया था. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं. एक सवाल के जवाब में कांग्रेस सांसद ने कहा था कि वह किसी से भी बहस करने को तैयार हैं. यहां तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी।

बीजेपी का पलटवार

राहुल गांधी के पीएम मोदी के साथ बहस करने के बयान के बाद भाजपा ने पलटवार किया है. भाजपा के फायरब्रांड नेता तेजस्वी सूर्या ने पूछा कि राहुल गांधी कौन हैं, जिनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहस करनी चाहिए बीजेपी नेता ने कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक में राहुल गांधी की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को बहस के लिए आमंत्रित करने से पहले वह विपक्षी दल की ओर से खुद को प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित करवाएं. तेजस्वी सूर्या ने कहा, 'राहुल गांधी कौन हैं, जिनसे पीएम मोदी को बहस करना चाहिए राहुल गांधी तो कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा तक नहीं हैं. इंडिया ब्लॉक को तो छोड़ ही दीजिए. पहले उन्हें कांग्रेस का पीएम कैंडिडेट बनने तो दीजिए. तब तक हमलोग उनके लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रवक्ता को तैनात कर देते हैं जो उनसे बहस करेंगे।'

विपक्षियों के पाप गंगा में भी नहीं धुलेंगे..

■ **उत्तराखंड के सीएम धामी ने कहा- भ्रष्टाचार को छुपाने...**

जौनपुर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और बीजेपी के नेता पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षियों के पाप गंगा मैया में भी नही धुल सकेंगे. पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जिले के बदलापुर में संसदीय क्षेत्र जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में आयोजित 'युवा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि 'सपा, कांग्रेस और बसपा को यह पता है कि इनकी लोकसभा चुनाव में हार निश्चित है.' उन्होंने कहा कि 'ये लोग चुनाव अपने परिवार को बचाने, पापों, भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए लड़ रहे हैं, पर विपक्षियों के पाप गंगा मैया में भी नही धुल सकेंगे.'

अपने संबोधन में धामी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'हाल ही में आए एक जनसंख्या आकलन में 1950 से अब तक देश में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की घटती संख्या को दर्शाया गया है. अब तक कुल 14 प्रतिशत आबादी घटी है.' धामी ने कहा कि 'पर इसके साथ ही एक आबादी बढ़ गई है. हर एक भारतवासी का ये प्रश्न है कि ऐसा क्यों हुआ.'

उन्होंने कहा कि 'इसका कारण देश में सबसे अधिक 60 सालों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी के शासन के कारण हुआ है. एक ही पार्टी और परिवार के कारण देश में हिंदुओं की आबादी घटती रही क्योंकि इन्होंने हमेशा सनातन को नीचा दिखाया है।

ये देश का भविष्य चुनने का चुनाव

उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव केवल सांसद चुनने का चुनाव नहीं अपितु ये देश का भविष्य चुनने का चुनाव है. धामी ने कहा देशद्रोही शक्तियां आज जातिवाद, वर्गवाद के नाम पर पीएम नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए विपक्ष का स्लीपर सेल बनकर काम कर रही हैं. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक फैसले हुए है. कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई गई. देश में सीएए कानून लागू कर दिया गया है, तीन तलाक का भी खात्मा कर दिया गया है. भगवान श्री राम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है. उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भय मुक्त, गुंडा मुक्त, माफिया मुक्त, और अपराध मुक्त होकर विकास रोजगार और महिला सशक्तिकरण के रास्ते पर आगे बढ़ा है. आज उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बन गया है।

लोकसभा चुनावी वॉच

लालू बोले-बिहार ने पीएम मोदी को सड़क पर ला ही दिया

चार चरणों में गली-गली चक्कर लगवा देगा

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर बिहार आ रहे हैं। आज शाम पटना में रोड शो करेंगे। कल यानी सोमवार को हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सारण में जनसभा करेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम पर राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि तीन चरणों के चुनाव ने पीएम मोदी को बिहार ने सड़क पर ला ही दिया है। अब बाकी बचे चार चरणों में गली-गली में चक्कर लगवा देगा। ई बिहार है बिहार!

लालू ने पूछा कि क्या हुआ आपका वादा?

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने कहा था कि पीएम मोदी ने 2014 में कहा था कि चीनी मिल खुलवाकर इसी मिल की बनी चीनी की चाय पीऊंगा। दस बरस हो गए। लालू ने पूछा कि क्या हुआ आपका वादा? उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री अपने वादेनुसार प्रदेश में एक छोटी सी चीनी मिल नहीं खुलवा सकता हो? जो प्रधानमंत्री विशेष राज्य के दर्जे से लेकर ???? वर्षों में अपने बड़े-बड़े आसमानी वादों में से एक रत्ती भर भी वादा पूरा ना कर सका हो? जो प्रधानमंत्री भरे मंच से अपने ही सहयोगी दल के मुख्यमंत्री द्वारा हाथ जोड़ गिड़गिड़ाने पर भी सौ बरस पुरानी एवं ऐतिहासिक पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा तक ना दे सके? ऐसे प्रधानमंत्री रोड क्या चाहे गली-गली घूम नुक्कड़ नाटक करें, इससे बिहार को क्या फायदा होगा?

पांच साल बाद चुनाव में बिहार घूमने आते हैं

तंज कसते हुए लालू प्रसाद ने आगे लिखा कि बिहारी बुड़बक नहीं है। बिहार के लोग अच्छे से जानते हैं कि बिहार से 40 में से 39 सांसद लेकर बिहार की जगह सब कुछ गुजरात में ही किया और सब निवेश गुजरात ही ले गए जबकि लंबे समय से बिहार में एनडीए सरकार है। फिर पांच साल बाद चुनाव में बिहार घूमने आते हैं।

रामभक्त और मोदी के शेर हर जगह...

■ **बीजेपी नेता नवनीत राणा का ओवैसी पर ताजा हमला, अच्छा है कि कंट्रोल में हैं वरना...**

हैदराबाद। लोकसभा सांसद नवनीत राणा और एआईएमआईएम विधायक असदुद्दीन ओवैसी के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है. ओवैसी पर अपने ताजा हमले में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा कि यह अच्छा है कि बड़े ओवैसी ने अकबरुद्दीन को नियंत्रण में रखा है, वरना राम भक्त और (नरेंद्र) मोदी जी के शेर देश के सभी सड़कों-गली में घूम रहे हैं। राणा ने कहा, 'बड़े भाई का कहना है कि केवल वह ही अपने छोटे भाई (अकबरुद्दीन) को नियंत्रित कर सकते हैं, कोई और नहीं कर सकता. मैं उनसे कहना चाहूंगी कि अच्छा है कि आप उनको समझा रहे हैं, और इसलिए ही वह अभी भी आपकी आंखों के सामने हैज वरना राम भक्त और मोदी के शेर हर गली में घूम रहे हैं.' उन्होंने आगे कहा, 'ओवेसी जैसे तोपखाने उनके घर के बाहर सजावट के लिए पड़े हुए हैं।'

राणा की प्रतिक्रिया तब आई जब असदुद्दीन ओवैसी ने राणा पर उनकी '15 सेकंड के लिए पुलिस हटाओ' की धमकी पर हमला बोला. राणा पर हमला बोलते हुए औवैसी ने कहा, 'वह एमपी साहिबा, जो महाराष्ट्र से आई हैं, 'छोटे छोटे' कहती रहती हैं. मैंने 'छोटे' को रोक रखा है और उसे कंट्रोल में रखा है. जिस दिन मैं उससे स्थिति को स्वयं संभालने के लिए कहूंगा, तो उस दिन हम देखेंगे कि आप कैसे मैनेज करेंगे। इसी बीच अकबरुद्दीन भी आक्रामक भाषण देते दिखे. जूनियर ओवैसी ने कहा, 'गूंगे नहीं हैं हम. (मैं बहरा नहीं हूं)। अकबरुद्दीन के पास इतनी ताकत है कि वह गूंगे को भी बोलना सिखा दे. दुख की बात है कि जब बीजेपी को मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और यहां तक कि भगवान राम के नाम पर भी वोट नहीं मिल रहे हैं. तब, वे ओवैसी बंधुओं के नाम पर वोट मांगना चाहती हैं।

राहुल बाबा आपको एटम बम से डरना है तो डरिए: अमित शाह

कौशांबी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे. यहां कौशांबी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही। शाह ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर और फारूक अब?दुल?ला जैसे नेता कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि उसके पास परमाणु बम है. उन्होंने कहा, ''आज मैं कौशांबी की जनता को पूछने आया हूं कि ये जो पाकिस्तान अधिकृत कश?मीर है, वो भारत का है या नहीं है। भीड़ से सकारात्मक जवाब मिलने के साथ ही गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते, पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है

और हम वो लेकर रहेंगे. शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया. भारत रत्न नहीं दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया. बाबा साहेब से जुड़े पांच स्थानों को जोड़कर तीर्थ स्थान बनाया। उन्होंने पार्टी के उम्मीवार को लेकर कहा,''मुझे लगा कि सोनकर तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं इसलिए यहां आकर इन्हें तीसरी बार जिताने की अपील करनी चाहिए. यहां अपार सैलाब देखकर लग गया कि कौशांबी वालों ने रिजल्ट पहले ही तय कर दिया।

मामा-भांजे की पिच पर पूर्व डीएम और सरपंच के बीच मुकाबला

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से 92 किमी दूर स्थित मेडक जिला मुख्यालय तक सड़कों के किनारे सूखता धान यहां की फसली तासीर बयां करता है। इंदिरा गांधी को 44 साल पहले लोकसभा पहुंचाने वाले इस इलाके में कहीं भी चुनावी शोर नहीं है।

बीच-बीच में मिलतीं प्रचार गाड़ियां ही सन्नाटे को तोड़ती हैं। चार बार से लोकसभा चुनाव जीतती आई भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ही सात विधानसभा सीटों में से छह (मेडक-कांग्रेस) पर काबिज है। सिद्दीपेट से बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) विधायक हैं तो गजवेल से उनके भांजे टी. हरीश राव सातवीं दफा जीते हैं। मामा-भांजे की बनाई इस सियासी पिच पर बीआरएस ने सिद्दीपेट के जिलाधिकारी पी. वेंकटरामी रेड्डी को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दिलाकर बल्लेबाजी करने उतारा है, तो कांग्रेस ने पूर्व सरपंच नीलम मधु मुदिराज को। इनकी सीधी टक्कर को भाजपा प्रत्याशी रघुनंदन राव त्रिकोण में बदलने के लिए जोर लगा रहे हैं। मेडक लोकसभा सीट तीन जिलों तक फैली है।

नौ बार जीती कांग्रेस, चार बार बीआरएस

मेडक पर सर्वाधिक नौ बार कांग्रेस का कब्जा रहा है। कांग्रेस के ही एम. बागा रेड्डी सर्वाधिक चार बार जीते। तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब बीआरएस) का गठन होने के बाद 2004 से लगातार इसी की जीत हो रही है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट हैदराबाद, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), तेलंगाना प्रजा समिति व भाजपा भी एक-एक बार जीती है।

लेडी अमिताभ विजयाशांति की भी कर्मभूमि

लेडी अमिताभ के नाम से मशहूर गुजरे जमाने की अभिनेत्री विजयाशांति की कर्मभूमि भी मेडक रही। भाजपा ने उन्हें 1999 के चुनाव में सोनिया गांधी के खिलाफ आंध्र की कडप्पा सीट से उतारा था, लेकिन ऐन मौके पर सोनिया वेल्लारी चली गईं। फिर, विजयाशांति ने भी चुनाव नहीं लड़ा। बाद में तल्ली तेलंगाना पार्टी बनाई, जिसका टीआरएस में विलय कर दिया।

इसकी मेडक व नरसापुर विधानसभा सीटें मेडक जिले में हैं, तो सिद्दीपेट जिले की सिद्दीपेट, गजवेल और दुब्बक। संगारेड्डी जिले की भी दो सीटें (संगारेड्डी व पटनचारू) भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। करीब 15.36 हजार मतदाताओं वाली लोकसभा सीट में छोटे किसानों और खेतिहर मजदूरी करने वाले वर्गों की आबादी ही सर्वाधिक है। इनमें मुन्नूरकापू साढ़े तीन लाख हैं, तो मुदिराज तीन लाख। मुस्लिम और वेल्मा मतदाता भी दो-दो लाख हैं। मुदिराज और मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे पर कांग्रेस ने संगारेड्डी जिले के गांव चिटकुल से सरपंच रहकर उभरे नीलम मधु को मैदान में उतारा है। नीलम ने बीआरएस के बैनर तले पंचायत चुनाव से राजनीति शुरू की थी।

वह 2023 में पटनचेरू विधानसभा

भाजपा का प्रभाव बढ़ रहा, पर मुकाबला बीआरएस-कांग्रेस में

सामाजिक कार्यकर्ता फारुख हुसैन बताते हैं कि पार्टियां जातीय गुणा-गणित कुछ भी लगाएं, यहां वोट प्रत्याशी देखकर पड़ते हैं। यह सही है कि भाजपा का प्रभाव बढ़ रहा है, लेकिन मुकाबला बीआरएस-कांग्रेस के ही बीच है। ऐतिहासिक कैथोलिक चर्च परिसर में मिले स्थानीय व्यवसायी राजकुमार कहते हैं कि केसीआर के भांजे और वित्त और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रहे हरीश राव ही यहां के असली हीरो हैं। उन्होंने सिद्दीपेट को आईटी हब बनाया और हैदराबाद से बाहर बड़ी कंपनियां लाने में सफल रहे। इससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिला है। बस अड्डे पर मिले उम्मेद खां कहते हैं कि मेडक का भला किसी ने नहीं किया। हरीश राव ने सारा विकास अपने सिद्दीपेट में ही कराया है। यहां तो ढंग का स्कूल भी नहीं खुला।

न्यूज गैलरी

त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे में ईवीएम

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के बाद 11 सीटों के 220 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का निर्णय चार जून को होगा। प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में मतगणना होगी। अधिकारियों के मुताबिक मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा लगाया गया है, जहां 24 घंटे पहरेदारी की जा रही है। स्ट्रांग रूम की जिम्मेदारी जिला प्रशासन के जिम्मे हैं। कम मतदान केंद्र वाले बूथों में मतगणना पहली होगी। चुनाव परिणाम की जानकारी निर्वाचन कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट व मोबाइल एप्लीकेशन पर मिलेगी

पांच दिवसीय महा सुहृत महा शाक्त यज्ञ अनुष्ठान

रायपुर/नवप्रदेश। महा दिव्य देशम फाउण्डेशन द्वारा संपादित पांच दिवसीय महा सुहत महा शाक्त यज्ञ प्राचीन पद्धति से कलयुग में पहली बार पूज्य श्री शदाणी दरवार, रायपुर के कृतज्ञ सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह यज्ञ केरल के विद्वान तत्रियों द्वारा प्राचीन पद्धति से किया जाएगा। यह पवित्र यज्ञ छत्तीसगढ़ में एक महत्वपूर्ण एवं गूढ़ दैवीय रहस्य के पालन में किया जा रहा है, अत्यंत सम्मान एवं कृतज्ञता के साथ, श्री महा दिव्य देशम फाउण्डेशन द्वारा आयोजित शुभ महा सुहृत महा शाक्त यज्ञ के परिपेक्ष्य में आपको यह जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य के महत्व को बताना सौभाग्य की बात है। यज्ञ की महत्ता के विवेचन से पूर्व संस्था के संस्थापक एवं निदेशक राजीव रकुल जी की इस आकस्मिक यात्रा पर प्रकाश डालना अति आवश्यक है, जिससे हम इस पवित्र मोड़ तक आए हैं। श्री राजीव रकुल जी द्वारा उनका मार्गदर्शन करने वाली उन दिव्य परिस्थितियों का स्मरण कर हमें यह बताया गया है। विगत वर्षों में राजीव रकुल जी ने हमारे दिव्य राष्ट्र में अनेक यात्राएं की, जहां उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में वास करने वाली शक्तियों एवं उनकी योगनियों की अनगिनत अभिस्वरूपों के दिव्य दर्शन हुए। महाराष्ट्र के एक मंदिर के पवित्र परिसर में उन्हें देवी के दिव्य दर्शन से छत्तीसगढ़ की अधिष्ठात्री देवी दण्तेश्वरी (दंतेवाड़ा) के मंदिर के लिए बुलावा आया। छत्तीसगढ़ राज्य में यात्रा के दौरान उन्हे दंतेश्वरी शक्तिपीठ में देवी के गुप्त महास्वरूप का पता चला। देवी के समक्ष उस पवित्र क्षण में उन्हे यह स्पष्ट हो गया कि छत्तीसगढ़ की पवित्र भूमि में इस महायज्ञिक किया का समय आ गया है।

पशु-पक्षियों को पानी पीने के लिए नि:शुल्क पात्र वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। इस भीषण गर्मी में छत्तीसगढ़ रायपुर में सामाजिक संस्था सहयोग एक कोशिश की तरफ से पशु पक्षियों के लिये पीने का पानी की व्यवस्था के लिये नि:शुल्क पात्र जगह जगह वितरित किये जा रहे हैं । इसकी जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्षा अरूणा शर्मा ने बताया की संस्था पूरे छत्तीसगढ़ में पर्यावरण शिक्षा और स्वास्थ के प्रति गम्भीर हैं और उस दिन के दिन प्रतिदिन कार्य कर रही हैं। सभी छत्तीसगढ़ वासियों से विनम्र अपील है कि हम सभी के लिये सभी सुविधा हित पर अनबोलते जानवर पक्षी किसी से अपनी बात कहे। इनके लिये आप सभी संवेदनाशील बने और संस्था को सहयोग दे आपका बहुमूल्य सुझाव भी प्रदान करें। जिससे जिन पहुलओं पर हमारा ध्यान नहीं गया उस पर भी हम गंभीरता से विचार कर सके। जिसमें शामिल हैं बसंत बागरेचा, मोनिका बागरेचा, नीता शर्मा, राज अग्रवाल, शुक्ला जी एवं सभी सदस्य।

गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने गांजा के साथ एक्टिवा सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जेएस पब्लिक स्कूल मैदान के पास एक्टिवा सवार आरोपी अभय मिर्चे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अब बड़े लोगों पर कसेगा घेरा, बिहार के सटोरिए कोलकाता में फंसे

- **आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी संतोष सिंह का खुलासा, क्राइम ब्रांच ने फ्लैट से 5 को पकड़ा**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर क्राइम ब्रांच ने कोलकाता के एक फ्लैट में छापा मारकर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो महादेव 364 पैनल से पूरे छत्तीसगढ़ में सट्टा चला रहे थे। इनकी गिरफ्तारी इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि जो जानकारियां आ रही हैं, उनसे छत्तीसगढ़ के कुछ बड़े लोगों पर घेरा कसेगा बता दें कि रायपुर क्राइम ब्रांच इसी महीने कोलकाता में 8 सटोरियों को गिरफ्तार कर यहां ला चुकी है। गोवा के बाद कोलकाता महादेव बुक सटोरियों के सुरक्षित हब है। आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने इन सटोरियों को रविवार को मीडिया के सामने प्रस्तुत किया और बताया कि इनके 35 खाते मिले हैं, जिनमें आईपीएल शुरू होने के बाद से अब तक 35 करोड़ रुपए का जमा-खर्च हुआ है। सभी खाते फ्रीज किए जा रहे हैं।

रायपुर के बैंक मुख्यालयों को चिट्ठी लिखी जा रही है कि इन खातों में यहां से किन-किन लोगों ने पैसे डाले या उनके खाते में पहुंचे, इसकी जानकारी दी जाए। अब तक 13 सटोरियों से जो मोबाइल, लैपटाप और बैंक खातों का पता चला है, उनकी

शुरुआती जांच में ही छत्तीसगढ़ से ऐसे सैकड़ों लोगों की जानकारी मिल रही है, जो महादेव बुक में सट्टा खेल रहे हैं। रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह के निर्देशन में कार्रवाई चल रही है, क्योंकि महादेव बुक का एक केस ईओडब्लू में भी रजिस्टर है और ईओडब्लू चीफ अभी आईपीएस अमरेश ही हैं।

पुलिस वाले बने पेपरवाला और सब्जीवाला

गिरफ्तार सटोरियों ने ही पुलिस को बताया कि अभी कुछ और लोग भी कोलकाता से महादेव एप के पैनल से आईपीएल सट्टा चला रहे हैं।

कुछ नई जानकारियों के आधार पर रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम को 15 दिन पहले कोलकाता भेजा गया था। टीम ने वहां भी पेपरवाला और सब्जीवाला बनकर कुछ फ्लैट की निगरानी की थी।

श्रृष्टि अपार्टमेंट से ये पकड़े गए

इनमें से श्रृष्टि अपार्टमेंट के एक फ्लैट में संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि होने के बाद टीम ने छापा मारा और सट्टा लगाते हुए ही मौके से बिहार के पांच युवकों गोपी यादव, मिथुन यादव, बालेश्वर यादव, मुकेश यादव और रूपेश यादव को गिरफ्तार कर लिया। सभी बांका बिहार जिले के रहनेवाले हैं।

टीम की सफलता में इनकी भूमिका

एंटी साइबर यूनिट से प्रभारी इंस्पेक्टर परेश पाण्डेय, एसआई मुकेश सोरी, सतीश पुरिया, एएसआई किशोर सेठ, मो. कय्यूम, प्रेमराज बारिक, सरफराज चिश्ती, सुल्तान, महेन्द्र राजपूत, नोहर देशमुख, रवि तिवारी, कमल धनगर, हिमांशु राठौड़, सुरेश देशमुख एवं संतोष सिन्हा की भूमिका की आईजी तथा एसएसपी ने सराहना की है।

कागजों में उलझकर रह गया करोड़ों के गोदाम

- **एक साल बीत जाने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं**
- **खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव ने मंगाए विभाग से दस्तावेज, कार्रवाई की बात कही**

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने प्रदेश में करीब एक वर्ष पहले कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्टेट हाउसिंग कार्पोरेशन में करोड़ों रुपए के गोदाम निर्माण का ठेका नियम विरुद्ध दिया गया था, जिसकी शिकायत पर प्रकरण के सभी दस्तावेज विभाग से मंगाए है। पहले इस मामले की जांच हुई और चार अधिकारियों को जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाया गया है। इसके बाद भी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं की गई है। अब इस पूरे मामले की जांच छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव के निगरानी में की जा रही है। और इस प्रकरण में दोषियों के खिलाफ जल्दी ही कार्रवाई होने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चार अधिकारी सहायक अभियंता ताराचंद गबेल, अवधेश कुमार गुप्ता प्रबंधक लेखा एवं उपसंचालक मनोज सिंह, प्रबंधक वाणिज्य मोहम्मद आगा हुसैन जो वेयरहाउस कमेटी द्वारा निविदा के संबंध में बनाई गई टेक्निकल कमेटी में शामिल थे के द्वारा अपात्र ठेकेदार को पात्र बनाते हए करोड़ों रुपए का गोदाम निर्माण का ठेका देने में अहम भूमिका निभाई। इन चारों अफसरों की अनुशंसा पर ही बिलासपुर के ठेकेदार को बाराद्वार, सकी और सारागांव में गोदाम निर्माण का ठेका दे दिया गया।

जांच में अधिकारियों पर एफआईआर की अनुशंसा

जांच में इन अधिकारियों के खिलाफएफआईआर करवाने की अनुशंसा की गई है। विभाग के संयुक्त संचालक और जांच अधिकारी ने जांच रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है कि निविदा जमा करने मात्र 15 दिन का समय दिया गया जबकि छग शासन भंडार क्रय नियम के अंतर्गत नियम 4.5 के अनुसार उक्त प्रकरण में (कार्य की अनुमानित लागत रु 13.45 करोड़) 30 दिन का समय सीमा अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा से कम अवधि निविदा जमा करने हेतु विज्ञापित करना इस बात प्योतक है कि जानबूझकर एवम षणयंत्र पूर्वक अधिसंख्य ठेकेदारों/पार्स की भागीदारी को रोका गया जिससे प्रतिस्पधी दरें प्राप्त नहीं हो सकी। निविदा नियमों का आवर्थन होने से सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया दूषित है तथा समिति द्वारा अनुसंशित दरों पर भुगतान की पात्रता नहीं है।

बीजेपी विधायकों ने उठाया था मुद्दा

बीजेपी के विधायकों ने भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए गोदाम निर्माण में घोटाले का मुद्दा सदन में उठाया था। मामला छग वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन का है जिसमें करोड़ों रुपए के गोदाम निर्माण का ठेका देने में चार अधिकारियों की भूमिका जांच में स्पष्ट तौर पर संदिग्ध पाई गई है तथा कदाचरण का दोषी पाया विभागीय जांच संयुक्त संचालक वित्त के नेतृत्व में सालभर पहले की गई। जांच में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के चार अधिकारी सहायक अभियंता ताराचंद गबेल, अवधेश कुमार गुप्ता प्रबंधक लेखा एवं उपसंचालक मनोज सिंह, प्रबंधक वाणिज्य मोहम्मद आगा हुसैन जो वेयरहाउस कमेटी द्वारा निविदा के संबंध में बनाई गई टेक्निकल कमेटी में शामिल थे, के द्वारा अपात्र ठेकेदार को पात्र बनाते हए करोड़ों रुपए का गोदाम निर्माण का ठेका देने में अहम भूमिका निभाई थी।

दस्तावेज मांगा गया है

छत्तीसगढ़ स्टेट हाउसिंग कार्पोरेशन में करोड़ों रुपए के गोदाम निर्माण का ठेका नियम विरुद्ध दिया गया था, जिसकी शिकायत प्राप्त हुई है। इस मामले में विभाग को पत्र लिखा गया है प्रकरण की पूरा दस्तावेज प्रस्तुत करें, एक सप्ताह के भीतर जांच कर दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. बसाउराजु एस.
सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण

अडानी-अंबानी के भ्रष्टाचार की जांच कराए पीएम मोदी : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। अडानी-अंबानी के भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खुलासे के बाद कांग्रेस पार्टी ने मोदी को कटघरे में खड़ा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी आगामी हार को देखते हुए अडानी-अंबानी के भ्रष्टाचार पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी इस भ्रष्टाचार की जांच कराएं और अपने मित्रों के यहां जांच एजेंसियों के छापे डलवाएं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस देश का प्रधानमंत्री इतना कमजोर, असहाय और मजबूर इससे पहले कभी नहीं रहा। मोदी जी ने कहा कि अडानी और अंबानी टेम्पो में भर-भरकर काला धन बांट रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने देखा कि राहुल गांधी बेखौफ होकर भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं, बड़ी मुस्तैदी से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बोल रहे हैं, अडानी-अंबानी का पर्दाफाश कर रहे हैं। आखिरकार राहुल गांधी को देखकर दस साल भ्रष्टाचार में डूबे रहने के बाद कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिम्मत दिखाई और भ्रष्टाचार पर बड़ा खुलासा किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भ्रष्टाचार पर किए खुलासे ने पूरी भाजपा और सरकार में हड़कंप मचाकर रख दिया है। लोग भयभीत हैं, क्योंकि उन्हें पता है जब हार देखकर मोदी जी अपने जिगर के टुकड़े को कुर्बान कर सकते हैं तो हम क्या चीज हैं। सरकार में सबसे ज्यादा अमित शाह डरे हुए हैं। इसके अलावा, वे अफसर भी डरे हुए हैं जो मोदी जी के इशारों पर काम कर रहे थे। ये सभी समझ गए हैं कि सरकार बदलने वाली है। नरेंद्र मोदी तो झोला उठाकर चल देंगे, हिसाब उनसे मांगा जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को एम से शुरू होने वाले शब्दों मुगल, मुस्लिम लीग, मटन, मंगलसूत्र से बहुत मोहब्बत है। मोदी ने अपने एक भाषण में कहा कि अगर आपके पास दो भैंस हैं, तो कांग्रेस पार्टी एक भैंस छीन लेगी। मोदी जी मुद्दों पर बात न कर सिर्फ लोगों का ध्यान भटकाते हैं, समाज में फूट डालने का प्रयास करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरणों के बाद नरेंद्र मोदी और अमित शाह घबरा गए हैं। इसलिए वह चुनाव में प्रमुख मुद्दों से हटकर बात कर रहे हैं। मोदी विकास के ऊपर वोट नहीं मांग रहे हैं। वह यह सिर्फ कांग्रेस को गालियां दे रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं।

आयाम-ऊंची उड़ान कार्यक्रम 19 को

- **2011 से 2024 बैच के अखिल भारतीय सेवा संवर्ग के अधिकारी करेंगे युवाओं से सीधे संवाद**
- **प्रतिभागियों के साथ अभिभावक भी होंगे पहली बार शामिल, पंजीयन अनिवार्य**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अखिल भारतीय व राज्य प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे स्थानीय युवाओं के लिए आयाम- ऊंची उड़ान का कार्यक्रम का आयोजन रविवार 19 मई को शाम 4 बजे से होगा । इसमें अखिल भारतीय सेवा के प्रशासनिक, पुलिस, वन व अन्य संवर्गों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर प्रतिभागी अपनी तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

गत यूपीएससी में चयनित युवा भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करेंगे। हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में मेधा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

यह आयोजन पूरी तरह से नि:शुल्क है एवं अभिभावक भी इसमें शामिल होकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कर सकेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

कांग्रेस की मनमोहन सरकार के कारण 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश में इस जुमले के होर्डिंग्स लगवा दिए हैं कि वह ÷80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन÷ दे रहे हैं। वास्तव में, राशन 2013 के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदान किया जाता है, जिसे डॉ. मनमोहन सिंह ने पारित किया था और गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विरोध किया था। 7 अगस्त 2013 को लिखे एक पत्र में, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी ने एनएफएसए का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि ''केंद्र और राज्य सरकारों को अव्यवहारिक वैधानिक जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।'' प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) की रीब्रांडिंग के अलावा कुछ और नहीं है, जो पहले से ही 95 करोड़ भारतीयों को कवर करता था।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 2013 में यूपीए द्वारा पारित एनएफएसए, भारत के इतिहास का सबसे ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण कानून में से एक था। इसके तहत 75 प्रतिशत ग्रामीण और 50 प्रतिशत शहरी भारतीयों को कानूनी अधिकार के रूप में सब्सिडी वाले राशन की गारंटी मिली थी। आज जब आबादी 141 करोड़ है तब, इसके तहत 95 करोड़ लोगों को सब्सिडी वाला राशन मिलना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 2021 में जनगणना कराने में मोदी सरकार की विफलता के कारण, आज केवल 81 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है। 14 करोड़ भारतीय जो कानूनी तौर पर राशन के हक़दार हैं, मोदी सरकार की इस विफलता के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं।

तंबाकू को कहें ना...

- **बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर में इंटरस्कूल चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई**

रायपुर/नवप्रदेश। तम्बाकू के स्वास्थ्य पर होने वाले हानिकारक दुष्परिणाम और नसे की लत की प्रकृति को समझाने के लिए व इसके बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश से यह आयोजन किया गया। बालको मेडिकल सेंटर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में रायपुर के आठ स्कूलों ने भाग लिया। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही द्वारा छह विजेताओं, प्रत्येक पद पर दो-दो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व सभी प्रतियोगी बच्चो वि उनके परिजनों से बात की व तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम व इसके बचाओ के बारे में बताया।

बच्चेदानी के मुँह का कैंसर से बचने के लिए अब वैक्सीन उपलब्ध हो गई है , जिससे सर्विकल कैंसर से बचा जा सकता है इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्रीमती ज्योति अगरवाल चेयरपर्सन वीएमआरएफ; डॉ. रश्मी राय, सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी; श्री अरुणव बनर्जी, प्रमुख - आईटी और डिजिटलीकरण; और सुश्री अरुण ज्योति नायक, सहायक नर्सिंग अधीक्षक उपस्थित रहे

इस प्रतियोगिता में पहला स्थान: सुश्री अरिप्रा सिंह, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायपुर सुश्री जुनेरा फ़िरदौस, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर

दूसरा स्थान: सुश्री कुमारी ग्रिन्सी टंडन, किड्स पैराडाइज़ स्कूल, नया रायपुर सुश्री नारायणी के. माकड़े, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर

तीसरा स्थान: सुश्री अन्वेषा साहनी, वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल, रायपुर सुश्री स्निति मोहंती, रायन इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर ने प्राप्तकिया। बालको मेडिकल सेंटर की ओर से सभी विजेताओं को बधाई! इस तरह के कैंसर जागरूकता कैंपेन बीएमसी समय समय पर करता रहता है व एक कैंसर मुक्त समाज बनाने में कार्यरत है।

मीडिया कालोनी सोनडोंगरी में अध्यक्ष का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

- **बिना कमेटी जानकारी के नहीं दे पाएंगे मकान किराया**

रायपुर/नवप्रदेश। मीडियाकर्मी आवासीय परिसर सोनडोंगरी में रविवार 12 मई को नवनिर्मित गार्ड रूम का प्रेसक्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव वैभव शिव बेमेतरिहा और संयुक्त सचिव अरविंद सोनवानी, कार्यकारिणी सदस्य आजाद सुधीर तंबोली व विनय घाटगे के द्वारा रिबन काटकर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मीडियाकर्मी आवासीय परिसर के अध्यक्ष मदन बघेल सहित अन्य पदाधिकारी व कालोनी रहवासी उपस्थित थे। गार्ड रूम के उद्घाटन के बाद मीडियाकर्मी आवासीय परिसर के अध्यक्ष मदन बघेल द्वारा अप्रैल माह के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया, जो संतोषजनक रहा। वहीं प्रेसक्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने मदन बघेल के कार्य को सराहना करते हुए उन्हें व उनके टीम को धन्यवाद कहा। अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि कालोनी को व्यवस्थित रखने के लिए इस तरह का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मदन बघेल जी को 3 माह के लिए अध्यक्ष चुना गया था, उनके कार्य इस तीन माह में संतोषजनक रहा, जिसके चलते उनके कार्यकाल को बढ़ाते हुए 1 वर्ष करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने सभी मकान मालिको व किराएदारों से निवेदन किया है कि वे कालोनी के अध्यक्ष मदन बघेल के अनुसार ही कार्य करें। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि मीडियाकर्मी आवासीय परिसर में दलाली सिस्टम को खत्म करते हुए कालोनी के समिति के द्वारा ही मकान किराए में देने की बात कही है। वहीं बिजली चोरी कर उपयोग करने वालों पर भी शिकंजा कसने की बात कहीं है। इस दौरान नियम का उल्लंघन करने पर प्रेसक्लब के द्वारा कानूनी कार्रवाई किए जाने को कहा है।

शिवनाथ हुंडई शीर्ष डीलरशिप के पुरस्कार से सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सेवा प्रमुखों की बैठक के दौरान, शिवनाथ हुंडई को समग्र सेवा चैंपियन (ओवरऑल सर्विस चैम्पियन) एवं अल्प ग्राहक शिकायतों (लो कस्टमर कम्पलेन्ट्स) में सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वश्रेष्ठ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। शिवनाथ हुंडई छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा और सबसे पुराना हुंडई कार डीलरशिप समूह है।

शिवनाथ हुंडई टीम द्वारा पूरे भारतवर्ष में शीर्ष डीलरशिप का पुरस्कार जीतना एक शानदार उपलब्धि है। शिवनाथ हुंडई के प्रबंध निदेशक श्री रोहित काले का कहना है कि ये पुरस्कार हमारे सम्मानित ग्राहकों की वफादारी तथा स्नेह को दर्शाते हैं और मैं अपने सभी ग्राहकों का बहुत आभारी हूं और हम एक टीम के रूप में ग्राहकों के अनुभव को अगले स्तर तक ले जाने का प्रयास करते रहेंगे।

सुविचार

मधुर संबंध सिर्फ़ बोले गए मीठे शब्दों पर ही आधारित नहीं होते बल्कि एक दूसरे की भावनाओं को समझने पर भी निर्भर करते हैं। - अज्ञात

अरविंद केजरीवाल का भाजपा पर तीखा हमला

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिनों के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले के आरोप में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। वे पचास दिनों से तिहाड़ जेल में बंद थे। इस बीच उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को अवैधानिक बताते हुए जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी जो खारिज कर दी गई थी। इसके बाद उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें चुनाव प्रचार के लिए 21 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। जेल से रिहा होने के बाद अरविंद केजरीवल ने नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेन्स के नाम पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला है। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर देश में तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए यह भविष्यवाणी की है कि अगर फिर से केन्द्र में भाजपा की सरकार बन गई तो जिस तरह मुझे जेल भेजा गया था। उसी तरह ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव सहित अन्य सभी विपक्षी नेताओं को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने घोषणा की है कि अब वे पूरे देश में इस तानाशाही के खिलाफ शंखनाद करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देने का भी कारण बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी पद का कोई लालच नहीं है। लेकिन वे इसलिए पद पर बने हुए हैं क्योंकि उन्हें भाजपा के षडयंत्र को नाकाम करना है। केजरीवाल ने यह भी दावा किया है कि इस लोकसभा चुनाव के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। इस बार देश में आईएनडीआईए की सरकार बनने जा रही है। केजरीवाल के इस भाषण के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि वे चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के खिलाफ अपने हमले और तेज करेंगे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें चुनाव प्रचार की अनुमति दी है। उनपर किसी तरह के बयान देने पर कोई रोक नहीं लगाई है। ऐसे में केजरीवाल 21 दिनों तक चुनाव प्रचार में जुटे रहेंगे। और केन्द्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। आईएनडीआईए के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलना बड़ी राहत की बात है। मोदी सरकार के खिलाफ दहाड़ने वाला एक और नेता उनके साथ आ गया है। बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि अरविंद केजरीवाल के चुनाव प्रचार करने से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों और आईएनडीआईए के प्रत्याशियों को कितना चुनावी लाभ मिलता है?

छ.ग. में जलाशयों का गिरता जलस्तर चिंतनीय

मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण छत्तीसगढ़ में पेयजल और निस्तार की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप के कारण गरम होती धरती की वजह से छत्तीसगढ़ के जलाशयों में जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। प्रदेश के अनेक जिलों के मध्यम और छोटे बांधों में तो जल का भंडारण पिछले दो वर्षों में सबसे निम्न स्तर पर पहुंच गया है। प्रदेश के जो दर्जन भर बड़े जलाशय हैं। उनमें पिछले दस दिनों के दौरान जल भंडारण स्तर 2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत तक गिर गया है। अभी पूरा मई माह बाकी है। और जून में भी मानसून यदि समय पर नहीं आया। तो इन जलाशयों में जल स्तर और गिर सकता है। जलाशयों में जल स्तर गिरने का सीधा प्रभाव भू-जल पर पड़ता है। बढ़ती गर्मी के कारण अंडर ग्राउंड वाटर लेबल में तेजी से गिरावट आ रही है। जिसके चलते हैंडपंप दम तोड़ रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में तो अभी पेयजल संकट गंभीर नहीं है लेकिन ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में अभी से पानी की विकराल समस्या उत्पन्न होने लगी है। आगे यदि इसी तरह गर्मी बढ़ती रही तो ग्रामीण क्षेत्रों में भयावह स्थिति निर्मित होने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। इसके पहले की हालात बेकाबू हो राज्य सरकार को पेयजल और निस्तार की समस्या के समाधान के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। भू-जल के अंधाधुंध दोहन पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाना निहायत जरूरी है। गौरतलब है कि इस समय छत्तीसगढ़ में पारा 40 डिग्री से ऊपर हो चुका है। आने वाले दिनों में तापमान में और ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है। वर्तमान में 40 डिग्री तापमान का असर ही प्रदेश के 60 प्रतिशत से ज्यादा जलाशयों पर पड़ा है। इससे स्पष्ट है कि यदि तापमान में और ज्यादा वृद्धि होगी तो जलाशयों में पानी और कम होगा। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस साल मई माह तक पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत जलाशय जल्दी सूखे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति चिंता का विषय है। राज्य सरकार को इस बारे में उचित पहल करनी चाहिए। साथ ही हर साल गर्मी के मौसम में उत्पन्न होने वाले पेय जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए वृहद कार्य योजना बनाकर उस पर युद्ध स्तर पर अमल करना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

दूसरा कंगन

संस्कृत के प्रसिद्ध कवि माघ, अपनी उदारता तथा दानशीलता के लिए बड़े प्रसिद्ध थे। कोई भी याचक उनके यहाँ से निराश नहीं लौटा था कभी, लेकिन कुछ दिन से उनकी आर्थिक स्थिति बड़ी खराब चल रही थी, पर दिल तो पहले जैसा ही था। तभी एक रात जब वे लिखने में तल्लीन थे एक याचक उनके यहाँ आया। उसने बताया कि ÷मुझे अपनी कन्या का विवाह करना है और पास में कुछ भी नहीं है। आपकी ख्याति सुनकर आपके पास आया हूँ। कुछ सहायता मिल जाए तो मेरा काम बन जाए।÷

कवि माघ का हृदय भर आया। वे सोचने लगे-÷काश ! आज मेरे पास प्रचुर मात्रा में धन होता, तो अतिथि की सारी चिंता मिटा देता। पर चलो सारी न सही, आंशिक ही सही।÷ घर की शेष संपत्ति पर दृष्टि डाली। पास में सौ रुपए भी नहीं थे। तभी पास ही सो रही पत्नी के शरीर पर दृष्टि गई। धीरे-से एक कंगन उतारा और अतिथि को देते हुए बोले- ÷इस समय अधिक के लिए मैं विवश हूँ। जो कुछ पास में है उसे ही स्वीकार कीजिए।÷

तभी पत्नी की आँख खुली। वस्तुस्थिति को समझा। मंद मुस्कराहट के साथ बोली- ÷भला विवाह जैसा कार्य एक कंगन में कैसे हो सकेगा ? यह दूसरा भी ले जाइए।÷ और दूसरा कंगन भी उतारकर दे दिया। माघ पत्नी के इस कृत्य पर पुलकित हो उठे।

श्रवण गर्ग

मोदी ने क्यों पूछा कि क्या इंदौर में ज़्यादा वोटिंग नहीं होगी?

कांग्रेस का उम्मीदवार दिन-दहाड़े मैदान से हटवा दिया गया ! दूसरे दलों का भी कोई ताकतवर प्रत्याशी लड़ाई में नहीं है ! राज्य में हुकूमत भी भाजपा की ही है फिर भी मोदीजी की पार्टी डरी हुई है ? डर का कारण इतना भर है कि चार जून को मोदी जी के सामने मुँह कैसे दिखाना है ! 'बम कांड' के कारण चर्चा में आए देश के सबसे 'स्वच्छ' शहर के कांग्रेसी प्रत्याशी का नामांकन आख़िरी वक्त में डरा-धमकाकर या अन्य देसी उपायों के ज़रिए वापस तो करवा दिया गया पर उसके कारण इंदौर सहित आसपास की सीटों के मतदाताओं पर जो ख़ौफ़नाक प्रतिक्रिया हुई है उसने भाजपा को ऊपर से नीचे तक हिलाकर रख दिया है।

भाजपा में भय व्यक्त किया जा रहा है कि 'जो कुछ हुआ है' से नाराज़ इंदौर के संवेदनशील मतदाताओं ने अगर तेरह मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान में इवीएम मशीनों पर बड़ी संख्या में 'नोटा' का बटन दबा दिया तो दुनिया भर में शहर के पोहे-जलेबियों का स्वाद बिगड़ जाएगा। कांग्रेस के 'खोटे सिक्के' को सूरत की तर्ज़ पर मैदान से हटवा कर भाजपा के जीतनेवाले उम्मीदवार को बिना मुक़ाबले के जितवाने की जब तैयारी शहर के बलशाली नेताओं द्वारा की गई होगी तब इतनी गहराई से नहीं सोचा गया होगा कि उनका ऑपरेशन मोदी जी के सवालों में शामिल हो जाएगा !

सात मई को नरेंद्र मोदी इंदौर संभाग की उन दो सीटों (धार और खरगोन) के दौरे पर थे जहां भाजपा को कड़े मुक़ाबले का सामना करना पड़ रहा है। इंदौर एयरपोर्ट पर आगमन और प्रस्थान के समय मोदी जी जिन बूथ कार्यकर्ताओं से मिले उनसे उन्होंने कथित तौर पर सिर्फ़ दो सवाल पूछे ! पहला यह कि क्या इंदौर में ज़्यादा वोटिंग नहीं होगी ? दूसरा यह कि भाजपा प्रत्याशी कितने मतों से जीतेगा ?

पीएम के सवालों में उनकी चिंता की तलाश की जा सकती है ! चूँकि कांग्रेस का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं है और पंजीकृत मतदाता भी पिछली बार से अधिक हैं अतः भाजपा प्रत्याशी को वोट भी 2019 से ज़्यादा मिलने चाहिए ! एयरपोर्ट पर मौजूद बूथ कार्यकताओं ने जवाब दिया कि पहले आठ लाख से जीते थे अब ग्यारह लाख से जीतेंगे। (हक़ीक़त में 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रत्याशी दस लाख से ज़्यादा मत पाकर कांग्रेसी उम्मीदवार के मुक़ाबले 5,47,754 के मतों से विजयी हुआ था।)

फीडबैक देने के लिए एयरपोर्ट पर बुलाए गए पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को क़तई अनुमान नहीं रहा होगा कि इंदौर की सीट पर मोदीजी इतनी बारीकी से नज़र रखे हुए हैं और इतने तीखे सवाल पूछ लेंगे। दूसरी बात यह कि पीएम से भेंट करने का मौक़ा पाने वालों में जिनके नाम सामने आए उनमें न तो कांग्रेस छोड़ भाजपा में भर्ती हुए उम्मीदवार का नाम था और न ही उन महारथियों में किसी का जिन्होंने पूरे ड्रामे को अंजाम दिया।

पार्टी के महारथियों द्वारा कोशिश तो यही की गई थी कि सूरत मॉडल की कॉपी के मुताबिक़ इंदौर की लोकप्रिय लोकसभा सीट पर भाजपा के ख़िलाफ़ एक भी प्रत्याशी नहीं बचने दिया जाए ! निर्दलियों सहित अन्य दलों के सभी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वापस करवा दिए जाएँ ! तमाम कोशिशों के बावजूद दो साम्यवादी उम्मीदवारों ने दबाव में आने से इनकार कर दिया और अब तेरह मई को मतदान भी होगा और चार जून को मतों की गिनती भी।

देवी अहिल्या की नगरी में राजनीतिक शक्ति-परीक्षण की एक अभूतपूर्व स्थिति निर्मित हो गई है।कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कोशिश है कि भाजपा-विरोधी मतदाता तेरह मई को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में 'नोटा' के बटन का इस्तेमाल करें। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं की तैयारी अपने समर्थकों को घरों से बाहर निकालकर मतदान केंद्रों पर ले जाने की है। इंदौर संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कुल मतदाताओं की संख्या पच्चीस लाख से ऊपर है। शहर की नाराज़गी के मद्देनज़र भाजपा नेताओं के इस संकट को समझा जा सकता है कि उनके प्रत्याशी को अगर पिछली बार जितने वोट नहीं मिले और/या कांग्रेस को प्राप्त हो सकने वाले वोट 'नोटा' की गिनती में प्रकट हो गए तो ड्रामे के योजनाकार और पार्टी प्रत्याशी पीएम को क्या जवाब देंगे ?

पूरे ड्रामे के निपट जाने के बाद चाहे देर से ही सही 1989 से 2019 तक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्व सांसद और स्पीकर सुमित्रा महाजन ने आख़िरकार टिप्पणी कर ही दी कि पार्टी उम्मीदवार जब जीत ही रहा था तो इस तरह का ऑपरेशन करने की क्या ज़रूरत थी ? उन्होंने कांग्रेसी उम्मीदवार द्वारा खुद की पार्टी को धोखा देने की भी आलोचना की।श्रीमती महाजन की टिप्पणी को अगर उनके समर्थक मतदाताओं ने गंभीरता से ले लिया तो भाजपा को होने वाला नुक़सान ज़्यादा भारी पड़ सकता है।इंदौर में सुमित्रा महाजन को संघ-नेतृत्व के काफ़ी निकट माना जाता है। मुद्दा यह है कि चार जून को होने वाली गिनती में कांग्रेस को मिल सकने वाले सारे वोट 'नोटा' में नज़र नहीं आए तब ज़्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ेगा पर भाजपा के वोटों की गिनती पीएम को बताए गए ग्यारह लाख के आँकड़े से कम निकली तो सवाल किससे पूछे जाएँगे और जवाब कौन देगा ? भाजपा उम्मीदवार को अगर पिछली बार से कम वोट मिले तो क्या उसे मोदी सरकार के प्रति इंदौर की जनता का विरोध नहीं माना जाएगा ? उस स्थिति में भाजपा उम्मीदवार विजयी घोषित होने के बाद भी नैतिक रूप से हारा हुआ साबित हो जाएगा !

प्रधानमंत्री ने पाँच महीने पहले हुए विधानसभा चुनावों के दौरान 14 नवम्बर को इंदौर में एक ज़बर्दस्त रोड शो में भाग लिया था। लोकसभा चुनावों के दौरान मोदीजी एयरपोर्ट को दो बार छू कर लौट गए पर इंदौर के मतदाता उन्हें सुनने से वंचित रह गए। सुर्ख़ियों में बने रहने के अभ्यस्त हो चुके राजनेताओं को लोकसभा चुनावों के बहाने एक और कारण मिल गया पर उसके लिये नागरिकों को क़ीमत बड़ी चुकानी पड़ गई !

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1830 : इक्वाडोर गणराज्य की स्थापना, जुआन जोस फ्लोरेंस पहले राष्ट्रपति बने। 1846 : अमेरिका और मेक्सिको के बीच पिछले एक साल से टेक्सास को लेकर चल रहे तनाव के बीच कांग्रेस ने अपने इस पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया। 1905 : भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म। 1952 : स्वतंत्र भारत में संसद का पहला सत्र आहूत। 1960 : मैक्स इसेलीन के नेतृत्व में स्विट्जरलैंड का एक खोजी दल हिमालय में धौलागिरी पर्वत शिखर पर पहुंचा। 1962 : सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने। 1981 : पोप जॉन पॉल द्वितीय को तुर्की के एक नागरिक ने वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स स्क्वेयर में गोली मार दी। पोप इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए। 1995 : ब्रिटेन की एक महिला, जो दो बच्चों की मां थी, ने शेरपाओं की मदद और ऑक्सीजन के बिना एवरेस्ट फतह करने के कारनामे को अंजाम दिया। 1998 : विश्व भर की आलोचना और दबाव की परवाह न करते हुए भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सागर की लहरें उठी

सागर की लहरें उठी, जैसे बारम्बार । मेरे मन की पीर भी , द्वंद करे हर बार।। द्वंद करे हर बार, कहूँ क्या दिल की बातें। अद्भुत था वो प्यार, साथ गुजरी जो रातें।। विधना का यह खेल, लगे बदले नटनागर। कहे अर्चना सत्य , बने हैं नैना सागर।।

- अर्चना लाल

धन कितना भी कमा

धन कितना भी कमा लोगे मन शांत नही होगा जीवन में सुख प्यार आशीर्वाद से बड़ा कोई धन नही खुद की मेहनत से अपना नाम बनाओ किसी की चापलूसी से चमचा बनोगे इंसान नही

- वैष्णो कुमार सोनी

ख़ास पाती | यादें उन सुखद रिश्तों की कमाई

यादें उन सुखद रिश्तों की कमाई होती है जिनसे कभी बिछड़ना भी पड़ जाए तो सुनहरी यादों का वह गुच्छा भीनी-भीनी खुशबू से मन को भर देता है यादें सहारा होती है जीने के लिए जिंदगी की कश्ती को चलाने के लिए अकेलेपन को दूर करती है दोस्त बनकर सुकूँ की सेज पे मन को लिटाकर मुस्कुराहट की मीठी सौगात देती है

- बबली सिन्हा वान्या

कितनी ही बार मैंने महसूस किया है

कितनी ही बार मैंने महसूस किया है छू जाते हो मुझे कितनी ही बार यूँ ही कितनी ही दफ़ा ख़्वाब बन के छा जाते हो और कितनी ही बार तेरे अहसास को मैं सहसा छू जाती हूं बंद आंखों से रूह को महसूस कर आत्मसात कर तुममें समा जाती हूं अब बताओ जरा कौन कहता है कि दूर रह कर मुलाक़ात नहीं होती ?

- रेनु शब्द मुखर

अब ये चर्चा आम बहुत है राजनीति

अब ये चर्चा आम बहुत है। राजनीति बदनाम बहुत है।। बढ़ती जनसंख्या के कारण, यदि सरकारी नौकर हैं तो, जीवन में आराम बहुत है। अम्मा दिन भर खटती रहती, कभी न कहती काम बहुत है। रोज कमाने- खाने वाला, नहीं देखता घाम बहुत है। भक्तों का लगता है ताँता, भव्य अयोध्या धाम बहुत है। जीवन में मस्ती भरने को, एक अवध की शाम बहुत है।

- डॉ. बिपीन पांडेया

घड़ियां रूक जाती है किंतु समय चलता

घड़ियां रूक जाती है किंतु समय चलता रहता है घड़ियों के साथ समय नही रुकता हां समय के साथ घड़ियां अवश्य रुक जाती है। सही या गलत समय नही होता बस कोई घटना होती है जो समय के किसी क्षण में घटित होती है और कोई घटना सही या गलत नही होती बस उसकी व्याख्याएं व्यक्ति अपने अनुसार करता है अस्तित्व आपको सुनने के लिए सदैव उपलब्ध है। बस समय का एक सही क्षण जब आप उपयुक्त और उपलब्ध हो जाओ।

- कुलदीप वर्मा

उलझती ज़िन्दगी मेरी लकीरों के सवालों

उलझती ज़िन्दगी मेरी लकीरों के सवालों से बदलनी है मुझे क़िस्मत मेरे हाथों के छालों से अँधेरें राज़ करते है सियासत के घरानों में परेशाँ हो गये जुगनू दिखावे के उजालों से करें मेहनत जो इंसाँ वो सदा खुशहाल रहता है महक आती है मेहनत की उन्हीं सूखे निवालों से परेशाँ माँ किसी कोने में बैठी आज रोती है हुआ छलनी कलेजा है जुबानी तीर भालों से मुहब्बत में मिला धोखा हमेशा याद रहता है ज़रा बचकर के रहना तुम मुहब्बत करने वालों से

- दिनेश भोपाली

अंतर्मन की सड़क पर सुदूर एकांत में

अंतर्मन की सड़क पर सुदूर एकांत में आवाज़ देते हैं कुछ तेरे मेरे भटकते संवाद। बाजारवाद का दौर और : हार जीत की दौड़ निगल चुका है , 35 पार की कोशिशें जैसे : साँझ को एक बार में चबाता हो, भुखमरी से ग्रसित पंछी। कुर्सी पर टेक लगाए, देखते हैं एल्बम में चुटकुलों से भरी उमंगों से जवां यादें और : फिर सो जाना होता है बिना किसी से कुछ भी कहे।

- अनुभूति अनु

QUIZ TIME

1) किस गवर्नर जनरल का कार्यकाल शिक्षा सुधारों के लिए जाना जाता है?

2) भारत के किस राज्य में चपचारकुट महोत्सव मनाया जाता है?

3) विम्बलडन जूनियर खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी कौन है?

4) पतंजलि किसके दरबार मे थे?

5) पंजाब कला परिषद के अध्यक्ष कौन थे जिनका हाल ही में निधन हुआ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विलियम बैंटिक (2) मिजोरम (3) सानिया मिर्जा (4) पुष्यमित्र शुंग (5) सुरजीत सिंह पातर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -055

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 054 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:36, सूर्यास्तः 06:58
चन्द्रोदयः 08:44, चन्द्रास्तः 23:37

अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्रः पुनर्वसु, योग : शूल, प्रथम करण : बव (13:57 तक), द्वितीय करण : बालव (26:05 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : कर्क (29:09 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:41, रवि योग 05:25 से 10:27, विजय मुहूर्त 14:29 से 15:24, गोधूलि मुहूर्त 19:00 से 19:21, सायाह्न सन्ध्या 19:02 से 20:04, निशिता मुहूर्त 23:52 से 24:34, राहुकाल 07:20 से 09:02, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:13 से 13:55, दुर्मुहूर्त 17:13 से 18:07, होमाहुति बुध, दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास पृथ्वी, चन्द्रवास पश्चिम (उत्तर 29:05 से), शिववास कैलाश पर (26:03 से नन्दी पर)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बीते कल की तरह ज्यादा सुख सुविधा प्रदान नहीं कर पाएगा फिर भी सामान्य से उत्तम रहेगा।

वृष : आज के दिन परिस्थितियां कल जैसी सुविधाजनक नहीं फिर भी संतोषजनक अवश्य रहेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए शुभ फल दायक है। दिन के आरंभ में मिजाज हल्का रहने से घर का वातावरण भी हास्यास्पद बनाएंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए हानिकारक है। किसी भी कार्य में लाभ हानि का विचार करने के बाद निर्णय ले जल्दबाजी में जो भी कार्य करेंगे उसमें नुकसान ही होगा।

सिंहः आज के दिन सार्वजनिक क्षेत्र पर लाभ के नए संपर्क जुड़ेंगे जिनकी आशा भी आपको नहीं रहेगी उन लोगों से सम्मान मिलेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए भाग्यवर्धक रहेगा लेकिन इसके लिए लापरवाही से बचना होगा।

तुलाः आज का दिन आपको मंगल कार्यों की तरफ खींचेगा। घर अथवा बाहर धार्मिक अथवा पारिवारिक कार्यक्रम में जाने के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिकः आज भी दिन के आरम्भ से ही स्वास्थ्य में कुछ ना कुछ विकार लगा रहेगा। लापरवाही से बचें अन्यथा कोई नई समस्या खड़ी हो सकती है।

धनुः आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में स्वभाव में थोड़ी गर्मी रहेगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए वृद्धि कर हो सकता है। बीते दिन की तुलना में आज स्वभाव में जल्दबाजी नहीं रहेगी।

कुंभः आज का दिन मध्यान तक व्यर्थ में खराब होगा। जिस काम को करने की सोचेंगे उसकी जगह कोई नया काम सर आने से दुविधा होगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल फल देने वाला रहेगा घर एवं कार्यक्षेत्र दोनों जगह नापसंद कार्य होने से क्रोध आएगा। दिन के आरंभ से अंत तक शांत रहने का प्रयास करें लोगों की कही सुनी को अनदेखा करें तो दिन का बाकी समय सुखपूर्वक बिता सकते हैं।

न्यूज गैलरी

अधिवेशन व प्रतिभा सम्मान में शामिल हुए विजय व ललित

भिलाई। रविवार ग्राम चिरपोटी विकासखण्ड दुर्ग में आयोजित परिक्षेत्रीय निषाद केवट समाज के वार्षिक अधिवेशन महासम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में सांसद विजय बघेल साथ विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र व निषाद राज केवंट की पूजा अर्चना कर आशीवाद प्राप्त किया और इस आयोजन के लिए समाज जानो को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनो एवं पदाअधिकारीयो ने सांसद व विधायक का अभिनंदन किया। छत्तीसगढ निषाद समाज वार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि निषाद समाज मेहनतकस समाज है निषाद केवट, समाज स्वाभिमान के साथ आपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। परंपरागत व्यवसाय के अलावा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज मजबूती से आगे बढ़ रहा है। केवट समाज परम्परागत रूप से मछलीपालन व्यवसाय से जुड़ा हुआ है समाज के कल्याण के लिए सरकार द्वारा मत्स्य नीति बनाई गई है । मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया जिससे मछली पालन में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा हमारी सरकार सभी समाज को एक साथ लेकर चल रही है सभी समाज के कल्याण के हमारी सरकार काम कर रही विभिन्न समाजों के मांग पर भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान किया जा रहा है। विधायक ने कहा की सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस लिए योजनाओं के माध्यम से आम लोगो के जेब में पैसा पहुंचने आम लोगो की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव पर भव्य आयोजन

भिलाई। श्री परशुराम विप्र सेवा समिति के अथक प्रयास से इस्पात नगरी भिलाई-दुर्ग में प्रथम भव्य एवं दिव्य नवनिर्मित भगवान ÷श्री परशुराम चौक÷ मैत्री नगर में जयपुर राजस्थान से मार्बल की विशाल भगवान श्री परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई थी। अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया और साथ ही साथ मुख्य रूप से श्री परशुराम चौक, मैत्री नगर में श्री केसरी समिति द्वारा विशाल भगवा (केसरिया) ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम के पश्चात आम जनमानस के लिए विशाल महाभोग एवं आम पना (जलजीरा) शीतल पेय का वितरण किया गया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर (विधायक ग्रामीण) विशिष्ट अतिथि गिरजा शंकर पांडेय (पूर्व अध्यक्ष सरयूपारीय ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग), राधेगोविंद बाजपेई (प्रदेश अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज), श्रीमती सुनंदा चंद्राकर (पार्षद, वार्ड क्रमांक 27 मैत्री नगर) उपस्थित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया, उसके बाद उपस्थित सनातनी बंधुवर के साथ भगवान श्री परशुराम जी की सामूहिक आरती की गई।

11 राज्यों के गायकों ने रवींद्र संगीत की दी प्रस्तुति, तालियों से गूंजा कलामंदिर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के 163 वीं जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रवींद्र सुधा भिलाई द्वारा हजार कंठ सम्मेलक रवींद्र संगीत कार्यक्रम का ऐतिहासिक आयोजन 12 मई रविवार को कलामंदिर, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया । इस आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित भारत के 11 राज्य के गायक शामिल हुए। 11 राज्यों के 1100 गायकों ने रवींद्र संगीत की प्रस्तुति मधुर प्रस्तुति देकर समा बांधा। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संगीत निर्देशन कोलकाता के श्रीमती अरुंधती देब का था। कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मानस बिस्वास एक्स ईडी माइंस भिलाई स्टील प्लांट, तापस दासगुप्ता सीजीएम इंचार्ज आयरन जोन भिलाई स्टील प्लांट, स्मिता गिरी एडिशनल वाइस प्रेसीडेंट भिलाई महिला समाज, दीपेंदु हालदार, असित साहा सीजीएम इंचार्ज एनएनडीयू, साहियाकार श्रीमती स्थिति दत्त उपस्थित थे। सर्वप्रथम विश्व कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की छायाचित्र पर माला अर्पण और प्रज्वलित की गई। उपस्थित अतिथियों ने रवींद्र नाथ टैगोर के जीवनी से अवगत कराया।11 राज्यों के 1100 गायकों ने रवींद्र संगीत के 20 गानों की प्रस्तुति दी। तालियों की गड़गड़ाहट से कला मंदिर गूंज उठा। आयोजन के अंत में सभी गायकों और अतिथियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन रवींद्र सुधा भिलाई के अध्यक्ष राजदीप सेन और श्रीमती मोऊ राय ने किया।

गौरव की बात है कि 11 राज्यों में छत्तीसगढ़ से स्टील सिटी भिलाई को प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। रवींद्र सुधा भिलाई के अध्यक्ष राजदीप सेन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने 6 माह रिहर्सल किया गया है। भारत के उत्तर, दक्षिण, पूरव, पश्चिम चारों दिशाओं के ग्यारह राज्यों में शत कंठ सम्मेलक रवींद्र संगीत के माध्यम से एक हजार से भी ज्यादा संगीत कलाकार गुरुदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आयोजन में शामिल होने वाले राज्य छत्तीसगढ़ भिलाई, नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल कोलकाता, मध्यप्रदेश भोपाल, महाराष्ट्र नवीमुंबई, झारखंड जमशेदपुर, ओडिशा राउरकेला, कर्नाटक बैंगलोर, तेलंगाना हैदराबाद, तमिलनाडु चेन्नई, असम सिलचर आदि शामिल हैं।

अब तक 3130 प्राप्त डाक मतपत्र

सेवा मतदाता डाक मतपत्र 4 जून की सुबह 6.30 बजे तक जमा होंगे

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 7 के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं, दिव्यांग, 85 प्लस मतादाताओं एवं अनिवार्य सेवा में तैनात मतदाताओं का मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से संपन्न हुआ है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में मुख्य जिला दुर्ग एवं परिक्षेत्र जिला बेमेतरा शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान दुर्ग एवं बेमेतरा जिला में संपन्न हुआ, जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र के माध्यम से जिला दुर्ग में 1995 एवं जिला बेमेतरा में 359 कुल 2354 डाकमत प्राप्त हुआ। विशेष गठित मतदान दल द्वारा दिव्यांग, वृद्ध (85 प्लस) मतदाता के लिये उनके घर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया, इस श्रेणी में जिला दुर्ग में 305 एवं जिला बेमेतरा में 13 डाकमत प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र दशरथ राजपूत से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हुए उन मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) से मतदान कराया गया। पीवीसी से जिला दुर्ग में 05 व जिला बेमेतरा में 10 डाक मतपत्र प्राप्त हुआ। सैन्य एवं केन्द्रीय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र अब तक 443 डाक मतपत्र प्राप्त हुआ है। अब केवल सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना तिथि 04 जून 2024 को सुबह 6.30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। अब तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अंतर्गत सभी श्रेणी से कुल 3130 डाक मतपत्र प्राप्त हुये हैं। प्राप्त डाक मतपत्रों को जिला कोषालय दुर्ग स्थित डाकमत के स्ट्रांग रूम में अभ्यर्थी/उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में सील बंद पेटियों में जमा किया जाता है।

मतदान खत्म होने के बाद एक्शन मूड में आए एसपी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक टीआई, 2 एएसआई और एक महिला प्रधान आरक्षक पर गिरी गाज। कार्य में लापरवाही सामने आने पर दिखाया गया थानों से पुलिस लाइन का रास्ता महादेव सट्टा ऐप मामले में कुछ और खाकी वर्दीधारियों पर हो सकती है जल्द कार्रवाई। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वह मामले की सही ढंग से विवेचना न करने के आरोप में भिलाई भट्ठी थाना के प्रभारी निरीक्षक बिपिन रंगारी पुरानी भिलाई थाना के प्रभारी बहुत चर्चित सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद्र बोरकर महिला प्रधान आरक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक (अ) पर कार्यवाही की गाज गिरी है। पुलिस अधीक्षक ने भिलाई भट्टी के थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी को थाना से हटकर पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। वही सहायक उपनिरीक्षक संजय साहू को निलंबित कर उनके खिलाफविभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पुरानी भिलाई थाना सहायक उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र बोरकर एवं महिला प्रधान आरक्षक नूतन सोनी को लाइन अटैच का आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 1 के सामने सेंट्रल एवेन्यू में हुए सड़क हादसे में दो महिला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की आरक्षक घायल हो गई थी इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक पर आरोप है कि उन्होंने मामले में विलंब किया इस मामले में पुलिस अधीक्षक के समक्ष कार्यवाही को लेकर शिकायत की गई जिस पर से पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने निरीक्षक विपिन रंगारी को लाइन अटैच करने का आदेश जारी कर दिया।

स्ट्रांग रूम के मॉनिटरिंग हेतु अधिकारी नियुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन मतदान पश्चात स्ट्रांग रूम श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विवि जुनवानी भिलाई में ईवीएम/वीवीपैट मशीनों के सुरक्षात्मक दुष्टिकोण से उक्त स्थल में सुरक्षा व्यवस्था निगरानी एवं सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदेशानुसार मतगणना स्थल कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी के सहायक अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार पाटन मीना साहू, नायब तहसील ज्योत्सना कलिहारी एवं सहायक कार्यपालन अभियंता शशीकांत वर्मा को 15 मई तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु नियुक्त किया गया है। नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन, उपअभियंता नपानि भिलाई चरोदा वैभव त्यागी एवं कार्य.अभि. छ.ग. ग्राम सड़क वि. अभिकरण राहुल कश्यप को 16 से 22 मई तक मतगणना स्थल में सुरक्षा, व्यवस्था, निगरानी एवं सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु नियुक्त किया गया है।

टेलीमानस टोल फ्री

दुर्ग। शिक्षा मंडल द्वारा हाई एवं हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी मानसिक तनाव होता है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं मे सकारात्मक व्यवहार के विकास हेतु जिलास्तर पर जिला चिकित्सालय के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम एवं ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर काउंसलिंग की जायेगी।

प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई देने पहुंचे आडिल

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। विकासखंड के ग्राम महकाकला निवासी दुर्गारानी वर्मा पिता स्व गांधीराम वर्मा ने 10 वी में 97.55 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टापटेन में अपना नाम दर्ज कर इतिहास रचा साथ ही पाटन राज के चंगोरी निवासी साहिल वर्मा पिता महेश वर्मा माता निर्मला वर्मा ने 12 वी में 93 प्रतिशत सौभाग्य वर्मा पिता कुबेर वर्मा माता सुधा वर्मा सोरम निवासी ने 12 वी में 90.40प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और समाज का मान बढ़ाया है साथ ही सुप्रिया वर्मा पिता महेश वर्मा माता पारवीं वर्मा नवागांव निवासी ने 10 वी में 94.3 प्रतिशत निधि वर्मा पिता चेतन वर्मा माता सावित्री वर्मा चंगोरी निवासी ने 10 वी में 90.33 प्रतिशत दुर्गेश वर्मा पिता रामकृष्ण वर्मा माता विशाखा वर्मा बठेना निवासी ने 10 वी में 91.38 प्रतिशत ख्वाहिश वर्मा पिता शिशुपाल वर्मा माता गंगोत्री वर्मा नवागांव ने 10 वी में 86.33 प्रतिशत और सूर्यकांत वर्मा पिता भेद प्रकाश वर्मा माता रश्मि वर्मा अशोगा निवासी ने 10 में 80.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंचल का नाम रोशन किया है। मनवा कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने 10 वी और 12 वी के सफल छात्र छात्राओं के निवास पहुंचकर बच्चो और उनके पालकों को उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई दिए। राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने कहा की मनवा कुर्मी समाज के ये बच्चे काफी प्रतिभाशाली है इन बच्चो ने 10 वी 12 वी में अच्छे अंक हासिल कर परिवार समाज और अंचल का नाम रोशन किया है मनवा कुर्मी समाज शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग करेगा।

रोगियों के लिए वरदान बना आरोग्यम

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। दुनिया भर में किडनी रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आरोग्यम सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में किडनी और मूत्र संस्थान के जटिलतम रोगों के इलाज की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरोग्यम को किडनी प्रत्यारोपण की भी मंजूरी प्रदान की गई है। इस केन्द्र में प्रतिमाह 900 से एक हजार मरीजों की डायलिसिस की जाती है। आरोग्यम के किडनी विशेषज्ञ डॉ आरके साहू ने बताया कि दुनिया भर में किडनी के लगभग 85 करोड़ मरीज हैं। देश में भी 75 लाख से ज्यादा मरीज किडनी की विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। पहले जहां ऐसे रोगियों को इलाज के लिए भटकना पड़ता था वहीं अब सरकार की मदद से उन्हें सरकारी के साथ-साथ निजी चिकित्सालयों में भी मुफ्त इलाज मिल रहा है। आरोग्यम में भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक 15 हजार से ज्यादा रोगियों का इलाज किया जा चुका है। संचालक यूरोसर्जन डॉ नवीनराम दारूका ने बताया कि आरोग्यम की स्थापना ऐसे स्थानीय मरीजों की सेवा के लिए की गई थी जिन्हें पहले दूसरे शहरों में जाकर इलाज कराना पड़ता था। किडनी की पथरी से लेकर कैंसर तक, पेशाब की नलियों का सिकुड़ना या उनमें अवरोध उत्पन्न होना जैसी बीमारियों के लिए यहां अत्याधुनिक दूरबीन पद्धति से इलाज की सुविधा विकसित की गई. इसके साथ ही मूत्र संस्थान के जटिल से जटिल रोगों का इलाज यहाँ किया जाता है।

10वीं व 12 वीं का परिणाम उत्कृष्ट

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल सर्टिफिक्रेट परीक्षा 2023-24 (एचएससी- कक्षा दसवीं) के नतीजे घोषित किये हैं। इस परीक्षा में भिलाई टाउनशिप एवं माइंस के 03 सीजी बोर्ड स्कूलों से 119 छात्र शामिल हुए थे। जिसमें86.55 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सभी बीएसपी स्कूलों में कक्षा दसवीं के टॉपर्स में, भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के विनय बघेल ने 94.33 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल - हिर्री माइंस से आकांशा साहू ने 89.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बीएसपी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 11 से तन्नु ने 87.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। परीक्षा में भिलाई टाउनशिप एवं माइंस के 03 स्कूलों से 119 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 43 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्कूल भिलाई टाउनशिप के 02 बीएसपी स्कूलों से 145 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से कुल 92.41 प्रतिशत उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। बीएसपी स्कूलों में कक्षा 12वीं के टॉपर्स में भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की नंदिनी यादव वाणिज्य ने 88.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, तनु खैरवार वाणिज्य ने 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खीरा व करेले की खेती की दी प्रशिक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कुम्हारी खपरी में किसानो के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संघ भवन में रखा गया जिसमें प्रदेश के महासमुन्द, जांजगीर चापा, बालोदाबाजार, जगदलपुर, दुर्ग एवं रायपुर, सहित अन्य जिलो से दो सौ से भी अधिक किसान सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खीरा की खेती के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी भूपेन्द्र परमार द्वारा दी गई, जिसमें फसल के बीज की बुवाई से लेकर फसल तोड़ाई तक जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरान्त करेला की खेती के सम्बन्ध में देवेश टांक एवं प्रशांत मारू ने सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। करेला फसल में लगने वाले कीट व्याधि निवारण करके अधिक उत्पादन किस तरह से लिया जा सकता है इस सम्बन्ध में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

दोपहर भोजन उपरान्त लौकी की उन्नत खेती विषय पर पारूल सिंग और सुमीत लोहान द्वारा किसानों को पूर्ण जानकारी दी गई। प्रदेश के लगभग सभी जिलो के किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण सब्जी वर्गीय फसलों में रोग व्याधि देखा जा रहा है, इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश के किसानों को प्रशिक्षित करना संघ का मूल उद्देश्य है ताकि हमारे प्रदेश का किसान खुशहाल हो सके। खीरा, करेला व लौकी फसल प्रशिक्षण कार्यकम में अधिक पंजीयन के कारण कार्यक्रम को आगामी 15 मई को पुनः आयोजित किया जा रहा है इस कार्यकम के आयोजन में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र लोहान, प्रदेश सचिव भुपेन्द्र दुबे, सह सचिव दिलीप राठौर, संजय गोहिल व हर्षित पढ़ियार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समाज के जरूरतमंदों को मिलेगा लाभ

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गौतम लब्धि फाउंडेशन के प्रचार प्रसार प्रमुख नवीन संचेती ने जानकारी देते हुए बताया आज प्रातः 9 से 12 बजे तक जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में गौतम लब्धि कलश की राशि के सर्मपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें जैन समाज के परिवारों ने कलश में संग्रहित राशि को गौतम लब्धि चादर में समर्पित करने का सराहनीय कार्य किया। आयोजन में जैन साध्वी श्री विजय श्रीजी एवं साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी का सानिध्य प्राप्त हुआ। गौतम लब्धि कार्यक्रम में 1.60 लाख की राशि संग्रहित की गई। जिसे योजनाबद्ध तरीके से जैन समाज के परिवारों के बीच शिक्षा एवं चिकित्सा के मद पर खर्च की जाएगी। गौतम लब्धि फाउंडेशन के सुरेश श्रीश्रीमाल, निर्मल बाफना, रवि गुणधार, आशीष बोहरा, जम्बू भंडारी इस योजना को और बेहतर बनाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम लब्धि फाउंडेशन संयोजक ने बताया आने वाले दिनों में इस योजना का शहर के अंदर और विस्तार किया जाएगा। जिसमें गयानगर, पदनाभपुर, मालवीय नगर, वर्धमान हाइट्स, ग्रीनसिटी से सक्रिय सदस्यों को जोड़ा जाएगा। कलश का वितरण भी इन क्षेत्रों में भी योजनाबद्ध तरीके से वितरित हो सके।

भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण, खुर्सीपार में निकाली शोभायात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। खुर्सीपार परशुराम चौक पर भगवान परशुराम जी की विशालकाय प्रतिमा की स्थापना की गई। प्रतिमा का अनावरण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने बटन दबाकर किया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के कई पदाधिकारी और वरिष्ठ लोग मौजूद रहे। प्रतिमा अनावरण के मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन ही शुभ दिन पर भगवान श्री परशुराम का जन्म हुआ था। उन्होंने भगवान परशुराम की कथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि एक बार परशुराम जी के पिता ने उनकी माता की हत्या करने का आदेश दिया था। इस पर भगवान परशुराम ने अपनी माता की हत्या कर दी। ससे पसन्न होकर पिता ने उनसे कहा कि मांगों जो वरदान मांगना चाहते हो। इस पर परशुराम जी ने कहा कि आप मेरी माता को जिंदा कर दें। इस तरह भगवान परशुराम ने पितृ भक्ति और मातृ भक्ति दोनों का परिचय दिया। वे हमेशा ज्ञान की शक्ति के बारे में बात करते थे कि ज्ञान देना और ज्ञान लेना ही हमारा मूल धर्म है। ज्ञान की शक्ति प्राचीन काल में भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी जितनी आज है। उन्होंने ने कहा कि आज भी काम करने वालों का वर्गीकरण चार ही वर्ग में है। क्लास वन अफसर, क्लास टू अफसर, क्लास थ्री एम्पलाई और क्लास फोर एम्पलाई। इन चार के अलावा कोई वर्ग है क्या? चार ही वर्ग में आज सारे कार्यों का वर्गीकरण हुआ है। अपने यहां चार का तो बहुत महत्व है। उसमें जाएंगे तो चार धर्म हैं, चार वर्ण हैं, चार आश्रम हैं। ये चार हमारे तन, मन, बुद्धि, आत्मा हैं, चार हमारे कर्तव्य हैं।

श्री पाण्डेय ने कहा कि ज्ञान की शक्ति को कभी भी कहीं कोई नकार नहीं सकता। दुनिया में तमाम अंगों का प्रत्यारोपण हो रहा है, लेकिन आज तक कहीं भी बुद्धि का प्रत्यारोपण नहीं हुआ। उन्होंने ब्राह्मण के बारे में बताते हुए कहा कि ब्राह्मणत्व का मतलब है सत्य के लिए साहस रखना। ब्राह्मणत्व का मतलब वेद भी है। लोग आपके चरणों में ऐसे नहीं आते हैं, चरण में तब आते हैं जब आपका आचरण वैसा होगा हमारे पूर्वजों के चरणों में बड़े बड़े राजा भिक्षाटन करते थे। उनके चरणों में अपनी पगड़ी रखते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनका आचरण ऐसा था। उनके पास ज्ञान की शक्ति थी।

आज भी ज्ञान की शक्ति की महत्ता को कोई दुनिया में कम नहीं कर सकता। भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद परशुराम चौक से न्यू खुर्सीपार स्थित श्री परशुराम धाम तक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

नाम-परिवर्तन

मैं मेहनाज बानो (MEHNAJ BANO) पति परवेज आलम (PARVEZ ALAM) निवासी- House No- 36, Street No.- 32, Behind Dubey Dairy, Sundar Nagar, Kohka Supela Bhilai (C.G.) की निवासिनी हूं व मेरी जन्मतिथि 20/07/1986 है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम मोहम्मद अयान पिता परवेज आलम माता मेहनाज बानो व शैक्षणिक प्रमाण पत्र में MOHAMMAD AYAN पिता PARVEZ ALAM माता MEHNAZ BANO सही रूप से अंकित है, जबकि उसके आधार कार्ड क्र.- 8655 3494 3972 में उसका नाम मो. अयान Md. AYAN पिता PARVEZ ALAM अपूर्ण रूप से अंकित हो गया है। मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम मोहम्मद अयान MOHAMMAD AYAN पिता परवेज आलम PARVEZ ALAM माता मेहनाज बानो MEHNAJ BANO है, अत: भविष्य में वह इसी नाम से जाना- पहचाना जायेगा एवं उसके समस्त निजी व अन्य दस्तावेजों में इसी नाम का उपयोग किया जाएगा। मो. अयान Md. AYAN पिता परवेज आलम PARVEZ ALAM माता मेहनाज बानो MEHNAJ BANO एवं मोहम्मद अयान MOHAMMAD AYAN पिता परवेज आलम PARVEZ ALAM माता मेहनाज बानो MEHNAJ BANO दोनों एक ही बालक अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहती हूं। मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम मोहम्मद अयान MOHAMMAD AYAN पिता परवेज आलम PARVEZ ALAM माता मेहनाज बानो MEHNAJ BANO को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर उसके आधार कार्ड एवं समस्त निजी, दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

मुहर
शपथकर्ता
मेहनाज बानो

नाम-परिवर्तन

मैं अनुपम चार्ल्स (ANUPAM CHARLES) पिता C K PATEL पता Plot No.- 456/6 P, Phase- 1, Ashish Nagar, Risali, Civic Centre Bhilai, Durg (C.G.) का निवासी हूं व मेरी जन्मतिथि 04/01/1986 है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम जेसन चार्ल्स (JASON CHARLES) पिता अनुपम चार्ल्स (ANUPAM CHARLES) माता सारणी चार्ल्स (SARNI CHARLES) अंकित है। मैंने अपने पुत्र के वर्तमान नाम जेसन चार्ल्स (JASON CHARLES) को परिवर्तित कर उसका नया नाम जेरेमी चार्ल्स (JEREMY CHARLES) पिता अनुपम चार्ल्स (ANUPAM CHARLES) माता सारणी चार्ल्स (SARNI CHARLES) रख लिया है, अत: भविष्य में वह इसी नये व परिवर्तित नाम से जाना- पहचाना जाएगा। जेसन चार्ल्स (JASON CHARLES) पिता अनुपम चार्ल्स (ANUPAM CHARLES) माता सारणी चार्ल्स (SARNI CHARLES) एवं जेरेमी चार्ल्स (JEREMY CHARLES) पिता अनुपम चार्ल्स (ANUPAM CHARLES) माता सारणी चार्ल्स (SARNI CHARLES) दोनों एक ही बालक अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है, अत: नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहता हूं। मेरे पुत्र के नये व परिवर्तित नाम जेरेमी चार्ल्स (JEREMY CHARLES) पिता अनुपम चार्ल्स (ANUPAM CHARLES) माता सारणी चार्ल्स (SARNI CHARLES) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार पर उसके समस्त निजी, शैक्षणिक, शासकीय- अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथपत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

मुहर
शपथकर्ता
अनुपम चार्ल्स

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430103500034

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी श्री रणबीर सिंह जुट्टी पिता/पति श्री नजार सिंह जुट्टी पता 14/6 नेहरुनगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग, श्रीमती लखबीर कौर जुट्टी पिता/पति श्री रणबीर सिंह जुट्टी सिंह जुट्टी पता 14/6 नेहरुनगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/387 (0.0170) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती लखबीर कौर जुट्टी पिता/पति श्री रणबीर सिंह जुट्टी सिंह जुट्टी पता 14/6 नेहरुनगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पर्यावरण मित्र आदित्य राजे को बाल गौरव सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण मित्र एवं लिटिल योग चैंपियन डॉ. आदित्य राजे सिंह को बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे छत्तीसगढ़ क्षत्रिय कल्याण संगठन के द्वारा दिया गया द्य पर्यावरण के क्षेत्र में सबसे कम उम्र के पीएचडी धारक 10 वर्षीय आदित्य राजे सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा पर्यावरण एवं योगा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने हेतु एवं 10 वर्ष की आयु में पीएचडी प्राप्त करने पर दी गई द्य वह 5 वर्ष की आयु से ही योग एवं पर्यावरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रहे हैं द्य वह सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं अपितु भारत के अन्य राज्यों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए कार्य कर रहे हैं द्य उन्हें विभिन्न राज्यों में सम्मानित किया गया है द्य क्षत्रिय कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्येंद्र गौतम एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने उन्हें बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया एवं कहा कि वह अन्य बच्चों के लिए तथा आने वाले पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है और यह हम सभी एवं हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए बहुत ही गौरव की बात है द्य सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं बधाइयां दी।

महाराष्ट्र मंडल का हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के अंतर्गत विभिन्न केंद्रों की महिलाओं ने शनिवार देर शाम को कई- कई बार राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस साप्ताहिक अभियान में मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की रुचि भी सतत् बढ़ रही है। आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि अवंति विहार केंद्र की महिलाओं ने श्री हनुमान मंदिर, विजय नगर चौक में रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान अनिता, अनघा, नीता भंडारकर, नंदिता, संगीता, गीता दलाल ने समेत कुछ अन्य सभासदों ने रामरक्षा स्तोत्र का पाठ किया। वहीं अमन, डिंपल, किरण, दिपाली, मानवी व नीलेश, मुलानी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले के अनुसार बूढ़ापारा महिला केंद्र की टीम ने बूढ़ापारा के श्री हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान प्रणिता नलगुंडवार, अंजलि नलगुंडवार, ललिता बाई लोखंडे, रीता लोखंडे, वैष्णवी भोसले, पंडित दिलीप शर्मा, पिंकी शर्मा, आस्था काले, हेमा पराडकर सहित अन्य भक्तगण भी उपस्थित थे।

सनातन के पुनरुद्धार और पुनर्स्थापित करने का काम हम सबको करना होगा : अरुण साव

- **उपमुख्यमंत्री अरुण साव रायपुर के शहीद स्मारक में आयोजित आदि गुरु शंकराचार्य जयंती समारोह में हुए शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। दुनिया में सनातन के मान सम्मान का सबसे बड़ा योगदान आदि गुरु शंकराचार्य का है। 8 वर्ष की उम्र में ही उन्हें सभी वेदों का ज्ञान हो गया था, और उसके बाद उन्होंने पूरे देश का भ्रमण कर चार पीठों की स्थापना की। ये वो दौर है जिसमें वास्तव में सनातन का पुनरुद्धार हुआ था। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने ये बातें रविवार को छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित आदि गुरु शंकराचार्य जयंती कार्यक्रम में कही। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि, मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी के समय सनातन के तेज में जो कमी आई थी, वो 22 जनवरी 2024 को दूर हुई। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद दुनिया में एक बार फिर सनातन का डंका बजा। श्री साव ने

कहा कि, हम सबको सनातन पर विचार करने की आवश्यकता है। आज जब हम आदि गुरु शंकराचार्य का अवतरण दिवस मना रहे हैं, उन्होंने जिन उद्देश्यों को लेकर अपने जीवन को समर्पित किया। पूरे देश का भ्रमण किया। आज उनके किए हुए काम को और आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज सनातन का जो स्वरूप होना चाहिए था, आदि गुरु शंकराचार्य सनातन का जैसा स्वरूप चाहते थे, वह स्वरूप आज भी नहीं आया है, इसलिए उनके कामों को आगे बढ़ाने का काम हम सबको करना पड़ेगा।

आदि गुरु शंकराचार्य ने जो रास्ता दिखाया है, आज उस पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने इतने कम समय में बड़ा काम किया है। सनातन के पुनरुद्धार और पुनर्स्थापित करने का काम हम सबको करना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, गोस्वामी समाज ने मेहनत और ताकत के दम पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, इसके किए समाज के लोगों को बधाई देता हूं। वहीं समाज का गौरव बढ़ाने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक मोतीराम साहू, महंत रामसुंदर दास जी, डॉ महेश गिरी, समाज के पदाधिकारी व समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

18 लाख आवास का दावा करने वाली साय सरकार ने एक भी आवास नहीं बनाया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नही दिया है। राज्य सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवास हीनों के नाम सार्वजनिक किया जाये। मोदी सरकार बताये 18 आवासों में से कितने आवास केंद्र स्वीकृत किया? मोदी सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से 1 मकान की भी स्वीकृति नहीं दिया। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा

सरकार ने अभी तक एक भी हितग्राही के खाते में एक रू. भी नहीं डाला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास केवल सरकारी विज्ञापनों और होर्डिंग में ही दिखते रहे है, हकीकत में भाजपा सरकार के आने के बाद एक भी हितग्राही के लिये आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किश्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रू. नहीं भेजा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिस तरह से 2 करोड़ रोजगार हर साल, 100 दिन में महंगाई कम करने और हर खाते में 15-15 लाख रुपए आने का वादा जुमला साबित हुआ, उसी तरह से विधानसभा चुनाव के मोदी की गारंटी के नाम पर किए गए दावे भी जुमले साबित हुए हैं। पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी।

संगठन के निर्देश पर करते हैं काम, कांग्रेस डूबती नाव : ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना हो गए हैं। जहां निकलते समय उन्होंने कहा कि, संघठन के निर्देश पर जा रहा हूं। बीजेपी 365 दिन 24 घंटे काम करती है। जो जिम्मेदारी दी जाती है हम सभी उसे पूरा करते हैं। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना हो गए हैं। जहां निकलते समय उन्होंने कहा कि, संघठन के निर्देश पर जा रहा हूं। बीजेपी 365 दिन 24 घंटे काम करती है। जो जिम्मेदारी दी जाती है हम सभी उसे पूरा करते हैं। पहले छत्तीसगढ़ में प्रचार के लिए परिश्रम किया और अब सभी ओडिसा झारखण्ड में प्रचार कर

रहे हैं। पीएससी की जांच शुरू नहीं होने पर कांग्रेस ने बीजेपी पर सवाल उठाएं हैं। जिसको लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, कांग्रेस ने युवाओं के साथ धोखा किया है और PSC की सीबीआई जांच केंद्र में नोटिफाई हो चुकी है। डर से कई लोग गायब हो गए है और देश छोड़ रहे हैं। गलत करने वाले हर एक को हिसाब देना पड़ेगा।

कांग्रेसी एक दूसरे पर उठाते हैं सवाल

मंत्री पद के लिए एक अनार सौ बीमार वाले बयान वाले कांग्रेस के आरोप पर उन्होंने कहा कि, कांग्रेस डूबती हुई नाव है। बीजेपी में किसी पोस्ट के लिए भागदौड़ नहीं मची है। कांग्रेस के पांच सालों में जय और वीरू की नहीं बन पाई। ये एक दूसरे पर सवाल उठाते हैं जो कि, हास्यास्पद पद है। [illegible] में अधिक संख्या में अच्छे नेता उपलब्ध है और हमारे यहां पद में दायित्व नहीं होता है। जो जिम्मेदारी दी जाती है सभी उसका निर्वहन करते हैं।

महापौर ने साइकल स्टैंड का ठेका मांगा, का खंडन

रायपुर/नवप्रदेश। महापौर एजाज ढ़ेबर ने गॉस मेमोरियल सेन्टर मैदान पर मेले के साइकल स्टैण्ड ठेके देने की मांग नहीं देने पर उन्होने खिलाडियों के कंधे पर बंदूक रखकर चलाई। ढ़ेबर के कार्यकाल के दौरान ही कई मेले प्रदर्षनी और एक्सपो मैदान पर लगे लेकिन उनको नहीं दिखा। एक समाज विषेश के खिलाफ गंदी मानसिकता रखने वाले महापौर को कांग्रेस पार्टी से बाहर करने रायपूर से दिल्ली तक लड़ाई लड़ी जाएगी। दिनांक 10/05/2024 को ''गॉस मेमोरियल मैदान में दुकानदारी का विरोध ''एवं दिनांक 11/05/2024 को प्रकाषित समाचार ''गॉस मेमोरियल मैदान को किसी भी मेले के लिये नहीं दिया, फिर भी खिलाडियों को सालभर नहीं मिला मैदान ''शीर्शक से समाचार प्रकाषित किया गया है वास्तविकता यह है कि गॉस मेमोरियल सेन्टर का संचालन वर्तमान में यूसीएनआईटी के ट्रस्टी एवं छत्तीसगढ़ डायोसिस के सचिव श्री नितिन लॉरेन्स के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में गॉस मेमोरियल सेन्टर के संचालक श्री अमन विलियम्स द्वारा जिला प्रषासन को भ्रामक जानकारी प्रदान की गई कि पिछ्ले साल मैदान में किसी भी आयोजन के लिये अनुमति प्रदान नहीं की गई। साथ ही क्राफ्ट मेला आयोजक शोएब ने एक षपथ पत्र यूसीएनआईटीए ट्रस्टी को दिया हैं कि महापौर एजाज ढ़ेबर ने अपने परिचित हेतु सायकल स्टैण्ड हेतु दबाव बनाया। सायकल स्टैण्ड का ठेका नहीं देने पर पैसे हेतु दबाव बनाया गया पैसे भी नहीं देने पर खिलाडियों को आगे कर मसीही समाज के खिलाफमाहौल बनाने का प्रयास कर रहे है। खिलाडियों के प्रर्दषन में भी महापौर को निजी सहायक सक्रिय रूप से षामिल है।

एसडीएम ने की रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा की शुरुआत

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाठीगढ स्थित पैरी स्टेडियम में शुक्रवार रात 8 बजे मैनपुर प्रीमियम लीग रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा की शुरुआत मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने पूजा अर्चना कर और बल्लेबाजी कर स्पर्धा की शुरुआत की। इस मौके पर ग्राम प्रमुख हेमसिंह नेगी ,सरपंच भाठीगढ़ जिलेद्र नेगी ,मोहित द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान ,रूपेश साहू,आयोजक समिति के प्रमुख रशीद खान उपस्थित थे।

एसडीएम मैनपुर डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ग्राम प्रमुख हेमसिंह नेगी ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना कर कहा भाटीगढ़ में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के लोगों में

भारी उत्साह देखने को मिल रहा है उन्होंने प्रशासन से हाईमास्ट लाइट को चालू करने की मांग की। गौरतलब है कि प्रशासन ने यहां 40 लाख रुपए की लागत से हाईमास्ट लाइट लगाया है। परंतु अभी तक इसे शुरु नहीं किया गया है। इसके अभाव में जनरेटर की व्यवस्था करनी पड़ी है। आयोजन समिति के प्रमुख रशीद खान ने बताया मैनपुर प्रीमियम लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, दूसरा पुरस्कार 25 हजार रुपए एवं कई आकर्षक इनाम रखे गए हैं।

उन्होंने बताया इस स्पर्धा में 60 टीमों ने हिस्सा लिया है। क्रिकेट मैच शाम 6:00 बजे से खेला जाएगा। इस मौके पर टीकम पटेल, नजीब बेग, उमेन्द्र, दुर्गा प्रसाद यादव, उपेंद्र साहू चूड़ामणि, टीकम देवशी, अजय राजभर देवचरण टिंकू लिबास पटेल, राकेश कुमार, आमिर मेमन, आमीन खान, नेलशन बाघमार, चुरामन, संजू निर्मलकर, प्रेम नेताम, अजय राजभर, प्रशांत ध्रुव, टिंकू देवचरण, गोंविदा, खोवालाल, आदित्यराज, मोहम्मद आसीफ, गौकरण, दीपक सोनवानी, संजय, बंटी पटेल,ओशिश साहू,कोमल साहू, यमन पटेल एंव मैनपुर हरदीभाठा, भाठीगढ के खिलाडी सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के युवक को भेजा पत्र, जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के एक युवक को पत्र भेजा है। युवक सक्ती जिला मुख्यालय के वार्ड-16 के रहने वाला है। पीएम ने टिंकू देवांगन को पत्र भेजकर आभार व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने टिंकू को उनके जनसभा के दौरान दिए गए पेंटिंग के लिए आभार माना है। पत्र मिलने पर टिंकू देवांगन और उसके परिजन खुशी से फुले नहीं समा रहें हैं। वे

प्रधानमंत्री के पत्र को सम्मान की बात मानते हैं।

पत्र में पीएम मोदी ने लिखा-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र में लिखा है कि, आपके द्वारा बनाई गई पेंटिंग मुझ तक पहुंचाने के लिए आभार। आपकी इस अभिव्यक्ति ने मेरे हृदय को छू लिया है। आप जैसे परिवारजनों से मिलने वाला स्नेह मुझे देश के लिए जी-जान से कार्य करने की नई ऊर्जा देता है। चित्रकला की शक्ति अद्भुत है। यह हमारे उन विचारों और संवेदनाओं को भी दर्शाने की क्षमता रखती है जिसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल होता है। आपकी पेंटिंग में रचनात्मकता और इस कला में आपकी निपुणता का सहज ही अंदाजा लगता है। यह देखना सुखद है कि अनंत संभावनाओं के इस अवसर काल में हमारी युवाशक्ति अपनी विलक्षण प्रतिभा के दम पर सफलता की नई गाथाएं लिख रही है।

बोर्ड परीक्षा में किसान की बेटियों ने बढ़ाया मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। 10 वीं और 12वीं कक्षा के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इसमें कक्षा 10 वीं से पुकेष देवांगन की पुत्री कु. पूर्वी देवांगन प्रथम (80.83प्रतिशत), रोशन यादव द्वितीय (79.35त्न) और 69.16त्न के साथ तृतीय स्थान अभुभव भैसवाड़े ने हासिल किया। कुल परीक्षा परिणाम 88.88 फीसदी रहा जो पिछ्ले साल की तुलना में 7.83 फीसदी अधिक रहा। कक्षा 12 वीं में भी बेटियों ने बाजी मारी है। 66.66 प्रतिशत के साथ कला संकाय से टम्मन दीवान की बेटी कु. गूंजा दीवान ने प्रथम स्थान, 65.5त्न के साथ विज्ञान संकाय की गरिमा दीवान ने द्वितीय स्थान और विज्ञान संकाय से ही 61.4त्न प्राप्त कर नवीन कुमार ने तृतीय स्थान में जगह बनाया है। कक्षा 12 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 63.15 फीसदी रहा। पिछ्ले साल की तुलना में 3.98 फीसदी अधिक है। छात्रों की सफलता पर संस्था के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी और अध्यापको, वरिष्ठ व्याख्याता केआर साहू, दिनेश निर्मलकर, विरेन्द्र सिन्हा, शिक्षक डॉ ओम प्रकाश वर्मा, किरण दीवान, दीपक गवली, हरि नारायण यादव, हेमंत कुमार दाऊ , श्रीमती नूतन साहू, श्री मती योगेश्वरी यादव, जिला वॉलीबॉल कोच व व्यायाम शिक्षक सूरज महाडिक व पूर्व छात्र मेमन मरकाम ÷जकहा÷ सहित समस्त कर्मचारियों ने विधार्थियो को उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री साय बोले, मां ने पिता ...
केंद्र में मंत्री भी बने। आज मां जसमनी देवी का वही लाडला प्रदेश का मुख्यमंत्री हैं। पिता जी का निधन हुआ तब मैं 10 साल का था। मैंने देखा कि कैसे पिता बनकर हमारी मां ने हमें पाला और इस काबिल बनाया। आज जहां हूं मां की वजह से ही हूं। 7 जन्मों में भी मैं उनका ऋण चुका नहीं सकता।

पहला चुनाव, जब मां की फोटो ...
'जिस दिन नामांकन भरने जा रहा था, मैं इमोशनल हो गया था।' वो साथ नहीं थीं... मगर उनकी फोटो मैंने अपने चुनाव कार्यालय में अपने घर पर, ऑफिस में लगा रखी है। उनकी तस्वीर को प्रणाम करके ही अपने दिन की शुरुआत करता हूं।

डिप्टी सीएम-एचएम बनने से पहले ...
आया। मातृ दिवस पर उपमुख्यमंत्री बोले बचपन में भी मां की पिटाई का भय होता था। अभी भी कुछ गलत करूं तो पड़ जाती है। वो हमेशा मुझे साहस देती रहीं हैं, बिना ये पता लगे कि वो मेरी मदद कर रही हैं। दिनभर में जब भी वक्त मिलता है उनसे बात करके आशीर्वाद ले लिया करता हूं।'

बेल पर जेल से बाहर केजरीवाल ...
करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की वाशिंग मशीन को चौराहे पर तोड़ा जाएगा। और भ्रष्टाचार से पूरे देश को निजात दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपना व्यवसाय सही तरह से चलाने के लिए जीएसटी का सरलीकरण किया जाएगा। जीएसटी को पीएमएलए से बाहर किया जाएगा। हमारा लक्ष्य व्यापार और उद्योग में चीन को पीछे छोड़ना है।
उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि लोगों को केजरीवाल की गारंटी पर भरोसा है और इस दिल्ली की सातों सीटें इंडिया समूह को मिलने जा रही है।

मोदी की गारंटी का भरोसा ..
घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। बिजली की मांग से अधिक उत्पादन करने की क्षमता है और इसे हम करके दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर के गरीबों को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देंगे।

45 से ज्यादा उम्र की आंगनबाड़ी ...
जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच में हुई। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक विभाग में सेवा दी है। सरकार या तो नियमों में संशोधन करे या फिर भर्ती प्रक्रिया में याचिकाकर्ताओं की उम्र सीमा में छूट दे। यह उचित नहीं है कि कुछ ही समय पहले 45 वर्ष की आयु पूरी करने वाली कार्यकर्ताओं को पदोन्नति प्रक्रिया में भाग लेने से रोका दी जाए।

चारधाम यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं ...
पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी नई सूचना के अनुसार, यात्रा पुनः सुचारु रुप से चल रही है। यातायात के सुरक्षित व सुचारु संचालन हेतु यमुनोत्री मार्ग पर पाली गाड़ से जानकी चट्टी के मध्य संवेदनशील व संकरे स्थानों पर यातायात को गेट व वन वे सिस्टम से चलाया जा रहा है। धाम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे बारिश का मौसम है, सभी श्रद्धालु बरसाती, छाता, गर्म कपडे व अन्य जरुरी सामग्री साथ रखकर यात्रा करें।
दूसरी ओर, तीर्थयात्रियों और पर्यटक बड़ी संख्या में मसूरी भी पहुंच रहे हैं। इसलिए डीजीपी अभिनव कुमार ने मसूरी, केम्प्टी व आसपास के क्षेत्र में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के आवागमन से उक्त स्थानों पर यातायात का दबाव बढ़ने के दृष्टिगत, क्षेत्राधिकारी, मसूरी को आगामी 31 मई तक मसूरी में ही कैंप करते हुए यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं।
मसूरी में कैम्प कर समन्वय स्थापित करने निर्देश
उन्होंने कहा कि वह मसूरी में कैम्प करते हुए अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात व अन्य व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के लिए मसूरी व आस पास के क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से यातायात व्यवस्था की रेगुलर मॉनिटरिंग करने हेतु एसएसपी देहरादून को निर्देशित किया गया है तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार उक्त स्थानों पर यातायात व्यवस्था का फीड बैक लेते हुए यातायात का दबाव बढ़ने की दशा में यातायात को रोकने अथवा डाइवर्ट करने के निर्देश दिए है।

अब सीबीएससी स्कूलों में ...
इससे बच्चों की नींव मजबूत होगी।
जानकारी के अनुसार नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, 2020 (एनईपी) और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के अनुसार विद्यालयों में मातृभाषा में पढ़ाई होनी चाहिए। इसलिए नए सत्र से इस तरीके से पढ़ाई शुरू होगी। गौरतलब है कि भुतिया, बोडो, गारो, खंदेशी, किन्नौरी, कुकी, मणिपुरी, नेपाली, शेरपा और तुलु भाषाओं की किताबें तैयार हो चुका है।
इनमें भाषाओं के अल्फाबेट और नंबर दिए गए हैं। साथ ही भाषा को समझने के लिए शब्दों का उच्चारण, शब्दार्थ, चिन्हों की पहचान जैसी विषय भी शामिल हैं। इन किताबों कि डिजिटल कॉपी एनसीईआरटी की आधिकारिक वेबसाइट ncert.nic.in पर उपलब्ध है।

पीएम को बीएचयू हृदय रोग ...
बीएचयू हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर का आरोप है कि विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आईएमएस) के आदेश की सर सुंदर लाल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो केके गुप्ता ने अनदेखी की, जिसकी वजह से हृदय रोग पीड़ितों को पर्याप्त बिस्तर नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि यदि आवंटित किए गए सभी 90 बिस्तर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में उपलब्ध करा दिए जाए तो लगातार बढ़ रही मरीजों में से बहुतों की जान बचाई जा सकती है। पर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गरियाबंद की माताओं की कहानी, दर्द और मुफलिसी में जीवन जीने को मजबूर

- **आर्थिक तंगी के बावजूद हिम्मत नहीं हारी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। किडनी पीड़ितों का गांव कहे जाने वाले गरियाबंद के सुपेबेड़ा से तो हर कोई वाकिफ है. पिछ्ले 17 सालों में 120 किडनी के रोगियों की इस गांव में मौत हो चुकी है. 20 से अधिक लोग यहां बीमार है. इस बीच शासन-प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य जारी है. वहीं, दूसरी ओर कई ऐसी मांए हैं जो विधवा होने के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही है।

आर्थिक तंगी से जूझ रही ये महिलाएंः मदर्स डे पर सुपेबेड़ा गांव की ऐसी मांओं के बारे में बताने जा रहा है, जो कि आर्थिक तंगी के बावजूद हिम्मत नहीं हारीं और अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं. गांव की वैदेही और लक्ष्मी बाई. दोनों सुपेबेड़ा गांव की हैं.

इनके जीवन में किडनी रोग काल बनकर आया. दोनों के पति शिक्षक थे. किडनी रोग से लक्ष्मी सोनवानी के पति क्षितीराम की

मौत 2014 में हो गई. जबकि वैदेही क्षेत्रपाल के पति प्रदीप की मौत 2017 में किडनी की बीमारी से हुई। इन दोनों ने बीमार पति के इलाज के लिए जेवर, जमीन सब कुछ बेच दिया. हाउस लोन लेकर कर इलाज किया. दोनों के 3-3 बच्चे हैं, जिनका भरण-पोषण ये खुद कर रही हैं. साल 2019 में राज्यपाल के दौरे के बाद इन्हें कलेक्टर दर पर प्रतिमाह 10 हजार पगार पर नौकरी मिल गई, लेकिन ये रुपए महंगाई के जमाने में गुजर बसर के लिए नाकाफी है. इन्हें आज भी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मदद की आस है. परिवार चलाने जद्दोजहद कर रही महिलाएंः इस गांव में और भी 50 से अधिक ऐसी विधवा महिलाएं हैं, जो घर चलाने के लिए संघर्ष कर रही हैं. सिलाई करके कुछ महिलाएं अपना घर चला रही हैं. तो कुछ महिलाएं मजदूरी के भरोसे हैं. इसी गांव की प्रेमशिला के पति और सास-ससुर की मौत 7 साल पहले एक-एक करके बिमारी से हुई थी. छोटी ननद और दो बच्चे के भरण पोषण का जिम्मा अब प्रेमशिला के कंधे पर है।घर की हालत बता रही है कि सिलाई मशीन के भरोसे किसी तरह भोजन का भर का इंतजाम वो कर पा रही है. ऐसी और भी कई महिलाएं हैं, जिनके पति किडनी की बीमारी से मर चुके हैं और वो अपना परिवार चलाने के लिए जद्दोजहद कर रही हैं. हालांकि वो हार नहीं मान रही हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

डॉक्टरों ने बिना आपरेशन यूएई इंटरवेशनल प्रोसीजर से निकाला समाधान

- 30 वर्षीय महिला जुड़वां बच्चों की मां बनी
- महिला ने कहा कि यह किसी वरदान से कम नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने 30 वर्षीय महिला को गर्भाशय की दुर्लभ एंडोवैस्कुलर बीमारी एवी मालफॉर्मेशन नामक समस्या से निजात दिलाने में मदद की। महिला को कई महीनों से अत्यधिक रक्तस्राव की समस्या हो रही थी जिसके कारण उसका हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया था। रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. पात्रे के नेतृत्व में बिना सर्जिकल प्रक्रिया के गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (Uterine artery embolization (UAE)) प्रक्रिया के द्वारा एवीएम में असामान्य रक्त वाहिकाओं को ब्लॉक कर दिया गया। इस प्रक्रिया के आठ महीने बाद महिला गर्भवती हो गई एवं उसने 2 (जुड़वां) स्वस्थ्य बच्चों को जन्म देकर मातृत्व सुख प्राप्त किया।

डॉ. विवेक पात्रे के अनुसार, बच्चेदानी का एवी मालफार्मेशन बहुत दुर्लभ होता है। सक्ति जिला की रहने वाली मरीज को बिलासपुर से अम्बेडकर अस्पताल रिफर किया गया। मरीज अम्बेडकर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में डॉ. रूचि किशोर गुप्ता की ओपीडी में आई थी, जहां पर डॉ. रूचि किशोर गुप्ता ने मरीज की समस्या को ध्यान में रखते हुए उसकी सभी प्रकार की जांच की और उस जांच में यह पता चला कि मरीज को एवी मालफार्मेशन की समस्या है जिसके लिए उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. विवेक पात्रे के पास भेजा। डॉ. पात्रे ने मरीज की कलर डॉप्लर सिटी स्कैन एवं इसके बाद एमआरआई की जिसमें इस बीमारी का सटीक पता चला।

गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (यूएई): एंडोवैस्कुलर गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (यूएई) एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें छोटे कणों या एम्बोलिक एजेंट (रेत के दाने के आकार के) को गर्भाशय की ओर जाने वाली रक्त वाहिकाओं में इंजेक्ट किया जाता है। कण वांछित स्थान में रक्त प्रवाह को रोकते हैं और इसे सिकोड़ते हैं। इस तकनीक से यूटेराईन फाइब्रॉएड को भी कम कर सकते हैं। साथ ही साथ पोस्ट पार्टेम हेमरेज से बचाव कर सकते हैं।

टीम में ये रहे शामिल : उपचार करने वाले टीम में डॉ. विवेक पात्रे के साथ डॉ. नोबल चंद्राकर, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. प्रसंग, डॉ. जूही, एनेस्थेसिया से डॉ. प्रतिभा जैन शाह, टेक्नीशियन नरोत्तम और यशवंत साहू शामिल थे।

ऐसे किया प्रोसीजर

कमर के नीचे बेहोश करके दाहिने जांघ के फिमोरल आर्टरी में एक पतली सी तार और कैथेटर डालकर पिन होल तकनीक से एवी मालफॉर्मेशन को खून सप्लाई करने वाली बायीं और दायीं धमनी को एम्बोलिक एजेंट डालकर बंद कर दिया गया। इससे मालफॉर्मेशन में खून का बहाव रुक गया।

क्या है एवी मालफॉर्मेशन

गर्भाशय धमनीविस्फार विकृति (एवीएम) रक्त वाहिकाओं की एक असामान्य उलझन है जो पक्षी के घोंसले की तरह दिखती है। यह भारी और कभी-कभी जीवन-घातक योनि रक्तस्राव का एक दुर्लभ कारण है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह गर्भाशय की धमनी और शिरापरक परिसंचरण प्रणालियों के बीच एक असामान्य संबंध है।

सुखद अहसास

वहीं महिला का कहना है कि मातृत्व सुख, एक माँ के लिए सबसे बड़ा सुख होता है। गर्भावस्था में विभिन्न प्रकार की तकलीफों के बाद भी मातृत्व सुख असीम आनंद देने वाला होता है और अंबेडकर अस्पताल के रेडियोलॉजी एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों के उपचार की मदद से मुझे भी मातृत्व सुख प्राप्त हुआ। इस बार मातृत्व दिवस मेरे लिए दो बच्चों के साथ बेहद सुखद अहसास लेकर आया है।

न्यूज गैलरी

अमलेश्वर में प्रदीप मिश्रा की श्री शिवमहापुराण कथा 27 से

पाटन/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) का श्री शिव महापुराण की कथा का आयोजन 27 मई से अमलेश्वर(पाटन) में होने जा रहा है। इसकी तैयारी पूर्णतः की ओर है। 27 मई से 2 जून तक कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से शिवभक्तों को कथा का श्रवण कराएंगे। 55 एकड़ जमीन को कथा स्थल के रूप में तैयार किया जा रहा है। कथा स्थल के भूमिपूजन उपरांत कथा स्थल की रूपरेखा तैयार होने लगी है। इसी तारतम्यता में 12 मई दिन रविवार को समितियों की बैठक के साथ कथा स्थल का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

सेजेस गोकुलपुर में प्रवेश के लिए लाटरी 15 को

धमतरी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर में शिक्षा सत्र 2024-25 की अंग्रेजी माध्यम कक्षाओं में रिक्त सीट के विरूद्ध प्रवेश हेतु लॉटरी दिनांक 15 मई को दोपहर 12 बजे चयन समिति एवं पालकों की उपस्थिति में निकाली जाएगी। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि लॉटरी में चयनित सूची के विद्यार्थियों के सभी दस्तावेजों की जांच के बाद 15 से 20 मई के बीच प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो कोविड-19 में अपने माता-पिता को खो चुके है, वे या पालक कोविड से मृत्यु का प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेज लॉटरी तिथि से पहले स्कूल में जमा कर दें, ताकि ऐसे बच्चों को महतारी दुलार योजना के तहत प्राथमिकता प्रवेश दिया जा सके।

मैनपुर देवभोग मार्ग पेड़ गिरने से 5 घंटे से रहा अवरुद्ध

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से सड़क 5 घंटे से यातायात अवरुद्ध हो गया है। इससे यहां से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ छोटी गाड़ियां दूसरे रास्ते से अमलीपदर होकर आना-जाना कर रहे हैं लेकिन बड़े वाहनों की लाइन लगी गई है। अभी तक नेशनल हाईवे पर गिरे पेड़ों को को हटाने के लिए कोई प्रयास शुरु नहीं की गई है। जिससे इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

24 प्रकरण में 8200 रुपए वसूले सम्मन शुल्क

- यातायात पुलिस का अभियान जारी

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन , उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के मार्गदर्शन में यातायात शाखा भाटापारा प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान जारी है वही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही भी जारी है। यातायात प्रभारी श्री मिश्रा ने बताया कि जांच अभियान के दौरान 24 प्रकरण में 8200 रुपए सम्मन शुल्क राशि वसूल की गई और वाहन चालको को समझाइश भी दी गई। भाटापारा शहर के विभिन्न चोक चौराहों,प्रमुख मार्गो ,सड़को,ग्रामीण अंचल मार्ग पर यातायात पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से मिले निर्देश के बाद वाहन जांच अभियान जारी है इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही भी की गई।इस दौरान जिन 24 प्रकरणों में कार्यवाही हुई उसमे दु पहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चलाना 2 प्रकरण 600 समन शुल्क।यातायात नियमों का उल्लंघन 3 प्रकरण 900 समन शुल्क।मौके पर कागजात पेश न करना 01प्रकरण 300 समन शुल्क।मौके पर लायसेंस पेश न करना 0 5 प्रकरण में 1500 समन शुल्क। ।हेडलाईट का आधा काला न होना 8 प्रकरण 2400 समन शुल्क , ,पुलिस अधिकारियों के आदेश की अवहेलना 5 प्रकरण में 2500 रुपए सम्मन शुल्क की राशि लिया गया।

अरसनारा में एक दिनी संत समागम व यज्ञ चौका आरती आज

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम अरसनारा में श्री सद्गुरु कबीर आश्रम में सतलोकवासी महंत चेतनदास साहेब जी की ग्यारहवी पुण्यतिथि की स्मृति में एक दिवसीय संत समागम एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती सोमवार13 मई को आयोजित है। इस पावन अवसर पर श्री कबीर पंथाचार्य 1008 पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब जी आचार्य श्री सद्गुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा वाराणसी (उत्तरप्रदेश) मौजूद रहेंगे। श्री सद्गुरु कबीर आश्रम के महंत श्रीराम साहेब जी ने बताया कि इस अवसर पर नवनिर्मित सत्संग भवन का उद्घाटन एवं श्री सद्गुरु कबीर साहेब जी की प्रतिमा की स्थापना श्री हजूर अर्धनाम साहेब के द्वारा की जाएगी। सुबह 7 बजे गुरु महिमापाठ, ध्वजारोहण, सत्संग भवन लोकार्पण एवं श्री सद्गुरु कबीर साहेब की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। प्रथम सत्र में सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन, सत्संग एवं दोपहर 12 बजे से 01बजे तक श्री हुजूर अर्धनाम साहेब आशीर्वचन प्रदान करेंगे। शाम 4 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती होगा। 7 बजे महाप्रसादी एवं भोजन भंडारा कार्यक्रम आयोजित है।

नपा अध्यक्ष पहुंचे गुरुनाला में चल रहे सफाई कार्य देखने

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक शनिवार 11 मई को गुरुनाला में चल रहे सफाई कार्यो का जायजा लेने पहुंचे। गुरूनाला सफाई कार्य सुचारू ढंग से किये जाने हेतु निर्देशित भी किया।

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि विगत 4-5 दिनों से गुरूनाला का सफाई कार्य किया जा रहा है गुरूनाला का सफाई कार्य किये जाने हेतु सीमांकन करते हुए चैन माउंटेन पोकलेन व सफाई कर्मचारी की मदद से सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है जो बरसात पूर्व सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देशों का पालन करते हुए कार्य कराया जा रहा है बरसात शुरू होने से पहले ही संपूर्ण गुरूनाला का सफाई पूर्ण कर लिया जायेगा, ताकि बरसात के दिनों में निचली बस्तियों में पानी न भरे व निवासरत परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि गुरूनाला की सफाई कार्य हेतु नगर पालिका टीम जुटा हुआ है। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चन्द्रवंशी, पार्षद सुनील साहू, सभापति प्रतिनिधि अनिल साहू, कबीरपंथ ज़िलाध्यक्ष ईश्वरी साहू, समाज सेवक नरेश मानिकपुरी, अनुसूचित जनजाति उपाध्यक्ष बिहारी धुर्वे आदि उपस्थित थे।

सरयूपारीण ब्राम्हण समाज ने किया सुंदरकांड पाठ

भाटापारा/नवप्रदेश। छ ग सरयूपारिण ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पाठ शिव प्रसाद तिवारी एवं साथियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत समाज के संरक्षक नरेंद्र शर्मा कन्हैया धर दीवान अध्यक्ष सुनील दुबे भूपेशधर दीवान मनीष शुक्ला एनपी मिश्रा मनोज पांडे मनीष शुक्ला राजू दुबे धनेश तिवारी राजेंद्र दुबे द्वारा किया गया एवं चंदन तिलक मधुकांत चौबे अशोक शर्मा हरिहर शर्मा संतोष शर्मा हितेश शर्मा भूपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। पूजन कार्य अनिल पांडे राज दीपक पांडे संजय तिवारी कृष्ण कुमार शर्मा दीनबंधु तिवारी द्वारा किया गया ।प्रसादी व्यवस्था में देवेंद्र शर्मा आनंद शर्मा दिनेश शर्मा सुनील तिवारी सुनील शर्मा प्रशांत घर दीवान. आदित्य दुबे अनिरुद्ध दुबे द्वारा किया गया बैठक व्यवस्था में प्रकाश शर्मा संतोष पांडे ने सक्रिय भूमिका निभाई। उक्त अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशा शर्मा उषा मिश्रा ज्योति पांडे उपासना शर्मा आरती पांडे रश्मि तिवारी दिव्या शर्मा प्रभा शर्मा रितु तिवारी गायत्री तिवारी सरिता शर्मा मीनाक्षी शर्मा प्रियंका तिवारी उमा शर्मा राशि तिवारी वेदिका शर्मा सावित्री तिवारी रिया शर्मा ममता दीवान सुनीला पांडे उमा शर्मा सिद्धि तिवारी शकुन चतुर्वेदी सीमा शर्मा श्रुति तिवारी निशा आनंद शर्मा सुमन तिवारी भावना शुक्ला पुजा दीवान पूनम पांडेय सृष्टि पांडेय अदिती दुबे सहित भारी संख्या में समाज के लोगों ने सुंदरकांड पाठ किया। अध्यक्ष सुनील दुबे ने इस अवसर पर सभी को भगवान परशुराम जयंती की बधाई दी।

संघर्षो को मजबूत बनाने बजरंगियों का प्रशिक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी द्वारा लगातार पूरे जिले में सक्रियता से समाज सेवा, धर्म रक्षा , गौ रक्षा, गौ सेवा और समाज जागरण का कार्य किया जा रहा है। मोहन साहू और संदीप अग्रवाल के नेतृत्व में अपना एक अलग स्थान और पहचान बनाने में सफ़ल रहा है। जिले भर से हजारों की संख्या में युवा वर्ग, माताएं, बहनें और गणमान्य नागरिक विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल से लगातार जुड़कर कार्य करने को आगे आ रहे हैं। इस संबंध में युवाओं का प्रशिक्षण वर्ग रायपुर जिले में लगाया गया है। जिसमे पूरे प्रदेश भर के बजरंगी प्रशिक्षण लेने पहुंचे। धमतरी जिले से 60 से ज्यादा बजरंगी प्रशिक्षण में शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से बजरंग दल के प्रशिक्षण के लिए आह्वान किया। 60 से 70 युवाओं का चयन कर धनेली रायपुर के लिए प्रशिक्षुओं को रवाना किया गया।

विहिप जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि जिले से अलग अलग समय में बजरंगी बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के लिए जाते हैं। आज धमतरी जिले से 70 बजरंगी प्रशिक्षण लेने रायपुर के लिए रवाना हुए है जो प्रशिक्षण के बाद देश धर्म और समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बजरंग दल का प्रशिक्षण लेने वालों में डाकेश्वर कुमार, पोषण साहू, , रजनीकांत देवांगन, तुषार साहू, गौरव साहू, कुंजबिहारी साहू,, सारांश ठाकुर, लेखराज साहू, पार्थ प्रजापति, छत्रपाल साहू, तोरण निषाद, देवेन्द्र साहू, सुभाष कुमार, मुकेश कुमार, सेवक रामपटेल, वेदव्यास साहू, पीतांबर, दीपक सोनी , महेंद्र ध्रुववंशी, ढालेश्वर साहू, गेलेश्वर ध्रुववंशी और नेमचंद साहू आदि शामिल हैं।

खाद्य सामग्री की सरसीवां में ही जांच करने कलेक्टर को पत्र

सरसींवा/ नवप्रदेश। भिनोदा निवासी गोपी अजय ने कलेक्टर को पत्र लिखकर दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थो की कैंप लगाकर जाँच परीक्षण करने की मांग की है। खाद्य सामग्री में स्वस्थ को नुकसान पहुंचाने वाले कारक की उपस्थिति सरसींवा क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से कैंप लगा कर सरसींवा/भिनोदा में ही जांच किए जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि एमडीएच और एवरेस्ट कंपनी के कुछ मसालों को बैन करने की खबर मिल रही है। इसे सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों ने इन दोनों कंपनी के कुछ मसालों को बैन कर दिया है। उन्होंने जांच कराई है। इसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा बहुत ज्यादा बताई गई है। जिससे लोगो को कैंसर होने की आशंका बहुत अधिक है। एथिलीन ऑक्साइड बहुत ही ख़तरनाक केमिकल है एथिलीन ऑक्साइड को सूंघने भर से कैंसर होने का खतरा होता है। इसमें मुख्य रूप से स्तन कैंसर, मस्तिष्क,पेट, अग्नाशय, लिम्फेटिक और हेमेटोपोएटिक कैंसर एवं विभिन्न प्रकार के कैंसर होने की आशंका होती है। इसे पूरे देश को गंभीरता से लेना चाहिए।

बिजली गोडाउन अग्निकांड : विभाग ने महीने भर बाद सौंपी घटना की रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली विभाग के गोडाउन में 5 अप्रैल का वह अग्निकांड, जिसने पूरी राजधानी झकझोर कर रख दिया था. रायपुर शहर के बीचों बीच इस गोडाउन में घंटों तक धधकती लपटों से सरकार के करोड़ों रुपये की बिजली मशीनरीज जलकर तबाह हो गई. महीने भर बाद जब बिजली विभाग ने जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी है.

तब चौंकाने वाले बिंदु सामने आए हैं. रिपोर्ट में बिजली प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ सरकार को बताया है कि 5000 से अधिक नए पुराने ट्रांसफार्मर, बिजली के केबल, हजारों लीटर ऑयल समेत 50 करोड़ रुपये से भी अधिक की बिजली मशीनरीज जलकर खाक हो गई है, लेकिन आगजनी कैसे हुई ? यह अब तक नहीं बताया जा सका है. और ना ही महीने भर बीत जाने के बावजूद विभाग ने आज तक किसी भी अधिकारी पर कार्रवाई की. या उन्हें नोटिस देकर जवाब मांगने की जहमत उठाई.

जबकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए थे. ऐसे में बड़े भ्रष्टाचार के सुगबुगाहट के बीच बिजली विभाग के जांच रिपोर्ट पर ही सवाल उठने लगा है. मामले में विपक्ष ने भी बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर निशाना साधा है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने घटना की निष्पक्ष जांच और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है.

बिजली कंपनी ने क्या कहा

मामले में छत्तीसगढ़ स्टेट पवार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी गई है. 50 करोड़ रुपये से अधिक के समान जल गए. अब तक किसी भी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई है और ना नोटिस दिया गया है. हम कार्रवाई करेंगे.

अग्निकांड आखिर कैसे हुआ, क्या चोरी और भ्रष्टाचार छिपाने इसकी साजिश रची गई ?

- जांच रिपोर्ट में वजह क्यों स्पष्ट नहीं बताई है ?
- किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों जांच के दायरे में क्यों नहीं लाया गया ?
- स्पष्ट जांच और कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री निर्देशों को क्यों अनदेखा किया गया ?
- गोडाउन की कमान संभालने वाले अधिकारी पिक्चर से क्यों गायब हैं ?

बिजली विभाग में इस बात की भी चर्चा जोरों पर है, कि गोडाउन में लंबे समय से बिजली उपकरणों की चोरी हो रही थी. भ्रष्टाचार को लेकर गोडाउन में कुछ लोगों की संलिप्तता की बात भी चर्चा में रही. ऐसे में अचानक लगी आग को लेकर भी बड़ा सवाल है.

महापुरुषों के स्मारकों की सफाई, जन सहयोग ने चलाया स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। नगर की चर्चित समाजसेवी संस्था जन सहयोग समाजसेवी का हर रविवार शहर के अलग अलग जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ भारत अभियान संदेश दिया जाता है। रविवार को जन सहयोग÷ समाज सेवी संस्था एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने मिलकर अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय मार्ग स्थित महाराणा प्रताप तथा वीरांगना महारानी की मूर्तियों की साफ-सफाई की साथ ही स्मारक परिसर पर भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। ये प्रतिमाएं कलेक्टर कार्यालय मार्ग के प्रारंभ में ही नेशनल हाईवे पर हैं और इधर से गुज़रने वाले सभी यात्री इन मूर्तियों की सुंदरता की प्रशंसा करते हैं। इस कारण इनकी धुलाई सफ़ाई होते रहना आवश्यक है। इस कार्य में जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, भूपेंद्र यादव डोमेश वलेचा आदि ने सहयोग किया।

NMDC Ltd.
(A Govt. Of India Enterprise) (ISO 9001 Company)
Bailadila Iron Ore Mines, Bacheli Complex
Bacheli, Distt. - South Bastar (Dantewada), CG - 494553
Phone No.: Phone No.: 07857-230210, Mob.: 8085559082
//e-Tender Notice //

दिनांक 13.05.2024

बी आई ओ एम/बीसी/ अनुबंध प्रकाशन /2024-25/084/

निम्नांकित कार्यो के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmde/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जारी किए जाने वाले किसी भी शुद्धिपत्र / परिशिष्ट के लिए, बोली लगाने वाले को समय-समय पर ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर उसे नोटिस करना चाहिए। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निविदा फॉर्म को केवल ऑनलाइन ऊपर दिये गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।

	MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 24-25/ET/	NMDC/ Tender. No BIOM/BC/ CONTRACTS /OTE(84)/24-No. 25/	Short Description of Work	EMD (Rs.)	Last Date of Sub'n
1	25/94	E-032	Rewiring of 92 nos Type II vacant quarters for Bachelor accomodation at Subhash Nagar	98,802/	13-06-2024
2	26/95	E-027	Undergrounding and laying of cable for SS-III Downhill feeder, Baila-5 feeder other feedeers emanated from Main Substation under Electrical Services, Bacheli	47,255/-	13-06-2024
3	27/96	HOSP- 001	AMC OF HOSPITAL EQUIPMENTS	20,300/-	13-06-2024
4	30/99	C-292A	Comprehensive annual maintenance contract (CAMC) of cooler cum purifier and Hi-flow aqua guard for the year 2023-25 at BIOM, Bacheli Complex	25,000/-	13-06-2024
5	31/100	PE-013	Replacement of HT/LT Motors at different locations in SP -5	13,116/	14-06-2024
6	28/97	C-368	Construction of hard top cement concrete road from loading plant welcome gate to end of railway bridge including approach road works Bacheli Complex.	30,100/-	14-06-2024
7	29/98	C-308	Miscellaneous Civil works & Face Lifting works (Interior & Exterior) of ET Hostel BIOM Bacheli Complex	50,300/-	14-06-2024

विभागाध्यक्ष (अनु. एवं से.) अनु.
बीआईओएम, बचेली कॉम्पलेक्स

न्यूज गैलरी

6वां स्थान प्राप्त करने पर तनिश को महापौर की बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्ड्री स्कूल की परीक्षा में नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के मैथ्य विषय में तनिश कुमार साहू 91.6 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में 6वां स्थान प्राप्त कर शहर तथा जिला को गौरान्वित किया है। इनकी सफलता पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख उनके निवास पहुंच बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ज्ञात है कि तनिश साहू चिखली निवासी प्रसादी लाल साहू, माता श्रीमती ओमेश्वरी साहू के पुत्र है, इनकी माता गृहणी है, ये सामान्य परिवार की होने के बाद भी हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा में जिले में 6वां स्थान बनाकर संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया है। नगर की महापौर श्रीमती देशमुख ने तनिश साहू को बधाइयां देते हुए कहा कि इसी तरह अपने माता-पिता एवं अपने क्षेत्र एवं नगर का नाम रोशन करते रहो। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब परिवार के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले इसके लिये प्रदेश में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले है, जिसका अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। आगे के वर्षो में हाई स्कूल और हायर सेकेन्ड्री स्कूल के और भी अच्छे परिणाम आयेंगे। उन्होंने तनिश साहू के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उच्च मुकाम हासिल करने की भगवान से प्रार्थना की।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम का परिणाम रहा उत्कृष्ट

पिपरिया/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया के छात्रछात्राओं ने कक्षा 12 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है। छात्रा आरती निषाद, पिता लल्लू निषाद कामर्स संकाय ने 92त्न तथा हुमन पटेल विज्ञान संकाय ने 82त्न अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम कक्षा बारहवी कामर्स में 88त्न तथा विज्ञान संकाय में 98त्न कला संकाय 65त्न परिणाम लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था प्रमुख सतीश कुमार बंजारे एवं समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है उत्कृष्ठ परिणाम से नगर में हर्ष व्याप्त है।

दसवीं में चहक व बारहवीं में पूर्वा रही प्रथम

साजा/नवप्रदेश। नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में कुल 51 में 46 विद्यार्थी तथा कक्षा बारहवी में कुल 10 में 10 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 90.19त्न तथा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 100त्न रहा। कक्षा दसवीं में चहक देवांगन 94.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, चंचल बंजारे 92. 83 प्रतिशत द्वितीय स्थान व भूमिका भारती 92 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। बारहवीं में पूर्वा साहू 85.8 प्रतिशत (विज्ञान) प्रथम स्थान, खुशी देवांगन 79. 4 प्रतिशत द्वितीय स्थान व पायल साहू 78.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य मनीष कुमार वर्मा तथा सभी शिक्षकगणों ने होनहार बच्चों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई।

जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी बेमेतरा रणबीर शर्मा, सचिव मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसआर चुरेन्द्र के मार्गदर्शन मे जिला अस्पताल बेमेतरा मे विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ चुरेन्द्र ने रेडक्रॉस के उद्देश्य की जानकारी दी और निस्वार्थ मानव सेवा के लिए जागरूक किया। जिला संगठक रेडक्रॉस उपेंद्र सेंगर ने बताया कि विश्व रेडक्रास दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मई को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के संस्थापक सर हेनरी ड्युनाट के जन्मदिवस के अवसर पर 8 मई को मनाया जाता है, संगठन का मुख्य उद्देश्य मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा, सार्व भौमिकता और एकता है। आपदाओ मे राहत प्रदान कर मानवीय सहायता करना ही रेडक्रॉस का उद्देश्य रहता है। इस अवसर पर जिला संगठन रेडक्रास सोसायटी एसटीआई परामर्शदाता के साथ जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, पैरामेडिकल, नार्शिग चतुर्थ श्रेणी स्टाफ मरीजों के परिजन उपस्थित रहें।

जुआरियों से 5400 रुपए सहित स्कूटी एवं तास जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, वाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे वालों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 10 मई को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत के पिकरी बेमेतरा तालाबपार के आम जगह में कुछ लोग स्ट्रीट लाईट के प्रकाश में रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना बेमेतरा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर जुआड़ी पकडे गये।

जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 2 जुआडियों प्रितम साहू उम्र 32 साल साकिन सिंघौरी बेमेतरा, संजय यादव उम्र 35 साल साकिनान बाजार पारा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 5400 रूपये, स्कूटी मोटर सायकल कीमती 50000 रूपये, कुल जुमला कीमती 55400 एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

पढ़ाई के दौरान हुआ विवाद, मांगी साढ़े पांच लाख रुपए की फिरौती

कोरबा/नवप्रदेश। बैंगलुरू में पढ़ाई के दौरान दो विद्यार्थियों के बीच हुआ विवाद कोरबा पहुंच गया है। मामला साजिश और फिरौती से जुड़ा है। मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया है। घटना सितंबर 2023 की बताई जा रही है। एसईसीएल की सुभाष ब्लॉक कालोनी में रहने वाले संजय कुमार के दो पुत्र वर्ष 2022 में बैंगलुरू में पढ़ाई कर रहे थे। उनके साथ महाराणा प्रताप नगर में रहने वाला तन्मय यड्डु भी बैंगलुरू में संजय के एक पुत्र के साथ कमरे में रहता था। सितंबर 2023 में दोपहर लगभग 12 बजे संजय के मोबाइल पर एक कॉल आया। जिसमें तन्मय ने संजय के साथ गाली-गलौज करते हुए उससे साढ़े पांच लाख रुपए की मांग किया। बताया कि संजय के बेटे ने तन्मय से साढ़े पांच लाख रुपए लिया है।

इसके पहले कि संजय कुछ समझ पाते तन्मय ने फोन काट दिया। थोड़ी देर बाद उसने दोबारा फोन किया और पैसा नहीं देने पर परिणाम भुगतने के लिए कहा। उसी दिन तन्मय ने संजय के पुत्र

से बैंगलुरू में मारपीट किया और इसका ऑडियो भी फोन पर संजय को सुनाया। इसमें संजय के पुत्र के रोने की आवाज आ रही थी। संजय को जब इसकी जानकारी हुई तो वह महाराणा प्रताप नगर में रहने वाले तन्मय के पिता के पास पहुंचा। संजय के अनुसार तन्मय के पिता वायएस मेहराज ने मामले का समाधान करने के बजाय संजय को पैसा देने के लिए कहा। संजय अपने साथ एक परिचित पार्षद को भी तन्मय के घर ले गया था। वहां बात नहीं बनी तब वह मानिकपुर चौकी पहुंचा और पुलिस से इस पूरे मामले की जानकारी को साझा किया।

मानिकपुर चौकी पुलिस ने हस्तक्षेप किया और सितंबर 2023 में तन्मय ने संजय के पुत्र को छोड़ दिया। लेकिन यह मामला तब बैंगलुरू पुलिस के सामने भी पहुंचा था लेकिन वहां की पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। युवक पर कार्रवाई हो लेकर संजय ने मानिकपुर चौकी में आवेदन दिया था लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो संजय कोर्ट पहुंच गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तन्मय और उसके पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी (षड्यंत्र), 387 (पैसे के लिए धमकी देना) और 347 (कमरे में बंद करना) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी आरोपियों की गिरतारी नहीं हुई है।

सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत, 3 घायल

कवर्धा/बालोद/नवप्रदेश। तीन अलग-अलग जिलों में हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई है। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। पहली घटना कवर्धा जिले की है। नेशनल हाईवे 30 पेट्रोल पंप के पास बिरकोना गांव में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दूसरी घटना बालोद जिले की है। बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा युवक घायल है। तीसरी घटना सूरजपुर जिले की है। दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

कार ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत

इधर कवर्धा में बीती रात तेज रफ्तार टाटा हेक्सा ने मोटर साइकिल को रौंद दिया। मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना नेशनल हाइवे 30 पेट्रोल पंप के पास बिरकोना गांव की है। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत युवक का नाम पुनाराम जिंदा गांव का निवासी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दी है। आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला पिपरिया थाना का है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, एक घायल

इधर बालोद में झलमला और घोटिया के मध्य स्थित ग्राम हर्राठेमा में मोटरसाइकिल सवार युवकों को अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान तरुण हिड़को 32वर्ष ग्राम मुल्लेगुड़ा निवासी के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक अमन हिड़को हर्राठेमा गांव निवासी बताया जा रहा है। दोनों युवक हर्राठेमा गांव से अरजगुंडरा गांव शादी में शामिल होने जा रहें थे। घटना की सूचना पर पहुंची बालोद पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा। वहीं पुलिस घटनास्थल पर मर्ग कायम कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

दो बाइकों के बीच जबरदस्त टक्कर, एक की मौत

इधर सूरजपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के ऊंचडीह रोड में दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार यूवक की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

धोखाधड़ी कर दूसरे की जमीन को बेचने के मामले में 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

मामले में 2 आरोपी पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी समीर सदेवा पिता भारतभूषण सदेवा उम्र 53 साल स्थायी पता 86 नर्मदा रोड रतन कालोनी जबलपुर (म0प्र0) का दिनांक 04.02.2024 को थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) पटवारी हल्का न0 19 तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में खसरा न0 86/01 क्षेत्रफल 0.466 हेक्टेयर जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में दिनांक 19.01.2024 को हल्का पटवारी श्री कमलेश चंदेल द्वारा फोन कर जानकारी लिया आप किसी को पावर आफ अटर्नी देकर बिक्री किये हो जमीन बिक चुकी है। तब यह जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट ग्राम रजोली जिला बालोद के द्वारा अन्य लोगो के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ाकर फर्जी मुख्तायारनामा तैयार कर क्रेता के पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय राजनांदगांव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जॉच पर धारा 419,420,467,468,471,120-बी भादवि0 का अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली राजनांदगॉव में अपराध क्र0 81/2024 धारा 419,420,467,468,471,120-बी भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के दिनांक 24.02.2024 को आरोपी (1) नावेद अली पिता नरेश सिंह उम्र 32 साल साकिन वार्ड न0 41 कैलाशवाडी मस्जिद के पिछे दुर्ग थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग (2) श्रवण कुमार साहू पिता स्व0 जोहत राम साहू उम्र 39 साल साकिन सिकोसा ग्रामीण बैंक के सामने थाना गुण्डरदेही जिला बालोद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जो जिला जेल राजनांदगांव में निरूद्ध है। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली से टीम गठित कर मामलें में फरार 02 अन्य आरोपियों की लगातार पतासाजी किया जा रहा था, कि आज दिनांक 12.05.2024 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी बिहारी लाल पिता स्व0 मेहत्तर राम उम्र 58 वर्ष साकिन दमोदा थाना पुलगांव जिला दुर्ग (छ0ग0) को ग्राम दमोदा जिला दुर्ग से एवं आरोपी प्रेमलाल भाट पिता लिलक राम भाट उम्र 40 वर्ष साकिन ग्राम रजोली थाना रनचिर्रई जिला बालोद (छ0ग0) को दुर्ग शहर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया, पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर आज दिनांक 12.05.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, उपनिरी0 धनीराम नारंगे, संजय बरेठ, सउनि0 इसराफील खान, प्र0आर0 मिलन साहू, आरक्षक प्रदीप जायसवाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

फरार अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सीआर चंद्रा द्वारा अपने टीम एवं सायबर सेल राजनांदगांव के साथ ग्राम लेड़ीजोब में मुकेश जंघेल के घर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी मुकेश जंघेल पिता स्व. महेश जंघेल, उम्र 34 साल, ग्राम लेड़ीजोब, थाना डोंगरगढ़ एवं महेन्द्र वर्मा पिता कुमार वर्मा, उम्र-24 साल, साकिन मोहारा, थाना डोंगरगढ़ को पकड़कर आरोपी मुकेश जंघेल के घर से एवं टाटा सफारी वाहन क्रमांक सीजी 10-पी 8765 से कुल 39 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल मात्रा-351 बल्क लीटर मध्यप्रदेश में निर्मित छत्तीसगढ़ सरकार को बिना टेक्स चुकाये शराब एवं 90 लीटर महुआ लहान किमती 208260 रुपये एवं टाटा सफारी वाहन किमती 800000 रुपये को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 34 (2) 36 आबकारी एक्ट कायम कर आरोपीण विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण में आरोपी नंद किशोर साहू पिता अशोक साहू, उम्र 32 साल, साकिन बुधवारी पारा, वार्ड क्रमांक-15, डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ घटना दिनांक समय को मौके से फरार हो गया था, जिसे डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा पता-तलाश कर 10 मई को

गिरफ्तार किया गया।

लूट का मोबाईल जप्त, आरोपी गिरफ्तार

इधर डोंगरगढ़ में प्रार्थिया भूमिका जाम्बुलकर, निवासी कुरूभाठ, थाना डोंगरगढ़ 10 मई 2024 को दोपहर 12.30 बजे सायकिल में डोंगरगढ़ से अपने घर जा रही थी। रास्ते में सामने तरफ से एक मोटर सायकल में तीन बदमाश पास आकर लड़की को सायकिल सहित धक्का देकर गिरा दिये और उसके मोबाईल फोन, आधार कार्ड लूट कर फरार हो गये थे। पीड़िता के रिपोर्ट पर धारा-392, 34 भादवि का अपराध दर्ज कर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग दिशा-निर्देश प्राप्त कर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये तत्काल निरीक्षक सीआर चंद्रा, साकिन रजानगर, वार्ड नंबर 20, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रकरण के दो अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह का 47वां उर्स 15 से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव के पारीनाला स्थित दरगाह शरीफ हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह जी का 47वां उर्स काफी हर्षोल्लास एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। जलालबाग उर्स इंतेजामिया कमेटी ने बताया कि सभी धर्मावलंबियों के अटूट आस्था के प्रमुख स्थान पारीनाला दरगाह के इस 47वें उर्स को यादगार बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य एवं शहर की धर्म प्रेमी जनता के विशेष प्रयासों से इस वर्ष यह आयोजन चार दिवसीय रखा गया है, जिसके अंतर्गत 15 मई दीन बुधवार को कुरानख्वानी बाद नमाज फजर परचम कुशाई एवं गुस्ल की फातेह 16 मई शाने शौकत के साथ शाही संदल जिसमे इंटरनेशनल नात ख्वा शब्बीर रजा बरकाती, सुल्तान रजा कादरी, फैज रजा कादरी के साथ जुलूस निकाला जाएगा। 17 मई बाद नमाज ईशा दरगाह शरीफ में नातख्वानी का प्रोग्राम जिसमे हबीबुल्लाह जिगर साहब झारखंड व कारी यासीन अख्तर साहब नागपुर शामिल होंगे। 18 मई दिन शनिवार तकरीर हजरत मौलाना समीर अहमद रजवी साहब व शहर के आइम्मा इकराम रौनके स्टेज होंगे। साथ ही युगांतर स्कूल ग्राउंड में मेला भी लगाया जा रहा, जिसमें आकषर्क झूले का लुत्फ ले पाएंगे। पूरी तरह से गरिमामयी एवं यादगार बनाने के लिए उर्स कमेटी के सभी सदस्य तन-मन-धन से राजनांदगांव की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के मद्देनजर यह आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए शहर की जनता से एवं सभी धर्म प्रेमी जनता से इन चार दिवसीय आयोजन का शामिल होकर फैजान से मालामाल हो इसके लिए विशेष निवेदन भी किया जा रहा है।

पार्किंग स्थल चिन्हांकन एवं अतिक्रमण हटाने कार्ययोजना का संयुक्त निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, पुलिस विभाग के अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक ऐमन साहू, यातायात टीम निरीक्षक अजय खेस, नवरतन कश्यप, प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा, पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर सोनवंशी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सदस्य सूरज खण्डेलवाल, जनप्रतिनिधि किशुन यदु नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण शरद सिन्हा, आशीष डोंगरे, रानू जैन एवं मीडियाकर्मी के साथ शहर के महावीर चौक से जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर, फौव्वारा चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाईन, आजाद चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, पुराना गंज मंडी, हाट बाजार, गोल बाजार भ्रमण किया गया एवं बढ़ रहे यातायात दबाव को देखते हुए अव्यवस्थित पार्किंग एवं जाम से छुटकारा पाने निर्धारित पार्किंग स्थल निर्धारण एवं अतिक्रमण हटाने कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील है कि सामान रोड पर बाहर न निकाले एवं दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके। भविष्य में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विधिवत कार्यवाही किया जायेगा।

10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसी क्रम में जिले मे 10 वीं एवं 12 वीं स्कूल के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें की कक्षा 10 वीं से ग्यानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा की छात्रा श्रेजल ध्रुवें ने 97.33 प्रतिशत पाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवकर की छात्रा समीक्षा वर्मा ने 96.17 प्रतिशत पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्रा प्रगती शर्मा व प्रेरणा विद्यालय स्कुल कठिया की छात्रा ऋग्वेदिता टंडन एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम

स्कुल नवागढ़ के छात्र दिपांशु साहू इन सभी ने संयुक्त रूप से 95.83 प्रतिशत पाकर जिले मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं से स्वामी आत्मानंद उत्कर्ष अंग्रेजी माध्यम नवागढ़ स्कूल की छात्रा कुमारी मुस्कान वर्मा ने 94.60 अंक पाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद लक्ष्मण प्रसाद दुबे अंग्रेजी माध्यम स्कूल का छात्र उमेश कुमार पाल ने 91.80 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम स्कूल बेमेतरा की छात्रा कीर्ति श्रीवास एवं गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल दाढ़ी की छात्रा प्रीति चंद्राकर ने संयुक्त रूप से 90.80 प्रतिशत पाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया।कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों का बड़ी संख्या में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान अर्जित होना निश्चित रूप से पूरे जिलेवासियों के लिए गर्व एवं सौभाग्य विषय है। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं लगन के अलावा उनके माता, पिता, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कल जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत जिले के शासकीय स्कूलों के बेहतरीन परीक्षा परिणामों की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की।

दसवीं में आस्था ने हासिल की 95 प्रतिशत

राज्य की 10 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में आस्था राजपूत ने 95त्न लाकर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया। परिवार, टीचर, मित्र, नेतागण सभी ने फोन कॉल व सोशल मिडिया के माध्यम से बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। छात्रा आस्था राजपूत देवकर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती हैं। आस्था राजपूत के पिता अरविंद सिंह राजपूत पेशे से किसान हैं और माता संगीता राजपूत गृहणी और आस्था अपने भाई-बहन में छोटी हैं। आस्था राजपूत का मानना हैं कि उन्हें यह सफलता संघर्ष से मिली है। उन्होंने कहा कि पिता अरविंद राजपूत मेरे पढ़ाई से संबंधित हर चीजो में धयान रखते हैं।

अटल आवास में निवासरत परिवारों की समस्या को नपा अध्यक्ष ने सुना

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने आज कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित घुघरी अटल आवास में पहुंचकर साफ-सफाई कार्यो का जायजा लिया व उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड क्रमांक 17 घुघरी अटल आवास में निवासरत परिवार लोगो ने बताया कि सफाई नहीं होने के कारण बदबू से परेशान रहते है जिसके कारण लोग भी बीमार हो रहे है तत्काल साफ सफाई करने की जरूरत है नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने उनके बातों व समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जेसीबी व सफाई कर्मचारियों की मदद से अटल आवास परिसर का साफ सफाई कराया गया। साफ सफाई हो जाने से वहाँ निवासरत परिवारों ने नगर पालिका टीम को धन्यवाद दिया। साथ में भाजपा कार्यकर्ता चीकू सिन्हा भी उपस्थित रहे।

गंगानगर नाले की हुई सफाई

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर का विकास होगा। गंगानगर से होकर गुजरने वाले गुरुनाला का साफ सफाई कराया गया। विभिन्न वार्डों में निर्मित छोटी बड़ी नालियों से होकर बहने वाली पानी बड़े गुरु नाला में आकर मिलता है गुरुनाला में जलीय पौधे निकल आये है साथ मलबे को फेंक दिया गया है जिसके कारण नाला पट चुका था जिसका साफ सफाई किये जाने हेतु आज नाला में जेसीबी मशीन को उतारकर सफाई कार्य कराया गया।

न्यूज गैलरी

जिले के 34 शराब दुकानों के अहातों की नीलामी

जांजगीर/नवप्रदेश। सरकारी शराब दुकानों में अहाता चलाने के लिए लाइसेंस जारी करने ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। शुक्रवार को विभाग के द्वारा लाइसेंसधारियों के चयन की प्रक्रिया की गई। जिले में 46 देसी-विदेशी शराब दुकानों में से 34 दुकानों के लिए 101 आवेदन आए थे। इनमें से 34 आवेदकों का चयन किया गया। चयनकर्ता आवेदकों को जरूरी दस्तावेज व लाइसेंस शुल्क की अग्रिम राशि दो कार्यालयीन कार्य दिवस का समय दिया गया है। इसके बाद अहाता संचालन करने दे दिया जाएगा। शासन को इससे लाखों का राजस्व मिलेगा। शराब दुकानों में जल्द ही फिर से अहाते खुलने वाले हैं।अहाता चलाने के लिए अप्रैल माह में ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। प्रदेश में चुनाव निपटते ही लाइसेंस जारी करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए जिले में आबकारी विभाग के द्वारा 10 मई को प्रक्रिया की गई। 34 दुकानों के लिए आए 101 आवेदनों के आधार पर दुकानों के लिए तय की गई बेस प्राइज में सबसे ज्यादा बेस प्राइज भरने वाले आवेदकों का चयन किया गया। लाइसेंस 31 मार्च 2025 तक के लिए जारी होगी। जिले में कुल 48 देसी-विदेशी शराब दुकानें हैं। इनमें जांजगीर और चांपा में दो प्रीमियम शॉप है। इन्हें छोड़कर 46 दुकानों में अहाता संचालन के लिए आवेदन मंगाया गया था। इनमें 36 दुकानों के लिए आवेदन आए थे। 12 दुकानों के लिए एक भी आवेदन नहीं आए। ऐसे में 36 दुकानों के लिए अहाता आवंटन की प्रक्रिया की गई।

जमीन विवाद को लेकर भांजे की हत्या, आजीवन कारावास

जांजगीर/नवप्रदेश। भांजे की हत्या के आरोप में मामा को सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार 23 मई 2022 को रात करीब 9 बजे आरोपी बहन दिलबाई से जमीन रजिस्ट्री के संबंध में बात कर रहा था। उसी समय दिलबाई का पुत्र हरीश आया और मां से गाली-गलौच कर रहे हो कहते हुए मारपीट करने लगा। इतने में आरोपी आवेश में आ गया और घर में रखे लोहे के धारदार चाकू से गर्दन में वार किया। इससे उसके गर्दन में गंभीर चोटे आई। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य पामगढ़ ले जाया गया। जहां से स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने हायर अस्पताल रेफर कर दिया। बिलासपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी 25 मई 2022 मौत हो गई। सूचना पर पामगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त की गई। मामले में विवेचना करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने पामगढ़ थाना के गांव पेंड्री निवासी मनोज सूर्यवंशी पिता रामलाल सूर्यवंशी (38) को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की।

तेज रफ्तार दो बाइक की भिड़ंत, चालकों की मौत

मुंगेली/नवप्रदेश। तेज रफ्तार आमने-सामने से दो मोटर साइकिल की भिंडत हो गई। भिड़ंत में दोनों मोटर साइकिल चालकों की मौत हो गयी, वहीं दो घायल हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया। ग्राम गुरूवाईनडबरी में दोपहर 3 बजे खुर्सी निवासी मनोज मेहर अपने एक साथी के साथ एवं कोदवा निवासी वेंताल भास्कर अपने साथी लोकराम के साथ तेज रफ्तार से जा रहे थे। दोनों की सामने से आपस में जोरदार भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों एवं घायलों को सिर एवं हाथ में गंभीर चोंटे आयी। पुलिस ने घायलों को बिलासपुर भेजा एवं मृतकों का पीएम कराया गया। घटना से दोनों ग्रामों में शोक का माहौल रहा।

खेल-खेल में बालिका ने निगल लिया सिक्का

मुंगेली/नवप्रदेश। खेल-खेल में 3 वर्षीय बालिका ने 1 रुपए का सिक्का मुंह से निगल लिया। खाने की नली में सिक्का फंस जाने से बच्ची की स्थिति खराब हो रही थी। जिला अस्पताल में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.के. राय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार की टीम ने बच्ची के गले से सिक्के को बाहर निकाला। जिला अस्पताल में सामान्य रोगों के साथ ही रिफर किये जाने वाले केसो को भी ध्यान देकर निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोरमी ब्लॉक से आये 3 वर्षीय बच्ची ने खेल-खेल में 1 रुपए का सिक्का निगल गई थी। परिजनों ने आसपास के डॉक्टरों को दिखाकर सिक्का बाहर करने का प्रयास किये किंतु सफलता नहीं मिलने पर जिला चिकित्सालय मुंगेली में बच्ची को लेकर आये। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एमके राय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार की टीम ने बच्ची के गले से सिक्के को बाहर निकाला।

एनीकट सूखे पड़े, निर्माण को लेकर उठ रहे सवाल

पानी नहीं रहने से लोगों को निस्तारी की भी समस्या

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में पानी रोकने के लिए पिछले 12 वर्षो में करोड़ो रूपये खर्च कर लगभग 33 एनीकट का निर्माण किया गया।गुणवत्तायुक्त निर्माण न होने से अधिकांश एनीकट सूखे पड़े हुए है। पानी नहीं रूकने से क्षेत्र का जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। एनीकट निर्माण होने से जहां नदियों का पानी का बहाव खत्म हो गया वहीं एनीकट में पानी नहीं रहने से निस्तारी की भी समस्या उत्पन्न हो रही है।

जिले में जल स्तर कम होने के नाम से नीचे जा रहे स्त्रोत को वापस बनाये रखने के लिए शासन ने पिछले 12 वर्षो में 33 एनीकट के लिए करोड़ो रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी। जिसमें से अधिकांश एनीकट में पानी का भराव नहीं रहने से नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। गर्मी तो दूर की बात है बरसात में भी कई एनीकट में कुछ समय भी पानी नहीं रूक पाया। एनीकट निर्माण के समय उसके औचित्य को ध्यान में न रखकर कुछ जगह 2 किलोमीटर में तीन-तीन एनीकट का निर्माण कर दिया गया। निर्माण के समय एनीकट का लाभ आसपास के 75 से 200 गांवों को लाभान्वित होने की बात कही गई थी। किंतु वर्तमान में नदी से लगे आस पास के एक-दो गांव को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर के वाटर लेवल को बनाये रखने के लिए मुंगेली से रामगढ़ को जोड़ने वाली आगर नदी पर बड़ा बाजार से रामगढ़ जाने के मार्ग पर एनीकट बनाया गया है। जिसमें निर्माण के पश्चात अधिकांश समय पानी नहीं होने से सूखा पड़ा रहता है।

मार्च महिने में एनीकट के पास नदियों का जब ये स्थिति है तो आने वाले गर्मी के मौसम मई-जून में क्या स्थिति होगी इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है। इस संबंध में लोकराम साहू ने बताया कि पहले जब एनीकट नहीं बना था उस समय नदी पर बारहों महिने पानी का बहाव रहता था। नदी पर एनीकट बनाये जाने के परिणाम स्वरूप जहां एक ओर नदी में जल का बहाव कम हो गया। वहीं दूसरी ओर जंगलों से आने वाली रेत भी आना बंद हो गया। नदी सूखने के कगार पर पहुंचते जा रही है। कृषक रघुराज सिंह परिहार ने बताया कि एनीकट का निर्माण जिस उद्देश्य को लेकर किया गया था उसमें गुणवत्ता का ध्यान न रखकर निर्माण में भ्रष्टाचार के नाम से इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पाया। गुणवत्तायुक्त निर्माण न होने से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की आय का साधन बन गया। सन 2006 से 2015 के मध्य मुंगेली ब्लाक में करोडो प्रशासकीय स्वीकृति से लगभग 16 एनीकट रामगढ़,सेमरकोना,दाबो,संगवाकांपा, लोहड़िया,मुंगेली,भथरी,अमोरा,दुल्लापुर ,छटन,कोलिहा,केशरूवाडीह,देवरी,ब गबुड़वा, खाम्हीकुर्मी,चमारी में बनाया गया।इसी प्रकार पथरिया ब्लाक में एनीकट के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति मिली।जिसमें से तकरीबन 13 एनीकट जोता, खैरी, पथरगढ़ी, बरछा, पोड़ी, छिंदभोग, बिरगहनी, चंद्रगढ़ी, मुण्डादेवरी, पीड़ा, पुटपुरा, गोइन्द्री, भंवरकछार में बनाये गये।लोरमी ब्लाक में एनीकट हेतु प्रशासकीय स्वीकृति से 4 एनीकट लपटी, डिंडौरी, खेकतरा, लोरमी एनीकट में बनाये गये थे।किन्तु यह एनीकट का लाभ नही मिल पा रहा है।पानी नहीं रूक पा रहा है,और वाटर लेबल डाउन हो रहे है।

स्टेशन के वाटर कूलर में पानी नहीं होने से भटक रहे यात्री

सक्ती/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के चलते रेलवे स्टेशन में एक वाटर कूलर यात्रियों के लिये पानी पीने के लिए लगाया गया है परंतु उस वाटर कूलर में पानी नहीं होने के कारण यात्रीगणों को पीने के पानी के लिये इधर उधर भटकना पड रहा है पूर्व में रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नं. 01 एवं 02 में दानदाताओं द्वारा प्याऊ घर खोलकर यात्रीयों की प्यास बुझाते थे परंतु इस साल किसी भी दानदाताओं का इस ओर ध्यान नही गया कि प्लेट फार्म नं. 01 एवं 02 में प्याऊ लगाकर यात्रीयों की प्यास बुझायें । जबकि इस साल गर्मी जोरो की पड़ रही है ऐसे में यात्रियों को पानी के लिये भटकना पडता है। कुछ यात्रियों का यह भी कहना है कि शासन को प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर लगाकर पीने हेतु पानी की व्यवस्था करनी चाहिए इस ओर समय से पहले ध्यान देना चाहिए रेलवे कर्मचारी इस ओर गर्मी से पहले पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिये जिससे यात्रियों को पीने के लिये पानी के लिये परेशानी न हो वैसे तो रेलवे स्टेशन कई समस्याऐं है जिसका निदान के लिये समय समय पर नागरिकगण नेता और अधिकारियों से समस्याओं से अवगत कराते है । उनका निदान आज तक नही हो पाया है । जिसके चलते यात्री के अलावा नागरिकों में भारी रोष देखा जाता है।

अंग्रेजी स्कूल मुंगेली का 10वीं और 12वीं का रिजल्ट बेहतर

मुंगेली/नवप्रदेश। जेसीस पब्लिक हायर सेकेन्डरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुंगेली का 10वीं कक्षा का परिणाम 80 प्रतिशत व 12वीं का 62% रहा। हाईस्कूल 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर दिव्यांश निषाद 95.16% एवं 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर केतन देवांगन 86.2% अंक प्राप्त किये। संस्था के पदाधिकारियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में जेसीज स्कूल का प्रदर्शन अच्छा रहा। हाईस्कूल 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर दिव्यांश निषाद 95.16%, द्वितीय स्थान पर गौरव साहू 90%, तृतीय स्थान पर सानिया गुप्ता 87.66% रहे। क्रमशः स्नेहिल बघेल 87.16 प्रतिशत, वंशिका नामदेव 87 प्रतिशत, अनीमेष राजपूत 85.83 प्रतिशत, योगिता पाठक 84.33 प्रतिशत, शिवानी निर्मलकर 81.83%, क्षिप्रा शर्मा 80.83%, स्वप्नील तंबोली 80.83%, स्मृति 79.33%, टाकेश्वर साहू 79.16%, प्रणव 78.66%, अंकिता 76.83%, साक्षी 75.5 %, राकेश 72.66%, मानषी 72.5%, केशरी साहू 72% , रोशनी 71.66%, रमा साहू 70.66% रहा।

नैला सशिमं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

जांजगीर/नवप्रदेश। वीणापाणि शिक्षण समिति द्वारा संचालित स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैला के बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षाफल विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपने माता पिता सहित विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। स्कूल में कक्षा 10 वीं में भरत दुबे ने 87त्न अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम रहा। वही नम्रता साहू 86% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रोशन साहू 84.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। अन्य छात्रों में रूपाली तिवारी 84% , मेदिनी देवांगन 84% , चंचल कंवर 83% , आर्येश पाण्डेय 81% , नव्या गोपाल 77.3% विभा राठौर 73.8त्न, शिखा गुप्ता 72% , आंचल सिंह 69त्न, भावना महंत 68.6% , अदिति यादव 67.3% , चंचल राठौर 67% , काव्या कौशिक 66.6% , चित्रांशी चंदेल 65.8% , भानुप्रिया नेताम 64% , उमाशंकर साहू 63% , आलोक यादव 62.8% , अर्चना कौशिक 62त्न, प्रभु तिवारी 61.3% के साथ 21 छात्रों ने 60% से अधिक अंक लाकर प्रथम श्रेणी में रहे।

परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

जांजगीर/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती ब्राम्हण समाज ने धूमधाम से मनाई। इस दौरान उपनयन संस्कार, भंडारा सहित कई आयोजन किए गए। इसके बाद शाम को बारिश के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी, जहाँ हर समाज के लोगो ने स्वागत किया। ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर अनेक आयोजन किए गए। भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में सबसे सामने कर्मा का एक नृत्य दल रहा। इसके पीछे उपनयन संस्कार में शामिल बटुकों का समूह अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। बटुको के अगल-बगल झूमर वाली डिस्को लाइट के प्रकाश की व्यवस्था, इसके पीछे महिलाओं का समूह पीले या लाल रंग की के परिधान में शामिल रही। शोभायात्रा नैला दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर जांजगीर से 3 या 4 की पंक्ति में पैदल रैली के रूप मे कचहरी चौक एवं नेताजी चौक होते हुए परशुराम चौक रेलवे स्टेशन नैला पहुंची। यात्रा की प्रारंभ से लेकर अंत तक विभिन्न जगहों पर पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था किया गया। शोभायात्रा का समापन भगवान श्री परशुराम चौक नैला में उनके भव्य मूर्ति के पूजन-अर्चना के बाद समाप्त हुई।

भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा में ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच जांजगीर द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार में शामिल बटुकों का दल अपनी परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुए। रैली में ड्रोन कैमरा वीडियो व वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में सभी विप्र जन के परिवार के महिला-पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। पुरुष पीले या भगवा रंग के कुर्ते में तथा महिलाएं पीला या लाल रंग की साड़ी में रहीं। ज्ञात हो कि सभी ब्राम्हण अपने-अपने घर के बाहर दिया जलाएं और रंगोली बनाएं गए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

अक्षय तृतीया को त्यौहार गांवो के साथ शहरो सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे भी छोटे बच्चो ने अपने गुड्डे गुडियो की वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लाल के साथ मनाया। अक्षय तृतीया का त्यौहार इस मौके पर जांजगीर के वार्ड नम्बर 6 मे छोटे बच्चियो मे अपने गुड्डे गुड्डियो को सुनहरे कपडो से तैयार करके हल्दी चंदन तेल चढाकर तैयार किया। इस शादी मे बच्चियो ने बरातियो के लिए फ्रुटी, आइसक्रिम भी जलपान के लिए एकत्र कर रखा था। गुड्डे गुड्डियो की शादी मे पंडित के व्दारा मंत्रोचार भी किया गया। बाराती के रूप मे बच्चियो ने कूद कूदकर फिल्मी गानो मे डांस भी किया।

परशुराम भवन का भूमिपूजन

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के सर्व ब्राह्मण समाज ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम के साथ आयोजन किया। इस दिवस जहां समाज बंधु सुबह से ही हटरी में स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर में पहुंचे तथा उन्होंने पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस अवसर पर सुबह से ही सर्व ब्राह्मण समाज के लोग एक जगह एकत्रित होकर जन्मोत्सव कार्यक्रम को मनाने में लगे रहे तो वहीं देर शाम सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शक्ति शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमें परशुराम जी की विशालकाय प्रतिमा पर पूजा.अर्चना के साथ ही बैंड बाजे , कर्मा एवं आतिशबाजी के साथ यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों पर निकलीए तथा यात्रा मार्ग में जहां विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठनों ने इस शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। तो वहीं प्रमुख रूप से डालमिया मेडिकल स्टोर्स के पास शोभायात्रा को जलपान विजय डालमिया एवं मनीश कथुरिया एवं सहयोगियों के द्वारा दिया गया, अग्रसेन चौक में श्री हनुमान सेवा परिवारए गौरव पथ मार्ग पर श्यामसुंदर अग्रवाल, सदर स्कूल के सामने जनपद पंचायत शक्ति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार गीता देवी गबेल डोंगिया सुलोनी वाले सहित विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया इस अवसर पर काफी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज शक्ति जिले के पदाधिकारी, सदस्य, माताएं, बहने नवयुवक मौजूद थे तथा पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

परशुराम भवन के लिए दी जमीन, हुआ भूमिपूजन

परशुराम भवन के लिए पं.दिगम्बर चौबे ने बुधवारी बाजार बंधवा तालाब के बीच में अपनी निजी जमीन को परशुराम भवन के लिए दी जिसकी भूमि पूजन विधिवत किया गया। भूमिपूजन करने वाला पं. दिगम्बर चौबे के करकमलो द्वारा संपन्न हुआ जिसमें सर्व ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित थे।

शिक्षा | अंग्रेजी माध्यम में कुल 174 सीट के विरूद्ध 1101 आवेदन एवं हिन्दी माध्यम में 206 सीटों के विरूद्ध कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए

आत्मानंद अंग्रेजी में प्रवेश के लिए 15 को लाटरी से चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली- शाला में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु राज्य स्तर से ऑनलाइन प्राप्त आवेदनो का पात्र अपात्र, दावा आपत्ति पश्चात 15 मई को लाटरी के द्वारा चयन की प्रक्रिया अधिकारी एवं पालको के समक्ष की जायेगी।

प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने बताया कि अंग्रेजी माध्यम में कुल 174 सीट के विरूद्ध 1101 आवेदन एवं हिन्दी माध्यम में 206 सीटों के विरूद्ध कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए है। रिक्त सीट के विरुद्ध अधिक पात्र आवेदक होने के कारण लॉटरी से चयन किया जाएगा। इसके लिए निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन किया जाएगा एवं संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। कक्षावार कुल रिक्त सीट के विरुद्ध 50 प्रतिशत सीट में बालिकाओं को प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त 50 प्रतिशत संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। शेष 25 प्रतिशत सीटों पर अनारक्षित वर्ग आवेदक बच्चों का लॉटरी सिस्टम से चयन कर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु कक्षा पहली को छोड़कर शेष कक्षा 2री से 12वीं तक की कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम से पढ़कर आने वाले बच्चों को प्राथमिकता दी जायेगी। एलकेजी एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति क्रमशः 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह एवं 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा एलकेजी, यूकेजी, 1ली से 6वीं तक एवं कक्षा 11 वीं में रिक्त सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने एवं हिन्दी माध्यम में कक्षा 2री से 5वी तक एवं कक्षा 10वीं तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अधिक आवेदन होने के कारण लॉटरी पद्धति से प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। पात्र अपात्र आवेदकों के सूची का प्रकाशन 13 मई को दोपहर 2 बजे तक, दावा आपत्ति 14 मई को सुबह 11 से 3 बजे तक, दावा आपत्ति का निराकरण 14 मई को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक, लॉटरी पद्धति से अभ्यर्थी का चयन 15 मई को 10.30 से 4 बजे तक, प्रवेश हेतु चयन सूची का प्रकाशन 15 मई को 5 बजे तक किया जायेगा।

वन विभाग ने अवैध कटाई पर की बड़ी कार्रवाई

अम्बिकापुर। प्रभारी अधिकारी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नवापारा, अम्बिकापुर ने बताया कि जनसुरक्षा के मद्देनजर परिसर में स्थित विशालकाय सूखे वृक्ष की कटाई वन विभाग द्वारा की गई है जिसके बाद अब यहां लोगों की सुविधा और छाया की व्यवस्था के लिए शेड का विस्तार किया जायेगा। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नवापारा के निरीक्षण के दौरान शेड निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। विगत वर्ष में वृक्ष की शाखा गिरने से अस्पताल का शेड क्षतिग्रस्त हुआ है। इसी कड़ी में जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,नवापारा अम्बिकापुर के द्वारा वनपरिक्षेत्र अधिकारी वन विभाग को आवेदन पत्र दिया गया था। जिस पर वन विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए वृक्ष कटाई का कार्य पूर्ण किया।

न्यूज गैलरी

महिला विकास समिति ने किया तुलाराम का सम्मान

राजिम/नवप्रदेश। स्वावलंबी महिला विकास समिति गरियाबंद द्वारा 1 अप्रैल से 8 मई तक विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें तबला, हारमोनियम, कैसियो, ढोलक, ड्राइंग, पेंटिंग व डांस जैसे विधाओं को शामिल किया गया। संगीत के क्षेत्र में लगातार कार्य करने के लिए तुलाराम साहू को स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा मोमेंटो एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रशिक्षण को सफल बनाने में विकास समिति के सदस्य ताकेश्वरी तनु साहू, प्रीति मिश्रा, नेहा , सारिका महाडिक, पदमनी साहू,धानी मानिकपुरी, गुलेश्वरी ठाकुर, मुक्ति देवांगन, पुनीता साहू , प्राची मंजू , सुषमा सिन्हा , कोमल , मेघा ,मंजू दुबे गीतांजलि आदि का विशेष योगदान रहा। सम्मानित होने पर श्री साहू को उनके इष्ट मित्र एवं संगीत से जुड़े हुए लोगों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नगरी सिहावा क्षेत्र में गरज-चमक के साथ बारिश-अंधड़

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मानसून आगमन से पहले ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 से 3 दिनों तक प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश और अंधड़ चलने की संभावना बताया गया है जिसम धमतरी जिले नगरी विकास खण्ड में जिसका असर दिन रविवार को नगरी सिहावा क्षेत्र 12 बजे से बदल छाया रहा उसके बाद दोपहर3 बजे से कई इलाकों मे जगहों पर गरज-चमक के साथ जोर दार बारिस 1 घण्टे तक हुई जिसके गर्मी कापी अधिक हो जाने के कारण अधिकतम तापमान बढ गया था जिसके चलते लोगो को पंखे कुलर बिना नही रह पा रहे थे दोपहर में जोरो से पानी गिरने से लोगो को गर्मी से राहत मिलती।

मारे गये नक्सली मंगल पर था पांच लाख का इनाम

धमतरी/नवप्रदेश। मुठभेड में मारे गए नक्सली की शिनाख्ति हो गई है। यह बीजापुर क्षेत्र का 5 लाख का इनामी नक्सली का मंगल मड़काम । जो प्रतिबंधित संगठन सीपीआई. माओवादी सीसीएम. गणेश उईके का गनमेन और एरिया कमेटी का सदस्य था। मुठभेड़ के पश्चात हथियार 312 बोर देशी कट्टा,नक्सली साहित्य एवं नक्सली सामग्री सहित अन्य सामान बरामद किया गया । जिले में चलाए जा बरामद तहत शुक्रवार को धमतरी,गरियाबंद के सीमांत सेमरा जंगल के पहाड़ी में प्रतिबंधित माओवादी संगठन गोबरा एलओएस की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी. की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च के दौरान दोपहर 2:00 बजे सेमरा के जंगल में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में मुठभेड़ हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया जा रहा था, जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेड़ों एवं चट्टानों की आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की गई। रुक-रुक कर लगभग 1 घंटे तक पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया। मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान घटनास्थल का बारीकी से सर्चिंग करने पर 1 पुरूष नक्सली का शव बरामद हुआ तथा उसके पास से 1 नग 315 बोर देशी कट्टा ,1 नग सैमसंग मोबाईल 1 नग मेमोरी कार्ड, 1 मोबाईल चार्जर केबल, 2 नग बैनर (नक्सली), नक्सल साहित्य एंव दवाईयों की मौका घटनास्थल से बरामद किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर नक्सलियों द्वारा छोड़े गये उक्त बरामद सामग्री को जप्त किया गया नक्सलियों का यह कृत्य अपराध धारा सदर के पाये जाने से थाना नगरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

अंधेरे में रख कर रहा था शादी, मंडप से दूल्हे को उठा ले गई प्रेमिका

- गांव की बैठक में प्रेमिका के पक्ष में दिया फैसला
- दूल्हा पक्ष देगा लड़की पक्ष को शादी का खर्च

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के पास कोकापुर गांव में 10 मई को गांव की लड़की की शादी थी. बारात मगरलोड तहसील के ग्राम साजाडीह से आई थी. दूल्हा पुलिस विभाग में आरक्षक है. बारात परघाने के बाद रस्म अदायगी हुई और दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर टिकावन की रस्म करने बैठे. तभी एक युवती आई, जिसके चेहरे पर स्कार्फ बंधा था. वह सीधे स्टेज पर चढ़ गई और टिकावन की रस्म करते दूल्हे के चेहरे पर तिलक लगाया और उसका हाथ पकड़ कर खींचते हुए बाहर ले गई।

दूल्हे का लड़की के साथ है तीन सालों से प्रेम संबंध ÷ इस घटना को देख शादी में आये सभी मेहमान और गांववाले सकते में आ गए. परिजनों और ग्रामीणों ने युवती से पूछताछ की, तो उसने खुलासा किया कि दूल्हे के साथ उसके पिछले तीन सालों से प्रेम संबंध हैं. उसने बताया कि, ÷दूल्हे ने शादी की बात उससे

छिपाकर रखा और कानोकान खबर तक नहीं होने दी. आज सुबह ही उसे कहीं से जानकारी मिली, तो वह सीधे यहां पहुंच गई.÷ इस घटना के बाद शादी कार्यक्रम में बवाल हो गया. वहीं थोड़ी देर बाद सभी बाराती भी वापस लौट गए. लफेसबुक से हुई दोस्ती प्रेम संबंध में बदली÷ दूल्हा-दुल्हन के रिश्तेदारों के अलावा ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में इस मुद्दे को लेकर गांव में बैठक हुई. बैठक देर रात 12 बजे तक तक चली. बैठक में युवती ने बताया कि वह तिल्दा नेवरा के पास ग्राम खुरमुरी की रहने वाली है. युक्क से उसकी दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई और जल्द ही दोनों की दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई।

युवती ने बताया,÷तीन साल तक प्रेम संबंध में रहने के दौरान युवक ने शादी का वादा मुझसे किया था. वह मुझे ही बिना बताए दूसरी जगह शादी रचा रहा है, जो मेरे साथ अन्याय है. गांववालों ने बैठक कर शादी किया रद्द ÷ रात को हुई बैठक में कोई निर्णय नहीं हो पाया, जिसके दूसरे दिन दोबारा सभी की उपस्थिति में बैठक हुई. बैठक में सभी पक्षों को सुनने के बाद तय किया गया कि कोकपुर की युवती का साजाडीह के युवक से विवाह रद्द किया जाता है. इस घटना में पूरी गलती दूल्हा पक्ष की है, जिन्होंने युवती से प्रेम संबंध की बात छिपाकर रखी. इसलिए दुल्हन पक्ष को शादी में जो खर्च हुआ है, उसे दूल्हा पक्ष वहन करेगा।

रहस्यमयी गुफा सैलानियों के लिए आज खुलेगा

साल में सिर्फ 1 बार खुलता है द्वार, एक ही नदी को 16 बार पार कर पहुंचते हैं श्रृद्धालु

राजनंदगांव/नवप्रदेश। जिले में स्थित मंडीप खोल गुफा 13 मई सोमवार को सैलानियों के लिए खोल दिया जाएगा। वहीं हर साल गुफा में जाने के लिए लोगों की भारी भीड़ रहती है।

साल में केवल एक बार अक्षय तृतीया के बाद आने वाले प्रथम सोमवार को यह गुफा खुलता है। दूर-दराज के सैकड़ों सैलानियों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। हर साल राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के पर्यटक भी बड़ी संख्या में गुफा का रहस्य और रोमांच का आनंद लेने पहुंचते हैं। कुछ साल पहले पुरातत्व विभाग द्वारा इसका सर्वेक्षण किया गया था। अनुसंधान में पाया गया कि यह गुफा देश का पहला एवं एशिया का दूसरी सबसे लंबी गुफा है तथा गुफा में इतिहास के काफी रहस्य छिपे हुए हैं पर अब तक इसका विस्तृत अनुसंधान होना शेष है। वनांचल स्थित मंदिर मंडीपखोल गुफा ठाकुर टोला जमीदारी के अंतर्गत आता

है। परंपरा अनुसार यहां के राजा या उनके परिवार के सदस्य गुफा का द्वार खोलने से पहले देवी-देवताओं का स्मरण कर पूजा-अर्चना कर गुफा का द्वार खोलते हैं। द्वार के चट्टान को हटाने से पहले हवाई फायर भी किया जाता है ताकि कोई जंगली जानवर गुफा में हो तो यहां से निकल जाए। गुफा में सबसे पहले प्रवेश जमीदार के परिवार के लोग करते है तथा गुफा में स्थित शिवलिंग सहित अन्य देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हैं। मैकाल पर्वत श्रेणिया में स्थित मंडीपखोल गुफा तक पहुंचने का सफर काफी रोमांचक है। पर्यटकों के लिए यह सफर किसी रोमांचकारी से काम नहीं है। गुफा तक पहुंचाने के लिए कोई स्थाई रास्ता नहीं है।पैलीमेटा ठाकुरटोला के बाद का रास्ता कहीं मैदान तो कही पगडंडी और पहाड़ के उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर यहां तक पहुंचा जाता है। यहां पहुंचने के लिए सबसे खास बात यह है कि एक ही नदी को अलग-अलग जगह पर 16 बार पार करना पड़ता है। जंगल के विभिन्न किस्म के वृक्ष एवं चट्टानी मार्ग से गुजर कर यहां पहुंचा जाता है।

इस रहस्यमई गुफा के अंदर श्वेत गंगा नाम का कुंड है जिसमें नहाने से सारे कुष्ठ रोग दूर हो जाते हैं। श्वेत गंगा नामक कुंड में नहा कर ही गुफा में प्रवेश कर शिवलिंग का दर्शन किया जाता है। श्वेत गंगा कुंड में डुबकी लगाने के लिए लोगों की कतार लगी रहती है। बताया जाता है कि इस कुंड में साल भर पानी निकलते रहता है।इस रहस्यमय गुफा की मुख्य खास बात है कि पूरे साल भर में केवल अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को ही या गुफा खुलता है। इस रहस्यमयी गुफा में शिवलिंग की पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूरे रास्ते भर लोगों की भीड़ लगी रहती है। इसको लेकर सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहते हैं। मंडीपखोल गुफा को काफी रहस्य हैं। भीषण गर्मी में भी गुफा के अंदर शीतलता बनी रहती है। गुफा के अंदर का मार्ग सकरा तो कहीं चढ़ाव तो कहीं पर मैदान है। गुफा के अंदर काफी अंधेरा रहता है।

कई साल से जल रही कोल खदानें जहरीले धुएं से लोगों की जान खतरे में

मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोयला की कई खदानें हैं. प्रदेश कोल उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड कायम कर रहा है.लेकिन कुछ जगह ऐसी भी हैं जहां पर कोयले की खदानें ज्वालामुखी की तरह धधक रहीं हैं.इन खदानों में लगी आग कई सालों से जल रही है,जिससे सरकार को हजारों करोड़ का नुकसान तो हो ही रहा है,वहीं दूसरी तरफ कोयले से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण इन इलाकों में रहने वाले लोगों की सेहत भी खराब हो रही है.

चिरमिरी की ओपन कास्ट में जल रही खदान ÷ चिरमिरी क्षेत्र को कोल नगरी भी कहा जाता है.इस क्षेत्र में एक जगह ऐसी भी है जहां की खदान में भीषण आग लगी है.इस आग के कारण खदान में अब तक लाखों टन कोयला राख में तब्दील हो चुका है.लेकिन आज तक इस आग पर काबू पाने में एसईसीएल प्रबंधन नाकाम रहा है.इस बारे में जब भी मीडिया ने अफसरों की राय जाननी चाही तो सभी ने मामला बिलासपुर मुख्यालय से संबंधित होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया.अफसरों का साफ कहना है कि किसी भी मामले में कोई भी जानकारी देने का अधिकार बिलासपुर पीआरओ का है.

धधकती आग खोखली कर रही जमीन ÷ चिरमिरी के रहवासी इस आग के कारण दोहरी मुसीबत में हैं.एक तरफ जलते कोयले के कारण जमीन कभी भी अंदर से धसक सकती है.वहीं दूसरी तरफ कोयले से निकलने वाली जहरीली गैस इंसानों को बीमार बना रही है. गैस हवा में घुलकर आसपास के वातावरण को भी दूषित कर रही है.डॉक्टर्स की माने तो कोयले से निकलने वाली गैस जहरीली होती है.यदि कोई इंसान काफी देर तक इसके संपर्क में रहे तो उसे सांस और दिमाग संबंधी बीमारियां हो सकती है। आग लगने की वजह के कारण का पता लगाने और इसे बुझाने के बजाए एसईसीएल प्रबंधन मामले की लीपापोती में मशगूल है. जब भी कोई इस ओर एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान खींचने की कोशिश करता है तो नियमों का हवाला देकर स्थानीय अधिकारी बच निकलते हैं।

स्वामी आत्मानंद योजना में श्रेय लेने पीएम श्री नामकरण की साजिश : कुसुम दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद योजना में पी एम श्री नाम जोड़कर श्रेय लेने को छत्तीसगढ़ के संत का अपमान निरूपित करते हुए छ ग प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव कुसुम दुबे ने कही कि छ ग में कांग्रेस सरकार के द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का नाम बदलने के अलावा इनके पास छ ग की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कोई योजना नहीं है यह साबित हुआ की डबल इंजन यहां भी फेल है। स्वामी आत्मानंद योजना के तहत प्रदेश में 737 से अधिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें 4 लाख 50 हजार से अधिक बच्चे निःशुल्क अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आत्मानंद योजना की स्कूले सुव्यवस्थित, पर्याप्त, फ़र्नीचर, शिक्षक के साथ साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण से परिपूर्ण है जिसका प्रमाण 10 व 12 के परिणाम में दिखा है क्योंकि यहां गरीब माता पिता के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी की शिक्षा मिल रही है। भाजपा सरकार को पीएम श्री योजना के तहत उन स्कूलों का चयन करना चाहिए जो जर्जर की श्रेणी में है ताकि इस योजना के तहत मिलने वाले राशि का सही उपयोग हो सके । पीएम श्री योजना के तहत प्रदेश के 211 स्कूलों को चयनित किया गया है वही पूर्व से पी एम श्री से संचालित हो रहे उच्च शिक्षा स्तर से ख्याति प्राप्त केंद्रीय विद्यालयों की दुर्गति और शिक्षको को कमी संविदा में काम चलने के कारण वे शिक्षक भी अनिश्चितता के चलते अपनी पूर्ण योग्यता का लाभ बच्चो को नही दे सक रहे जिसके कारण वहां शिक्षा का स्तर भी गिर गया है।

राजिम की सुहानी दसवीं में 96% अंक लेकर रहीं प्रथम

राजिम/नवप्रदेश। कक्षा 10वीं 12वीं बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा परिणाम जारी होते ही शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में खुशी का माहौल छा गया। विद्यालय की अंग्रेजी माध्यम की बोर्ड की परीक्षा परिणाम 100त्न रहे। कक्षा दसवीं में 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें 38 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी एवं 3 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुए हैं। कक्षा 12वीं में 6 विद्यार्थी थे जिनमें तीन प्रथम श्रेणी एवं तीन को द्वितीय श्रेणी मिला। अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी में आने वाले चार विद्यार्थियों को 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त हुए हैं। जिनमें सुहानी बंजारे 96त्न अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। उल्लेखनीय है कि सुहानी बंजारे मात्र 7 अंको से मेरिट में स्थान लाने से चूक गई। अभिजीत शिंदे 92.5त्न, जया यादव 92.33त्न, श्रेयांशी कश्यप 90.5 प्रतिशत अंकप्राप्त किये हैं। इन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्राचार्य संजय एक्का गारंटीड हाथ घड़ी अपनी ओर से पुरस्कार के रूप में देंगे। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य ने सत्र के प्रारंभ में ही यह वादा किया था कि सेजेस राजिम के जो भी बच्चे बोर्ड की परीक्षाओं में 90त्न से ऊपर अंक प्राप्त करेंगे उन्हें वह अपनी ओर से गारंटीड हाथ घड़ी पुरस्कार के रूप में प्रदान करेंगे। गत वर्ष भी उन्होंने 92त्न अंक पाने वाली गुंजेश्वरी सोनकर को पुरस्कृत किया था। दूसरी ओर पूर्व पालक समिति के अध्यक्ष शिवराज देवांगन ने भी घोषणा किया है कि कक्षा दसवीं में 96त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली होनहार बालिका सुहानी बंजारे को ?500 की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान करेंगे। वहीं कक्षा 12वीं में लक्ष्मी पाल 67.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। विद्यालय के हिंदी मीडियम प्रभाग में कक्षा दसवीं से रूद्र पटेल 77.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं जबकि कक्षा 12वीं से दीपेश कुर्रे 71.6त्न अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का ने समस्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई दी है। इसी के साथ ही सभी शिक्षकों को भी इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय देते हुए बधाई तथा शुभकामनाएं दिया है। बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को विद्यालय के शिक्षक गणों बी एल ध्रुव, एम के चंदन, एम एल सेन, सागर शर्मा, संतोष सूर्यवंशी, समीक्षा गायकवाड, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, मधु गुप्ता, विक्रम ठाकुर, शिखा महाडिक, अंजू मार्कण्डेय, सहित अन्य लोगों ने शुभकांमनाएं दी।

हिंच्छापुर में गुड्डे-गुड़ियों की धूमधाम से कराई गई शादी

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम हिंच्छापुर में अक्षय तृतीया (अक्ती)के दिन शुभ मुहूर्त में गुड्डे-गुड़ियों का विवाह किया गया, इस शादी में नटखट ग्रुप के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्राम वासी शामिल हो कर परंपरा का निर्वाह किया गया,मिट्टी से बने गुड्डा-गुड़िया का ब्याह रचाते वक्त परिवार के लोग मिलकर वे सारी रस्में निभाते हैं, जो रस्में सचमुच की शादी में निभाई जाती है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा के चलते आधुनिक दौर में आज भी गांव-गांव में शादियों के वक्त निभाई जाने वाली रस्मों में युवतियों, महिलाओं के अलावा बच्चियां भी पूरे उत्साह से शामिल होती हैं।बता दें कि अक्षय तृतीया, जिसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू कैलेंडर में सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है।बिना पंचांग देखे ही

महामुहूर्त मानी जानी वाली अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में %अक्ती% के रूप में जाना जाता है।गांव वालों के सामने यदि अक्षय तृतीया कहा जाए तो कम लोग ही समझेंगे है, लेकिन यदि अक्ती कहें तो हर कोई समझ जाएगा। माता-पिता अपने विवाह योग्य संतानों का विवाह इस दिन पंडितों, पुजारियों से पूछे बिना ही तय कर देते हैं। वे जानते हैं कि यह अबूझ यानी महामुहूर्त है। इस मुहूर्त में कोई भी कार्य करने से वह पुण्यदायी और फलदायी होता है।गांव में ऐसी परंपरा है कि जिसके बेटा नहीं है, वह गुड्डा की बारात लेकर उस व्यक्ति के घर जाता है।

ध्यान योग से बन सकते हैं सफल व अच्छा इंसान

भाटापारा/नवप्रदेश।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी भाटापारा में दिव्य मुस्कान समर कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी नितिन तिवारी ने सप्ताह भर चले समर कैम्प के प्रतिभागी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रम्हाकुमारी संस्थान की संचालिका मंजू दीदी ,एसडीएम नितिन तिवारी प्रेस क्लब सचिव श्याम पुरोहित के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। संस्थान की संचलिका मंजू दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के महत्व को समझाते हुए कहा की संस्था का मूल उद्देश्य मूल्य निष्ठ समाज की स्थापना करना है। एसडीएम नितिन तिवारी ने उपस्थिति छात्र छात्राओं व पालकों के समक्ष अपने जीवन के अनुभव को बच्चों के साथ साझा किया । श्री तिवारी ने मेडिटेशन को वर्तमान

समय में अति आवश्यक बताते हुए कहा कि परमात्म अनुभव व शक्ति एकाग्रचित्त होकर योग ध्यान लगाने से ही प्राप्त होती है जो हमे जीवन मे शांति देता है व मन स्वच्छ रहता है। ध्यान योग के स्मरण से एक सफल और अच्छा इंसान भी बन सकते है चरित्र व संस्कार का सही निर्माण होगा। संस्था का मूल उद्देश्य बुराई रुपी विकार को त्याग अच्छाई को ग्रहण करना होता है । एसडीएम तिवारी ने कहा की योग ध्यान को हमे अपने प्रतिदिन के जीवन के दिनचर्या मे ढाल लेना चहिये हमे कम से कम प्रतिदिन पाँच मिनट मेडिटेशन का प्रेक्टिस करना चाहिए क्योंकि इसके प्रभाव से आत्मा पवित्र व मन शांत होता जाता, व्यवहार अच्छा होने लगता है। आज विश्व में शांति के लिए यह मेडिटेशन से फायदा ही होगा । उन्होंने एक नये पीढी के निर्माण मे प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान के योगदान की सराहना की। इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को श्री तिवारी ने पुरस्कार दिया। जिसमें बलून डांस में वेद प्रकाश साहू,भूषण साव , सृष्टि साहू, गरिमा साहू, सृष्टि गुप्ता, गीतिका मांझी, ड्राइंग प्रतियोगिता सीनियर में नीलम साहू,सहित अन्य लोग शामिल हैं।

जब मोहल्ले का लड़का ही पहुंच गया बैलगाड़ी में बारात लेकर

बालोद/नवप्रदेश। आमतौर पर देखा जाता है कि जब शादी के लिए लड़की ढूंढने का वक्त आता है तो खास तौर से बनने वाले दूल्हे को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। गांव से लेकर शहर के कोने-कोने तक लड़की की तलाश में भटकना पड़ता है। काफी मुश्किलों के बाद रिश्ता तय हो पाता है। सिर्फ लड़का लड़की की नहीं पूरे परिवार और समाज की रजामंदी जरूरी होती है। पर ऐसा बमुश्किल आपने देखा होगा कि एक ही गांव में ही रिश्ता तय हो जाए। ऐसा कभी कभार होता है।

एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में ससुराल बनाना नसीबो का ही खेल है। ऐसा ही कुछ हुआ है बालोद ब्लाक के इस गांव टेकापार में। जहां केसरी आलेंद्र और दीपेंद्र उर्वशा की शादी यादगार बन गई । दोनों एक ही गांव के अलग-अलग मोहल्ले के रहने वाले हैं। 10 मई शुक्रवार की रात को दूसरे मोहल्ले में रहने वाला दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ सात फेरे लेने के लिए बैलगाड़ी में बारात लेकर पहुंचा तो लोग यह दृश्य देखकर हैरान रह गए। रिश्तेदारों ने जमकर डांस किया और बैलगाड़ी में आए इस बारात का सभी ने आनंद उठाया। सामाजिक रीति रिवाज और सब की रजामंदी के साथ दोनों ने सात फेरे लिए और दुल्हन अपने घर से विदा होकर गांव के ही दूसरे मोहल्ले में अपने ससुराल को चली। 11 मई शनिवार को आशीर्वाद समारोह में बड़ी संख्या में लोग इस अनूठे जोड़ी को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। जानकारी के मुताबिक केसरी और दीपेंद्र दोनों क्लासमेट रहे हैं। दीपेंद्र शादी करने के लिए दुल्हन ढूंढ रहा था। वह कहते हैं ना शादियां नसीबों से होती है। जोड़ी ऊपर में बनते हैं लेकिन मिलते धरती पर है। दीपेंद्र

अपने रिश्तेदारों को लेकर केसरी का हांथ मांगने और शादी की बात करने केसरी के घर पहुंचा ।केसरी के घर वालों को यह रिश्ता जच गया। फिर क्या था ब्याह की बात शुरू हुई। मुहूर्त देखकर दोनों के शादी की तारीख तय कर दी गई। शादी के साक्षी हजारों लोग बने। गांव में अलग-अलग मोहल्ले के दो परिवारों के दूल्हा दुल्हन के बीच हुई ये शादी लोगों के बीच कौतूहल का विषय रही। लोग क्या कहेंगे? इन सब बातों की चिंता छोड़कर केसरी और दीपेंद्र ने नए जीवन की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजते हुए बैलगाड़ी में दूल्हा अपनी बारात लेकर पहुंचा और दुल्हन साथ फिर लेकर उसे अपने घर लाया। दोनों परिवार के साथ-साथ समाज को भी शादी से कोई एतराज नहीं था। दोनों एक ही समाज के हैं। समाज के लोगों सहित पूरे ग्राम वासियों ने इस नए जोड़े को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

पहल जंगल से भटक कर पानी की तलाश में ग्राम वाड्रफनगर की ओर आ गया था वन्य प्राणी

गांव के कुंए में गिरा हिरण, वन विभाग और ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के वाड्रफनगर फॉरेस्ट रेंज में जंगल से भटककर मादा हिरण गांव की तरफ आ पहुंचा और कुंए में जा गिरा ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम के द्वारा रेस्क्यू कर हिरण की जान बचाई गई. टीम ने हिरण का इलाज किया और फिर उसे जंगल में छोड़ दिया है.

हिरण का वन विभाग और ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू बलरामपुर÷ जिले के वाड्रफनगर फॉरेस्ट रेंज में एक हिरण जंगल से भटककर गांव में पहुंच गया. लेकिन गांव के पास आते ही हिरण गहरे कुएं में जा गिरा. स्थानीय ग्रामीणों ने आवाज आने पर जाब कुंए में गिरे हिरण को देखा, तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी. जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के मदद से हिरण का रेस्क्यू कर उसे कुंए से बाहर निकाला. हिरण का इलाज कर उसे जंगल में छोड़ दिया है. ग्रामीणों की मदद से किया हिरण का रेस्क्यू ÷ वाड्रफनगर फॉरेस्ट रेंज में वन विभाग की टीम को ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक हिरण जंगल से भटककर गांव के पास के कुएं में गिर गया है. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कुंए में उतरे. टीम ने एक रस्सी से हिरण को बांधा, जिसके बाद हिरण को खीचकर कुएं से बाहर निकाला गया. हिरण का वन विभाग ने इलाज कराया और फिर जंगल में छोड़ दिया। जंगल की आग से बचने भटक रहे वन्य प्राणी÷ गर्मी के मौसम में लगातार जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है, जिससे बचने के लिए वन्य जीव गांव की बस्तियों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं. गर्मी में जंगलों में पानी के सभी स्त्रोत भी सूख जाते हैं. कभी कभी पानी की तलाश में भी वन्य प्राणी जंगल से भटककर गांव में पहुंच जाते हैं।

अनिल अंबानी के हाथ से निकली ये कंपनी

हिंदुजा ग्रुप होगा नया मालिक, IRDAI से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। देश के सबसे अमीर इंसान मुकेश अंबानी के भाई अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को लेकर बड़ी खबर आई है. अब इसके नए मालिक हिंदुजा ग्रुप को Reliance Capital के अधिग्रहण के लिए बीमा नियामक इरडा की मंजूरी मिल गई है. रेग्युलेटर ने अनिल अंबानी की कंपनी को टेकओवर करने के लिए Hinduja Group की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड की बोली को सशर्त मंजूरी दी है.

अब अधिग्रहण का रास्ता साफ

हिंदुजा समूह की इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स को अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए लंबे समय से इरडा की मंजूरी का इंतजार था और इसी कारण इस प्रक्रिया में देरी भी हो रही थी. गौरतलब है कि रिलायंस कैपिटल की इंश्योरेंस ब्रांच में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और निप्पॉन लाइफ के साथ 51:49 संयुक्त उद्यम, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस का अधिग्रहण शामिल है. इस संबंध में शनिवार को आईआईएचएल के स्पोक्सपर्सन ने कहा है कि हमें इरडा से मंजूरी मिलने की खुशी है, हालांकि, ये अभी हमें वैधानिकऔर न्यायिक मंजूरियों/अनुपालनों के अधीन है.

Anil Ambani की रिलायंस कैपिटल को लेकर नवंबर 2021 में रिजर्व बैंक की ओर से बड़ी खबर आई थी. ऋद्ध ने कंपनी द्वारा शासन के मुद्दों और भुगतान न करने के आरोपों को लेकर इसके बोर्ड को भंग कर दिया. केंद्रीय बैंक ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए फरवरी 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं. रिलायंस कैपिटल पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज था और चार आवेदकों ने शुरू में समाधान योजनाओं के साथ बोली लगाई थी. लेकिन कर्जदारों की समिति ने कम बोली मूल्यों के लिए इन सभी योजनाओं को खारिज कर दिया और तभी से इस प्रक्रिया में लगातार देरी हो रही थी.

NCLT से पहले ही मिल चुकी है मंजूरी

इसके बाद जून 2023 में Hinduja Group की फर्म को समिति द्वारा 9,661 करोड़ रुपये की अग्रिम नकद बोली के लिए चुना गया था. रिलायंस कैपिटल का अतिरिक्त 500 करोड़ रुपये का नकद बकाया भी कर्जदारों के पास जाएगा. 9,650 करोड़ रुपये में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की फाइनेंशियल सर्विस ब्रांच के अधिग्रहण के सौदे को पहले ही बैंकिंग और पूंजी बाजार नियामकों और निष्पक्ष निगरानी संस्था सीसीआई सहित अन्य सभी वैधानिक मंजूरी मिल चुकी है. नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने 27 फरवरी, 2024 को हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड की रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की दिवाला समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी.

मिनटों में डॉउनलोड हो जाएगा फॉर्म 16... नहीं करना होगा इंतजार, ये है पूरा प्रॉसेस

नई दिल्ली। इनकम टैक्स रिटर्न भरने का सिलसिला शुरू हो चुका है, लेकिन फॉर्म 16 नहीं मिलने से कई सैलरीड टैक्सपेयर्स ये फॉर्म फाइल नहीं कर पा रहे हैं. फॉर्म 16 आपके इनकम के बारे में बताता है कि आपको कितनी सैलरी मिली है और कितना टैक्स कटा है ऐसे में ये फॉर्म आईटीआर भरने के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है. इसी तरह, 16A और 27D फॉर्म भी आईटीआर के लिए अहम है।

अगर आप भी ITR भरने जा रहे हैं और आपके पास फॉर्म 16 नहीं है या फिर आपको 16A और 27D फॉर्म की आवश्यकता है तो आइए जान लेते हैं कि इसे कैसे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. नियोक्ता या कंपनियां अक्सर फॉर्म 16 मई के अंत में या 15 जून से पहले जारी करती हैं. आइए जानते हैं इसे आसानी से कैसे डॉउनलोड कर सकते हैं.

क्या है फॉर्म 16,16A और 27D

फॉर्म 16 एक ऐसा दस्तावेज है जिसमें आयकर रिटर्न जमा करने के लिए आवश्यक सभी आवश्यक विवरण शामिल हैं. नियोक्ताओं के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के पूरा होने पर अपने कर्मचारियों को यह फॉर्म जारी करना अनिवार्य है. नियोक्ता आमतौर पर अपने कर्मचारियों को हर साल मई के अंत में या जून के मध्य से पहले फॉर्म 16 प्रदान करते हैं।

फॉर्म 16A में काटे गए टीडीएस का विवरण और नियोक्ता के पैन और टैन का त्रैमासिक विवरण और अन्य जानकारी होती है. 27D एक ऐसा फॉर्म है, जो तीन महीने के डिटेल के बारे में बताता है. यह बताता है कि सरकार को टैक्सपेयर ने टैक्स दिया है या नहीं. जिस कारण आईटीआर भरने में इन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

कहां से डॉउनलोड कर सकते हैं ये फॉर्म

वेतनभोगी कर्मचारी जिस वित्तीय वर्ष में टैक्स काटा जाता है, उसके तुरंत बाद अगले साल 15 जून को या उससे पहले नियोक्ता से फॉर्म 16 प्राप्त कर सकते हैं. फॉर्म 16 को TRACES वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, लेकिन पूरी तरह से नहीं. TRACES का मतलब TDS समाधान विश्लेषण और सुधार सक्षम प्रणाली है।

जब छोटी और बड़ी कार में होती है टक्कर! VOLVO ने वीडियो में दिखाया कैसे और कितना होता है नुकसान

नई दिल्ली। क्या हो अगर किसी बड़ी स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल और एक छोटी हैचबैक कार में टक्कर हो. सैद्धांतिक रूप से छोटी कार को इस एक्सीडेंट में ज्यादा नुकसान होगा. इतना ही नहीं छोटी कार में बैठे यात्रियों की जान पर भी बन सकती है. हालांकि ये अलग-अलग एक्सीडेंट और परिस्थितियों में इसका परिणाम भी भिन्न हो सकता है. लेकिन स्वीडन की प्रमुख कार निर्माता कंपनी Volvo ने अपनी ही दो कारों (छोटी और बड़ी) के बीच एक क्रैश टेस्ट कर ये समझाने की कोशिश की है कि, इस तरह के टक्कर में किसका और कितना नुकसान होगा.

वोल्वो ने अपनी बड़ी एसयूवी EX90 को लॉन्च करने से पहले बार-बार इस बात पर जोर दिया कि, कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी में सेफ्टी लेवल को बढ़ाने के लिए कितना काम किया है. लगभग हर नई रिलीज़ में ये बात कही गई है कि 'Vol1o EX90 में स्टैंडर्ड सेफ्टी पहले की किसी भी वोल्वो कार की तुलना में अधिक है. इतना ही नहीं वोल्वो अपनी इस कार को लेकर यह भी दावा करता आया है कि, EX90 में दी गई सेंसिंग टेक्नोलॉजी कार के बाहर और भीतर एक अदृश्य कवच की तरह काम करता है।

बुलेट नहीं... बुलेट बनाने वाली कपनी का शेयर खरीदो, 4 साल में किया 4 गुना पैसा!

नई दिल्ली। टू-व्हीलर के ज्यादातर शौकीनों की फेवरेट लिस्ट में बुलेट बाइक का नाम जरूर शामिल होता है, ये लंबे समय से बाइक मार्केट में अलग मुकाम पर काबिज है. अब इसे बनाने वाली कंपनी आयशर मोटर्स ने बड़ा ऐलान कर दिया है. दरअसल, Eicher Motors ने अपने निवेशकों को हर एक शेयर पर 51 रुपये का जोरदार डिविडेंड देने की घोषणा की है और ये सब चौथी तिमाही के शानदार नतीजों के बाद किया गया है. यानी कंपनी के प्रॉफिट के साथ ही निवेशकों की भी बल्ले-बल्ले हो गई है.

सबसे पहले बात कर लेते हैं Eicher Motors Qy Results की तो, कंपनी ने टैक्स के बाद अपने कंसोलिडेटेड प्रॉफिट में सालाना आधार पर 18 फीसदी की जोरदार बढ़त दर्ज की है और ये 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में 1070 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. इससे पिछले साल की समान तिमाही में आयशर मोटर्स ने 906 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था. कंसोलिडेटेड प्रॉफिट बढ़ने के साथ ही कंपनी के नेट रेवेन्यू में बी 12 फीसदी की तेजी आई है और वित्त वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च तिमाही में ये बढ़कर 4,256 करोड़ रुपये हो गया है. वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में रेवेन्यू का आंकड़ा 3,804 करोड़ रुपये था.

ट्रैफिक वाली बिजी सड़क पर होगा रियल लाइफ ड्राइविंग टेस्ट! इस राज्य में छरुके लिए लागू हुआ सख्त

नई दिल्ली। केरल में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना अब और भी ज्यादा मुश्किल होगा. क्योंकि केरल मोटर वाहन विभाग ने ड्राइविंग टेस्ट के नियमों में कई बड़े बदलाव किए हैं. यहां तक कि आवेदकों को अब रियल लाइफड्राइविंग टेस्ट देना होगा. यानी कि बिजी ट्रैफिक के बीच वाहन चलाकर अपनी ड्राइविंग स्किल को साबित करना होगा. इसके अलावा टेस्ट नियमों में कुछ और भी बदलाव किए गए हैं.

क्या हैं नए ड्राइविंग टेस्ट नियम?

हाल ही में केरल मोटर वाहन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया. जिसके अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों को अब वास्तविक तौर पर बिजी सड़क पर ड्राइविंग टेस्ट देना अनिवार्य होगा. इसके अलावा विभाग ने एंगुलर पार्किंग, पैरेलल पार्किंग, ज़िग-जैग ड्राइविंग जैसे कई टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है.

इसके अलावा, इस सर्कुलर में '॥' टेस्ट करने से पहले आवेदकों को ग्रेडिएंट टेस्ट से गुजरना होगा. बता दें कि, यह नियम नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों या फिर रेन्यू करवाने वाले दोनों लोगों के लिए लागू होगा. नए नियमों में यह प्रावधान जोड़ा गया है कि 15 वर्ष से ज्यादा पुरानी किसी भी कार का उपयोग ड्राइविंग टेस्ट के लिए नहीं किया जाएगा.

इलेक्ट्रिक और ऑटोमेटिक कार नहीं होंगे शामिल

इस नियम के अनुसार, टेस्ट के दौरान दोपहिया वाहन सेग्मेंट में केवल वो वाहन ही शामिल किए जाएंगे जिनकी इंजन क्षमता 95 सीसी या उससे उपर होगी. इसके अलावा चारपहिया ड्राइविंग टेस्ट इलेक्ट्रिक और ऑटोमेटिक कारों को शामिल नहीं किया जाएगा. इस नए नियम के अनुसार, टेस्टिंग वाहनों में डैशबोर्ड कैमरा और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस को इंस्टॉल करवाना अनिवार्य होगा.

मौके पर मौजूद ड्राइविंग इंस्ट्रक्टर को ड्राइविंग टेस्ट को रिकॉर्ड करना होगा, जिसके लिए उन्हें अपने पास एक मेमोरी कॉर्ड भी रखना होगा. इस रिकॉर्डिंग को स्क्क्ष्ठ सिस्टम में ट्रांसफर किया जाएगा. इतना ही नहीं, ड्राइविंग टेस्ट देने वाले आवेदक को भी अगले 3 महीनों तक रिकॉर्डिंग की एक कॉपी के तौर पर अपने पास मेमोरी कॉर्ड रखना अनिवार्य होगा.

ड्राइविंग स्कूल एसोसिएशन ने किया विरोध

हाल ही में केरल मोटर ड्राइविंग स्कूल इंस्ट्रक्टर और वर्कर्स एसोसिएशन ने केरल हाईकोर्ट में इस सर्कूलर को चुनौती दी थी. लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी दरअसल, एसोसिएशन इन नए बदलावों को चुनौतीपुर्ण मान रहा है. इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस , सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस और ऑल केरला ड्राइविंग स्कूल ओनर्स एसोसिएशन से जुड़ी यूनियनों सहित कई ड्राइविंग स्कूल एसोसिएशन ने पूरे राज्य में ड्राइविंग टेस्ट का बहिष्कार किया है।

खेल, मनोरंजन

प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी केकेआर, रोमांचक मैच में मुंबई को हराया

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के मैच नंबर-60 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया. 11 मई (शनिवार) को खेले इस मुकाबले में केकेआर ने मुंबई को जीत के लिए 158 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वह आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी. केकेआर की मौजूदा सीजन में यह 12 मैचों में नौवीं जीत रही. इस जीत के साथ ही केकेआर ने प्लेऑफ में भी अपनी जगह पक्की कर ली. केकेआर आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम है. बता दें कि ईडन गार्डन्स में काफी देर तक बारिश हुई, जिसके चलते मैच को 16-16 ओवरों का कर दिया गया था.

मुंबई इंडियंस के लिए ईशान किशन ने सबसे ज्यादा 40 रनों की पारी खेली, जिसमें पांच चौके और दो सिक्स शामिल रहे. तिलक वर्मा ने भी 5 चौके और एक सिक्स की मदद से 17 गेंदों पर हुए 32 रन बनाए. मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 22 रन बनाने थे, लेकिन हर्षित राणा ने नमन धीर और तिलक वर्मा को आउट करके मुंबई की उम्मीदें तोड़ दीं. केकेआर के लिए हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल ने दो-दो विकेट लिए.

कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस हाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर्स में सात विकेट पर 157 रन बनाए. केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर ने सबसे ज्यादा 42 रनों की पारी खेली. वेंकटेश ने इस दौरान 6 चौके और दो छक्के लगाए. नीतीश राणा ने भी 33 और आंद्रे रसेल ने 24 रनों की उपयोगी पारी खेली. मुंबई की ओर से पीयूष चावला और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट लिए. जबकि नुवान तुषारा और अंशुल कंबोज को एक-एक विकेट मिला.

इस मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस ने अपनी कॉम्बिनेशन में कोई बदलाव नहीं किया. दूसरी ओर केकेआर की प्लेइंग-11 में उप-कप्तान नीतीश राणा की वापसी हुई. ऐसे में अंगकृष रघुवंशी को बाहर बैठना पड़ा. रोहित शर्मा ने इस मैच में भी बतौर इम्पैक्ट प्लेयर भाग लिया.

ऋषभ पंत पर लगा एक मैच का बैन

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में दिल्ली कैपिटल्स को तगड़ा झटका लगा है. टीम के कप्तान ऋषभ पंत को एक मैच के लिए सस्पेंड कर दिया गया. पंत अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से बाहर रहेंगे. दिल्ली-आरसीबी का मुकाबला 12 मई को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना है.

इस मुकाबले में ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में ऑलराउंडर अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कमान संभालेंगे. दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने इस बात को कन्फर्म किया है. पोंटिंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'अक्षर पटेल कल (12 मई) के मैच में हमारे कप्तान होंगे. वह स्पष्ट तौर पर पिछले कुछ सीजन से फ्रेंचाइजी के उप-कप्तान रहे हैं. उनके पास इंटरनेशनल क्रिकेट और आईपीएल का बहुत अनुभव है. वह खेल को बहुत अच्छी तरह समझते हैं. ईमानदारी से कहूं तो वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं.'

पोंटिंग ने आगे कहा, 'ऋषभ पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, इस बारे में हमने कुछ दिन पहले बात करना शुरू कर दिया था. हमने आज अपने गेंदबाजों के साथ बैठक की. वह (अक्षर) आज रात सभी लोगों से मिलकर सभी प्लान पर विचार करेंगे और इसके साथ ही सुनिश्चित करेंगे कि वह कल टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं.'

बता दें कि ऋषभ पंत पर आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए बैन किया गया है. पंत की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफस्लो ओवर रेट के तहत गेंदबाजी की थी. यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 7 मई 2024 को

जीत के बाद कूदने लगीं सुहाना खान जूही चावला और अनन्या भी खुश

कोलकाता। ईडन गार्डंस में शनिवार रात मुंबई इंडियंस को हराकर जैसे ही कोलकाता नाइटराइडर्स आईपीएल प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बनी स्टेडियम में मौजूद सुहाना खान उनके भाई अबराब खान, अनन्या पांडे, शनाया कपूर और टीम की को-ऑनर जूही चावला की खुशी का ठिकाना नहीं था। शाहरुख खान की इकलौती बेटी सुहाना तो कूद-कूदकर जश्न मनाने लगी। टीवी पर लाइव उनकी यह खुशी पूरी दुनिया देख रही थी। केकेआर की जीत के बाद सुहाना खान ने अपनी 'ड्रीम टीम' के साथ सेल्फी भी शेयर की। मैच के दौरान की उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

ईडन गार्डंस के वीआईपी बॉक्स में बैठीं केकेआर के मालिकों की फैमिली अपनी टीम की खुशी पर बेहद खुश नजर आईं। सुहाना खान खुशी से कूदने लगीं तो जूही चावला के चेहरे की खुशी इस जीत की अहमियत बताने के लिए काफी है। इस तरह बॉक्स में बैठा हर शख्स बेहद खुश और एमिनेटेड नजर आया।

'ड्रंक डांस' के लिए ऋचा चड्ढा ने पी थी शराब, लेकिन सुस्त पड़ गया शरीर, नशे में धुत्त दिखने के चक्कर में बिगड़ा खेल

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा का कहना है कि संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हीरामंडी' में अपने डांस नंबर के लिए उन्होंने शराब पी ली थी। 'ड्रंक डांसिंग' सीक्वेंस को असल दिखाने के लिए उन्होंने थोड़ी पी ली लेकिन इससे चीजें और खराब हो गईं क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि उनका शरीर सुस्त हो रहा था। ऋचा ने कहा कि जब वह डांस नंबर फिल्मा रही थीं, तो 30-40 रीटेक के बावजूद वो इसे सही से नहीं कर पा रही थीं। तभी उन्होंने ऑफ स्क्रीन नशे में धुत्त होने का फैसला किया।

Richa Chadha ने कहा, 'पहले दिन, मुझसे नशे में नाचना नहीं हो पा रहा था। तो, 30-4श रीटेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ जिन था। मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गई। मैं शरीर से सुस्त हो रही थी, मैं ये नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी चाहती थी।' एक्ट्रेस ने कहा कि जब उन्होंने शराब पीने के बाद डांस करने की कोशिश की, तो उन्हें एहसास हुआ कि नशे का नाटक करना उनके लिए बेहतर है, क्योंकि इस तरह से उनका अपने डांस से ध्यान भटकेगा।

नशे में होने का नाटक करना बेहतर : ऋचा ने कहा, 'अगर आप इस दुनिया में कविता, संगीत और डांस के साथ बड़े हुए हैं, तो आपकी पर्सनैलिटी दूसरी होगी। इसलिए, मैंने अपने गाने के पहले दिन शराब पीने की कोशिश की, लेकिन यह मेरे काम नहीं आई। थोड़ा नशे में होने से बेहतर है कि मैं नशे में होने का नाटक करूं। यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी नाचूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी है कि मुझे उस निशान को छूना है, बातचीत करनी है। ऐसा करना मेरे लिए मज़ेदार था।'

'मैं बाथरूम में जाकर रोया', हंसल मेहता संग बिगड़े रिश्तों पर बोले मनोज बाजपेयी, अब हो रहा है पछतावा

मनोज बाजपेयी ने हाल ही एक इंटरव्यू में हंसल मेहता के साथ अनबन पर बात की है। एक्टर ने हंसल मेहता के साथ 'अलीगढ़' और 'दिल पे मत ले यार' जैसी फिल्मों में काम किया था। बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि मनोज बाजपेयी और हंसल मेहता के बीच एक बार काफी मनमुटाव हो गया था। मनोज बाजपेयी के गुस्से के कारण स्थिति और बिगड़ गई थी। सिद्धार्थ कनन से बातचीत में Manoj Bajpayee ने कहा कि अपने गुस्से पर काबू न रख पाने के कारण वह दोस्तों-अनुराग कश्यप और रामगोपाल वर्मा पर भी बरस पड़े थे। मनोज बाजपेयी ने माना कि अगर उन्होंने गुस्से पर काबू रखते हुए विनम्रता से रिएक्ट किया होता, तो वो लोग भी नाराज नहीं होते। मनोज बाजपेयी ने बताया कि ॥इठ्ठ्ह्यड्डह्य स्द्ध.द्धह्लड्ड से मतभेद के बाद वह बाथरूम में जाकर खूब रोए थे। यह तब की बात है, जब 'दिल पे मत ले यार' फिल्म के दौरान हुए प्रदर्शनकारियों ने हंसल मेहता का अपमान किया था और मुंह पर कालिख मल दी थी।

असल जिंदगी के हीरो : दृष्टिबाधित बच्चों के हौसले को सलाम

सीख... बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम कचांदूर के दो दिव्यांग छात्रों की कहानी है प्रेरणादायक, सामान्य बच्चों के बीच रहकर स्कूल में करते रहे पढ़ाई

- शारीरिक कमजोरी को बनाई सीढ़ी... हिम्मत और हौसले से दिव्यांगों ने पाया 12वीं में 77 और 82 फीसदी अंक
- नेत्रहीन छात्रों ने मोबाइल ऐप के माध्यम से सुनकर किए सिलेबस पूरा, शिक्षक और सहपाठियों का मिला साथ

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। हाल ही में रिलीज हुई अभिनेता राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत दृष्टिबाधित दिव्यांगों के जीवन पर आधारित है। कैसे एक दृष्टि बाधित छात्र नॉर्मल बच्चों के बीच पढ़ाई करता है और आगे चलकर अपनी खुद की कंपनी खड़ी करता है और वहीं अपने जैसे दिव्यांगों को काम देकर उनकी जिंदगी संवारता है। दुनिया के सामने बराबरी का दर्जा देता है।

इस फिल्म की कहानी असल जिंदगी पर आधारित है, जो लोगों को प्रेरणा दे रही है। ऐसी ही कुछ कहानी बालोद जिले में भी सामने आई है। जहां पर सामान्य स्कूल में पढ़ाई कर दो दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों ने 12वीं में 77 और 82 फीसदी अंक हासिल करके लोगों को चौंकाया है।

इनकी परिस्थिति की खास बात यह है कि ये बच्चे अलग से ब्रेल लिपि में नहीं, बल्कि सामान्य बच्चों के साथ गुण्डरदेही ब्लॉक के कचांदूर के हायर सेकंडरी स्कूल में ही पढ़ा करते थे। उन्हें कचांदूर के आवासीय स्कूल में रहने की सुविधा मिली थी। जहां उन्हें दिव्यांग शिक्षक विशेष मार्गदर्शन देते थे। वहीं जिस स्कूल में पढ़ाई करते थे वहां के सहपाठी बच्चों और शिक्षकों का भी पूरा साथ और समर्थन मिलता रहा। फिर क्या था सभी के सहयोग से दोनों दिव्यांग बच्चों ने पूरी तरह लक्ष्य को पाने जी तोड़ मेहनत की और सामान्य बच्चों को पीछे छोड़ते हुए 12वीं की बोर्ड परीक्षा में खेमलाल यादव ने 77 और प्रियांशु सोनकर ने 82 फीसदी अंक हासिल कर एक आदर्श प्रस्तुत किया।

स्कूल से मिली जानकारी अनुसार दोनों कला संकाय के विद्यार्थी हैं। बता दें कि बच्चे मूलतः ग्राम सुखरी (अर्जुनी) के खेमलाल यादव हैं जिन्होंने 77 प्रतिशत और गुंडरदेही से वार्ड 8 निवासी प्रियांशु सोनकर ने 82 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल के अनुसार अब तक कचांदूर स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांगों का प्रतिशत 70 से 74 तक रहा था, लेकिन इस बार दोनों बच्चों ने पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया रिकार्ड बनाया है।

चर्चा में बच्चों ने बताया शारीरिक कमजोरी के साथ अध्ययन सत्र के दौरान आने वाली चुनौतियों को वे किस तरह स्वीकार किया और विषयों का अध्ययन कर याद रखा। ये सब उनके लिए इतना आसान नहीं था। दोनों बच्चे नेत्रहीन हैं। सामान्य बच्चों के बीच बिना किसी ब्रेल लिपि की मदद लिए पढ़ाई को स्वीकारा। पर वे आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर लक्ष्य की ओर बढ़े।

.ऐसे ली तकनीक की मदद, दोस्त का मिला साथ

बता दें कि आज के नए यंत्र, तकनीकी सुविधा इंस्टा रीडर नाम के एक ऐप के जरिए अपनी कठिनाई दूर की। जो विशेष कर ब्लाइंड बच्चों के लिए बनाया गया है। उसका इस्तेमाल कर पुस्तक को ऑडियो बुक में कन्वर्ट करते थे। फिर कंप्यूटर या मोबाइल के जरिए सुनकर हॉस्टल या स्कूल में ही अपना सिलेबस पूरा कर पढ़ाई करते थे। क्लास में शिक्षक जब पढ़ाते थे तो उन्हें ध्यान से सुनते। मन और दिमाग की एकाग्रता बनाए रखते थे, ताकि पढ़ाई से भटकाव ना हो। दोनों बच्चों ने बताया कि उनका एक सहपाठी मोनिश साहू का उन्हें लगातार साथ मिला। वह छात्र खुद पढ़ता था और साथ ही दोनों को पढ़कर पुस्तकों को सुनाता था। इस तरह पढ़ाई में वह हमारी पूरी मदद करता था।

समावेशी शिक्षा से मिली बड़ी मदद, जिले का नाम रौशन

आवासीय प्रशिक्षण केंद्र कचांदूर के दोनों दिव्यांग बच्चों ने 12वीं की परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। छात्र खेमलाल पिता झुम्मन यादव ग्राम सुखरी और प्रियांशु सोनकर पिता शत्रुघन सोनकर गुण्डरदेही की उपलब्धि संस्था के लिए भी गौरव की बात है। दोनों दिव्यांग छात्रआवासीय प्रशिक्षण केंद्र कचांदूर में रहकर पढ़ाई करते थे। केंद्र में इनकी शिक्षा को आसान बनाने के लिए नवीन टेक्नोलॉजी का उपयोग कराया गया। पढ़ाई के लिए बच्चों को कंप्यूटर में टाइपिंग के माध्यम से अपने लिखने-पढ़ने का कार्य कराया जाता रहा।

एक किसान और दूसरा सब्जी बेचने वाले की संतान

सुखरी का रहने वाला खेमलाल यादव के पिता झुम्मन यादव खेती किसानी करते हैं। उनके बड़े भैया वेल्डिंग कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने अपनी कमजोरी को मात देकर पढ़ाई में मन लगाए रखा, जिसके कारण चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने आज 12वीं कला संकाय में 77 प्रतिशत अंक लाया है। दूसरा छात्र प्रियांशु सोनकर सब्जी बेचने वाले सोनकर परिवार का बेटा है। उनके माता-पिता दोनों बाड़ी में काम करते हैं उसके बाद बाजार बेचने जाते हैं।

एक बचपन से दृष्टि बाधित.. तो दूसरे की दसवीं के बाद गई आंख की रोशनी

खेमलाल यादव जहां बचपन से दृष्टि बाधित हैं यानी उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं देता है, तो वहीं प्रियांशु की कहानी अलग है। उसे दसवीं तक तो सब दिख रहा था। पहले वह गुण्डरदेही के स्कूल में ही अन्य बच्चों के बीच पढ़ाई करता था, लेकिन अचानक 11वीं कक्षा में उसकी रेटिना की रोशनी कम होने लगी। कई जगह इलाज कराया, पर सफलता नहीं मिली। अंत में उनकी आंखों की रोशनी चली गई। वह पढ़ाई छोड़ दी। वह निराशा भरी जिंदगी जीने लगा, इसी बीच उन्हें कचांदुर के दिव्यांग स्कूल की जानकारी मिली तो प्रियांशु वहां एडमिशन ले लिया। बताया कि पहले वह विज्ञान की पढ़ाई कर रहा था। नेत्रबाधित होने के बाद कला संकाय से पढ़ाई शुरू की। बुलंद हौसले से चुनौतियां स्वीकारी। उन्होंने भूगोल में 96, तो इतिहास में 90 अंक हासिल किया है। दोनों बच्चे कहते हैं कि आगे भी इसी तरह से मेहनत कर कॉलेज पूरा करेंगे। सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे।

कम्प्यूटर शिक्षक ने दिए बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन

उनके बेहतर शिक्षा के लिए संस्था के कम्प्यूटर शिक्षक अरविन्द शर्मा ने उनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए एक अनुकूल वातावरण का निर्माण किया। उनके सतत प्रयास और निगरानी में छात्र बेहतर प्रदर्शन कर पाए। इसके पूर्व में भी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन इस वर्ष का यह प्रतिशत अनुमान से अधिक रहा।

समाज कल्याण करेगा सम्मान

मामले पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इन दोनों छात्रों का विभाग द्वारा सम्मान किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदूर की प्राचार्या प्रीति मुले ने दिव्यांग छात्रों की उपलब्धि की सराहना की है। इस बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्था के कम्प्यूटर शिक्षक अरविन्द शर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डिहार सिंह देशमुख, दरवेश आनन्द, संस्था के पूर्व प्रभारी शिक्षक विक्रम साहू, परमेश्वर साहू, पूर्व सरपंच संतोष चंद्राकर एवं संस्था की वॉर्डन बिंदू साहू सहित अन्य लोगों ने भी इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

न्यूज गैलरी

राजधानी में हुई देर रात तलवारबाजी, 4 घायल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में देर रात तलवारबाजी हुई है। इस हिंसक झड़प में किसी के सिर, नाक और पीठ पर तलवार से चोटें आई। घटना में पिता, पुत्र समेत 4 लोग घायल हुए हैं। यह पूरा मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, कॉलेज की पुरानी रंजिश के चलते रायपुर के अवंति विहार स्थित विजय चौक पर देर रात तलवारबाजी हुई। तलवारबाजी में देवेंद्र नगर निवासी पिता, पुत्र समेत 4 लोग घायल हुए। जिसमें घायल पिता अनीस, बेटा लक्की, फज़ल और सौरभ को आई चोटें आई है। मामले में घायलों ने उत्पल भट्टाचार्य और उसके बेटे आदर्श भट्टाचार्य समेत उसके साथियों पर तलवारबाजी का आरोप लगाया गया है। घटना में घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। मामले में शिकायत मिलने के बाद खम्हारडीह पुलिस जांच में जुट गई है।

दो बाइक सवार आपस में भिड़े : गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा अंडर ब्रिज में भीषण सड़क हादसा हुआ हैं. दो बाइक सवार की आपस में भिड़ंत हो गई. बता दें कि अंडर ब्रिज के लास्ट टर्निंग के पास ये बड़ा हादसा हुआ हैं.जानकारी के अनुसार एसपी साइन सवार नाबालिक दो बालक अंडर ब्रिज से होकर शासाहोली की ओर जा रहे थे तभी शासाहोली की ओर से तिल्दा आ रहे पल्सर सवार बिज्जू मरकाम आ रहा था तभी दोनो की भिड़त हो गई. बिज्जु मरकाम के पैर और शिर में गंभीर चोटे आई है वहीं नाबालिक बाइक सवार बालाको के हाथ पैर में चोटे आई है.

महिला को दी गई जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। कटोरातालाब के पास पूर्व विवाद को लेकर दो महिलाओं ने एक महिला से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थियाा मीना लक्षवानी 59 वर्ष कटोरातालाब की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया साधना धनवानी और लक्ष्मी उदासी ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नगदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 70 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेन्द्र देवांगन 38 वर्ष ग्राम सांकरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 70 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए।

रायपुर समेत कई जिलों में झमाझम बारिश

मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट; बिजली गिरने की भी आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। लगभग पूरे छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है। रविवार को रायपुर से लेकर बस्तर तक झमाझम बारिश हुई है। वहीं अगले 5 दिनों में छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ कई इलाकों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने 15 मई तक के लिए यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 24 घंटे के बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट हो सकती है। शनिवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री बेमेतरा में रिकॉर्ड किया गया । वहीं, सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 20.3 डिग्री दर्ज किया गया।

इन जिलों में रात 10 बजे तक ऑरेंज अलर्ट

बालोद, बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, जशपुर, कबीरधाम, कांकेर, खैरगढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागांव, महासमुंद, मुंगेली, नारायणपुर, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव सुकमा में बिजली चमकने के साथ भारी बारिश के आसार हैं।

कल से 2 दिन तक गरज-चमक के आसार

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पड़ने की गतिविधियां और बढ़ेंगी। इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे।

इसलिए हो रही बारिश...

उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात है। यहां से मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ में भी इसका असर दिख रहा है।

प्रोफेसर कालोनी से चोरी करने वाले 2 शातिर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन लाल पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहा है अभियान के तहत सोने चांदी के जेवर चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई !

प्रार्थी कोतरानी सतीश बाबू पिता सूर्य नारायण उम्र 52 वर्ष निवासी सेक्टर 3 काली मंदिर के पीछे प्रोफेसर कॉलोनी थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के पिता की मृत्यु होने से उनके पैतृक गांव अब्दंकी जिला बापतला अंद्रप्रदेश गए थे दिनांक 05.05.24 को काम वाली बाई यशोदा देवी ने फोन कर बताया कि घर के दरवाजा कुंडी निकला हुआ दरवाजा खुला है।

घर आकर अलमारी व घर को चेक किया तो अलमारी में रखे कुछ सोने की इयर दो जोड़ी 4 ग्राम कमती 10000, चांदी का पायल एक जोड़ी ,चांदी का पूजा सामान, दो नग गिलास,दो पीस चम्मच ,चार पीस कटोरी,एक प्लेट, एक घंटी,तीन नग दिया, एक नग लोटा कुल वजन 200 ग्राम कीमती करीबन 15000, नगदी रकम लगभग 10000 रुपए,एक लैपटॉप एसर कंपनी का कीमती 10000,एक टैब पैनासोनिक कंपनी का कीमती 10000 ,एक नग घडी कीमती 1000,एक नग कैमरा सोनी कंपनी का कीमती 5000 एक नाग डीवीडी व स्पीकर फिलिप्स कंपनी का कीमती देश 2000, एक नग लड्डू गोपाल पीतल का की मूर्ति, गाय की मूर्ति ,एकनाथ तांबे का लोटा जिसमें सिक्का भरा कीमती1000 स्कूल बैग कीमती 500, ट्रॉली बैग कीमती 3000,कुल जुमला 67500 रुपए को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 206/2024 धारा 457.380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हादसे के तत्काल बाद प्रारंभिक चिकित्सा मिलने से बढ़ जाते हैं बचने के आसार

- 3 दिनी नेशनल ट्रामा लाइफ सपोर्ट प्रोवाइडर कोर्स का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ प्रदेश में सुपर स्पेशलिटी ट्रॉमा सेंटर के रूप में स्थापित एक विख्यात नाम बन चुका है, दुर्घटनाएं अनचाही एवं अघोषित होती हैं, किसी भी दुर्घटना के तत्पश्चात यदि मरीज को सही समय पर जिसे हम मेडिकल की भाषा में गोल्डन आवर्स के नाम से भी जानते हैं इस गोल्डन ऑवर में यदि मरीज को पर्याप्त प्रारंभिक चिकित्सा मिल जाए या मरीज सही तरीके से अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो उसके बचने के आसार बढ़ जाते हैं, इसी के सार्थक प्रभाव को समझने हेतु रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग के एचओडी डॉ संतोष कुमार सिंह द्वारा 3 दिवसीय 'नेशनल ट्रामा लाइफसपोर्ट प्रोवाइडर' कोर्स का आयोजन किया गया है, इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न अस्पताल के डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को सड़क दुर्घटना के बाद प्री-हॉस्पिटल ट्रांसपोर्टेशन और अस्पताल पहुंचने के पश्चात घायल मरीज के इलाज संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया, प्रशिक्षण में प्रोग्राम डायरेक्टर Dr. T.S. Srinath Kumar, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के आपातकालीन विभाग के एचओडी Dr. Santosh Kumar Singh, लीडइंस्ट्रक्टर Dr. Shaik Manzoor Eilahi, Dr. Ajay Kumar Mishra, Dr. Ramani Sekar Anbalagan, Mr. Manickavasagam R की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के आपातकालीन विभाग ने SEMI (सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया) के साथ मिलकर किया, जो ट्रॉमा केयर में शामिल डॉक्टरों, नर्सो, पैरामेडिकल स्टाफको एक संपूर्ण ट्रॉमा एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करती है एवं आपातकाल में रिस्क को कम करने के लिए आघात प्रबंधन करने का अनुभव प्रदान करती है।

आघात के साथ सबसे बड़ी बात यह है कि 18-40 वर्ष के बीच लोगों में अधिक पाया गया है। दुर्घटना से मरीज के पूरे परिवार को मानसिक व आर्थिक रूप से बहुत हानि होती है।

अगर आप आंकड़ों में नजर डाले तो साल 2022 में भारत में करीब 4,61,312 सड़क दुर्घटना हुई जिसमें 1,68,491 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 4,43,366

लोग घायल हुए एवं वर्ष 2021 में 4,13,000 सड़क दुर्घटनाएं हुई । इसमें 3,85,000 लोग घायल हुए 1,53,000 लोग मारे गए ।

वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 11.9%, मृत्यु में 9.4% और चोटों में 15.3% की वृद्धि हुई ।

आंकड़ों को देखते हुए हम यह कह सकते है कि सड़क दुर्घटना कोरोना से भी ज्यादा भयावह है।

डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण बहुत कारगर साबित हो सकते हैं और हम निरन्तर इस तरह का प्रयास प्रशिक्षण के रूप में करते रहेंगे, जिसमें सड़क दुर्घटना से होने वाले मौत व नुकसान को कम किया जा सके। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे, 35 वर्षों से भी अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में विख्यात हैं जिन्होंने अपने कठिन परिश्रमों व प्रयासों से रामकृष्ण केयर अस्पताल को श्रेष्ठ व विश्वस्तरीय हॉस्पिटल का स्थान दिलाया।